3 राजधानी
दिल्ली में लगा रेहड़ी पटरी वालों का मेला

6 अभिमत
बिजली विधेयक से सुधार की उम्मीदें

9 राष्ट्रीय
हैदराबाद हवाईअड्डे पर 4.33 किग्रा. सोना जब्त

10 विदेश
पाकिस्तान में श्रीलंका जैसे संकट की चेतावनी

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 254
नई दिल्ली, शनिवार, 23 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




नीरज पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में
स्पोर्ट्स-12

# दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

- आप सरकार की आबकारी नीति में नियमों के उल्लंघन व खामियों को लेकर एलजी सक्सेना ने की सिफारिश
- सीबीआई व ईडी के जरिए रोका जा रहा पार्टी का रास्ता पंजाब जीत से डरे हुए हैं प्रधानमंत्री मोदीः आप




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की आम आदमी पार्टी सरकार और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मुसीबत में फंसते दिख रहे हैं। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति 2021-22 में नियमों के कथित उल्लंघन तथा प्रक्रियागत खामियों को लेकर इसकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की सिफारिश की है। यह विभाग सिसोदिया के पास है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने एलजी के इस कदम की कड़ी आलोचना की और कहा कि केंद्र सरकार एक-एक कर उनके विधायकों-मंत्रियों को जेल में डालने की साजिश रच रही है।

पीएम मोदी अन्य राज्यों में उसकी सफलता से डरे हुए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली के मुख्य सचिव की इस महीने की शुरुआत में सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। इस रिपोर्ट से प्रथम दृष्टया राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) अधिनियम 1991, व्यापारिक लेनदेन की नियमावली-1993, दिल्ली आबकारी अधिनियम, 2009 और दिल्ली आबकारी नियम, 2010 के उल्लंघनों का पता चलता है। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट की एक प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा रिपोर्ट में शराब के ठेकों के लाइसेंसधारियों को अनुचित लाभ देने के लिए जानबूझकर और घोर प्रक्रियागत खामियां होने का भी जिक्र है। इस बीच, आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय एजेंसियां दिल्ली सरकार को आगे बढ़ने से रोकने के लिए उसके हर मंत्री के खिलाफ जांच कराएंगी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब में आप की शानदार जीत के बाद से ही पार्टी के संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से डरे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि उपराज्यपाल को शीर्ष राजनीतिक स्तर पर वित्तीय रियायतें दिए जाने के ठोस संकेत मिले ( शेष पेज 8 )

## ईमानदार सिसोदिया को गिरफ्तार करने की हो रही साजिशः केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** में आम आदमी पार्टी सरकार की आबकारी नीति में नियमों के उल्लंघन व अन्य खामियों को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के सीबीआई जांच की सिफारिश पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तगड़ा हमला बोला और दावा किया कि सीबीआई के जरिए कट्टर ईमानदार उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को झूठे मामले में फंसाया जाएगा और कुछ दिनों में गिरफ्तार भी किया जा सकता है। केजरीवाल ने कहा कि मुझे पता चला है कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ मामले को सीबीआई के पास भेजा गया है और वह उन्हें कुछ दिनों में गिरफ्तार करने वाली है। इस मामले में लेशमात्र भी सच्चाई नहीं है। अदालत के समक्ष यह मामला टिक नहीं पाएगा। मनीष कट्टर ईमानदार व्यक्ति हैं। वह उन्हें 22 साल से जानते हैं। जांच में सिसोदिया पाक-साफ साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता जेल जाने से नहीं डरते, क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। आप प्रमुख ने कहा कि यह इस देश के लिए बहुत दुख की बात है कि उपराज्यपाल ने देश के सबसे लोकप्रिय शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को फर्जी मामले में फंसाने के लिए सीबीआई जांच की सिफारिश की है।

# बेटियों का रहा दबदबा

- सीबीएसई ने परीक्षा परिणाम किए घोषित,10वी 94.4 व 12वीं में 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण
- पिछले साल के मुकाबले उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में 4.64 प्रतिशत की गिरावट आई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार परिणामों में छात्राओं का दबदबा रहा । दोनों में छात्राओं का पास प्रतिशत छात्रों के मुकाबले बेहतर रहा है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए, जिसमें लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।

हालांकि, पिछले साल के मुकाबले उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में 4.64 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके बावजूद 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में पिछले साल के मुकाबले इजाफ हुआ है। उधर, 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी। हालांकि, पिछले साल के 99.37 प्रतिशत के मुकाबले इस साल 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण ( शेष पेज 8 )

## नोएडा के टॉपरों की कहानी उनकी जुबानी

**रिंकू यादव।** नोएडा

- पांच घंटे पढ़ती थीं युवाक्षी तो मयंक ने टाइम मैनेजमेंट को दिया महत्व

**12वीं** और 10वीं के अधिकांश स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। नोएडा के एमिटी स्कूल की छात्रा युवाक्षी विग 12वीं की टॉपर हैं और उन्हें 100 प्रतिशत अंक मिले है। मयंक भी एमिटी के छात्र है और 10वीं क्लास के टॉपर हैं उन्हें भी 100 प्रतिशत अंक मिले हैं। हालांकि दोनों के पढ़ाई करने का तरीका काफी कुछ मिलता-जुलता है।

सबसे पहले हम युवाक्षी की बात करते हैं। उनका मानना है कि दिन भर पढ़ाई का कोई मतलब नहीं है। इसके लिए पांच घंटे ही काफी है लेकिन पढ़ाई जितनी देर की जाए वह लगन से हो। क्लीनिकल मनो चिकित्सक बनने की इच्छा रखने वाली युवाक्षी कहते हैं कि सोशल मीडिया भी ज्ञान का भंडार है, लेकिन उसका सही तरीके से इस्तेमाल करना जरूरी है।

समय मिलने पर विषय को गहराई से समझने के लिए वे इंटरनेट का सहारा लेती है। अपनी कामयाबी का श्रेय शिक्षकों को देते हुए युवाक्षी ने कहा कि उन्होंने हमेशा मेरे सभी सवालों का ( शेष पेज 8 )

# येदियुरप्पा ने दिए सक्रिय राजनीति छोड़ने के संकेत

- भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद अपने गढ़ शिकारीपुरा से बेटे को विस चुनाव लड़ाने का किया ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

**कर्नाटक** के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें 2006-07 में कई एकड़ भूमि को डी-नोटिफाई करने के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट से यह राहत मिलने के तुरंत बाद कर्नाटक के चार बार के मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने यह कहते हुए सक्रिय राजनीति छोड़ने का संकेत दिया कि उनके दूसरे बेटे बीवाई विजयेंद्र शिमोगा जिले में अपने परिवार के गढ़ शिकारीपुरा से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। येदियुरप्पा इस निर्वाचन क्षेत्र से 1983 से अब तक आठ बार जीत चुके हैं। उन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह आपने मेरा समर्थन किया है, उसी प्रकार विजयेंद्र का भी साथ देंगे। हमें यह सुनिश्चित करना है कि वह एक लाख से अधिक वोट हासिल करें।

हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की बेंच ने येदियुरप्पा की ओर से दायर स्पेशल लीव पिटीशन पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की सदस्यता वाली इस पीठ ने येदियुरप्पा का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता के.वी. विश्वनाथन की बहस सुनने के बाद अपना निर्णय सुनाया। विश्वनाथन ने तर्क दिया ( शेष पेज 8 )

# ममता के अनदेखी के दावे से सहमत नहीं विपक्षी दल

- उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के चयन में ही बिखरा-बिखरा दिख रहा विपक्ष
- कई नेताओं ने कहा- तृणमूल अध्यक्ष ने सोनिया गांधी से किया था संयुक्त उम्मीदवार को समर्थन का वादा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने दावा किया है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में मार्गरेट अल्वा को चुनने के लिए उनसे सलाह नहीं ली गई, लेकिन विपक्षी नेता उनके इस दावे से सहमत नहीं हैं।

अल्वा का समर्थन करने से ममता के इनकार से हैरान कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं का कहना है कि राकांपा प्रमुख शरद पवार द्वारा अल्वा के नाम की घोषणा से तीन दिन पहले तृणमूल प्रमुख ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्षी दलों की ओर से किसी भी उम्मीदवार का समर्थन करने का आश्वासन दिया था। दिल्ली में शरद पवार द्वारा आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में अल्वा के नाम को अंतिम रूप दिया गया। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में भाग नहीं लिया था और पवार ममता बनर्जी से संपर्क नहीं कर सके, क्योंकि व्यस्तता के कारण ममता ने उनका फोन नहीं उठाया।

विपक्षी दलों से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने उपराष्ट्रपति चुनाव पर चर्चा करने के लिए 15 जुलाई की दोपहर ममता बनर्जी को फोन किया था। तृणमूल प्रमुख ने सोनिया गांधी से कहा कि उनके मन में कोई उम्मीदवार नहीं है और वह विपक्षी दलों की ओर से आम सहमति वाले किसी भी उम्मीदवार का समर्थन करेंगी, लेकिन एनडीए द्वारा 16 जुलाई को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को अपना उम्मीदवार घोषित करने के बाद, सोनिया गांधी ने ममता बनर्जी को उपराष्ट्रपति चुनाव पर चर्चा करने के लिए एक संदेश भेजा, लेकिन टीएमसी प्रमुख ने इसका जवाब नहीं दिया। सूत्रों ने कहा कि जब 18 जुलाई को उम्मीदवार का नाम तय करने के लिए पवार के आवास पर विपक्षी नेताओं की बैठक हुई तो इसमें कोई टीएमसी नेता मौजूद नहीं था। इसके बाद पवार ने ममता बनर्जी को फोन किया, लेकिन करीब 30 मिनट तक इंतजार के बाद भी वह फोन लाइन पर नहीं आईं।

तीन दिन बाद तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और ममता बनर्जी के सर्वशक्तिमान भतीजे ने घोषणा की कि टीएमसी उपराष्ट्रपति चुनाव में भाग नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार का समर्थन करने का सवाल ही नहीं उठता और जिस तरह से विपक्षी उम्मीदवार का फैसला बिना उचित परामर्श और विचार-विमर्श के एक पार्टी के साथ किया गया, हमने सर्वसम्मति से मतदान प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है। तृणमूल कांग्रेस के दोनों सदनों में 35 सांसद ( शेष पेज 8 )

# अग्निपथ पर चर्चा नहीं होने पर विपक्षी सांसद बैठक से निकले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- जुएल उरांव की अध्यक्षता में बुलाई गई थी रक्षा मुद्दों पर स्थायी समिति की बैठक

**संसद** में पिछले पांच दिनों से सशस्त्र बलों में अग्निपथ भर्ती नीति के खिलाफ विरोध के बाद तीनों विपक्षी सदस्यों ने शुक्रवार को रक्षा संसदीय समिति की बैठक से यह दावा करते हुए बाहर चले कि उनके आग्रह के बाद भी नई नीति पर चर्चा नहीं की गई और उनको इसकी अनुमति नहीं दी गई। केंद्र सरकार ने अग्निपथ नीति को परिवर्तनकारी करार देते हुए इसे 14 जून को लागू किया था, जिसके खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और कई विपक्षी दलों ने इसे वापस लेने की मांग की।

हालांकि सरकार ने इसे समाप्त करने से इनकार किया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जुएल उरांव की अध्यक्षता वाली इस स्थाई समिति की बैठक से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य कुंवर दानिश अली और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और उत्तम कुमार रेड्डी बाहर निकल गए। सूत्रों के अनुसार, बैठक की शुरुआत होने पर बसपा सांसद दानिश अली ने अग्निपथ पर पहले चर्चा करने की मांग उठाई, जिसे अध्यक्ष उरांव ने अस्वीकार कर दिया। इसके बाद कांग्रेस के सदस्यों ने भी यह मांग उठाई। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी सदस्यों के आग्रह पर समिति के अध्यक्ष ने उनसे कहा कि वे अग्निपथ के विषय को संसद में उठाएं।

सूत्रों के अनुसार, विपक्षी सदस्यों ने दलील दी कि समिति में यह विषय उठाए जाने की उनकी मांग जायज है, क्योंकि अग्निपथ योजना सेना से संबंधित है और उनकी मांग को नहीं माना जाना बतौर सदस्य उनके विशेषाधिकारों का हनन है। बैठक से बाहर आने के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव और समिति के सदस्य के सी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, उत्तम कुमार रेड्डी, कुंवर दानिश अली और मैं रक्षा ( शेष पेज 8 )

# केरल में मंकीपॉक्स का तीसरा मामला सामने आया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** में मंकीपॉक्स का तीसरा मामला सामने आया है। जुलाई की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटे एक 35 वर्षीय युवक में मंकीपॉक्स के संक्रमण की पुष्टि हुई है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने बताया कि मलप्पुरम का रहने वाला युवक छह जुलाई को अपने गृह राज्य लौटा था और उसे 13 जुलाई से बुखार है। युवक का इलाज तिरुवनंतपुरम के मंजेरी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जॉर्ज के मुताबिक, युवक की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि संक्रमित के संपर्क में रहे लोगों पर करीबी नजर रखी जा रही है और उनकी हालत भी स्थिर है। हालांकि, जॉर्ज ने स्पष्ट किया कि मंकीपॉक्स को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि राज्य भर में जांच और निगरानी बढ़ा दी गई है। तिरुवनंतपुरम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद मंत्री ने कहा, हर किसी को मंकीपॉक्स के बारे में जानकारी होनी चाहिए। सभी जिलों में पृथकवास केंद्रों ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 56,072 | ↑ 390 | |
| निफ्टी | 16,719 | ↑ 114 | |
| सोना | 50,341 | ↑ 594 | /10g |
| चांदी | 55,164 | ↑ 998 | /kg |

## क्विक न्यूज

### आयकर रिटर्न भरने की समय सीमा बढ़ाने की योजना नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार आयकर रिटर्न भरने की 31 जुलाई की समयसीमा आगे बढ़ाने पर विचार नही कर रही है। उसका मानना है कि ज्यादातर रिटर्न निर्धारित तिथि तक भर दिए जाएंगे। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने शुक्रवार को कहा कि 20 जुलाई तक वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 2.3 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न भरे जा चुके है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 के लिए करीब 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न भरे गए थे। पिछले साल सरकार ने रिटर्न भरने की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ाई थी। बजाज ने पीटीआई-भाषा से कहा, लोग सोचते है कि आयकर रिटर्न भरने की समयसीमा हर बार बढ़ती है। इसीलिए वे शुरू में रिटर्न दाखिल करने में कुछ सुस्ती दिखाते हैं।

# भर्ती घोटालाः टीएमसी मंत्रियों समेत कई के यहां ईडी के छापे

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

- ईडी ने शुक्रवार सुबह एक साथ 14 स्थानों पर शुरू की कार्रवाई

**पश्चिम** बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले में पैसों के लेन-देन की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों के घरों सहित बंगाल के 14 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और उद्योग मंत्री पार्थो चटर्जी, उनके सहयोगी मंत्री परेश अधिकारी, पार्टी विधायक माणिक भट्टाचार्य और शिक्षा विभाग के पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों पर एक साथ छापे की कार्रवाई की।

ईडी की छापेमारी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बामुश्किल एक दिन बाद हुई, जिसमें उन्होंने अपनी पार्टी के लोगों से केंद्रीय एजेंसियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए कहा था। ममता ने कहा था कि तृणमूल कांग्रेस को परेशान करने और बदनाम करने की यह भाजपा सरकार की साजिश है। ईडी ने कनिष्ठ शिक्षा मंत्री अधिकारी के घर, नकटला में चटर्जी के घर और कोलकाता के जादवपुर में भट्टाचार्य के आवास पर शुक्रवार की सुबह एक साथ छापेमारी की गई। एक रिपोर्ट के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई 14 घंटे बाद भी जारी थी।

भट्टाचार्य को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पहले ही प्राथमिक शिक्षक भर्ती बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष को अपने पद से इस्तीफा देने का आदेश दिया था। स्कूल सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष, शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक एसपी सिन्हा तत्कालीन राज्य शिक्षा मंत्री ( शेष पेज 8 )

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारः अजय देवगन व सूर्या सर्वश्रेष्ठ अभिनेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## सोरारई पोटरु सबसे अच्छी फिल्म





**शुक्रवार** को 2020 के लिए घोषित 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में तमिल भाषा की सोरारई पोटरु ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता व सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता। अजय देवगन की मुख्य भूमिका वाली तान्हाजी : द अनसंग वारियर ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय मनोरंजक फिल्म का पुरस्कार जीता।

ओम दत्त द्वारा निर्देशित तान्हाजी... छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना के सेनापति तानाजी मालुसारे के जीवन पर आधारित है। 17वीं शताब्दी के दौर पर आधारित फिल्म के लिए नचिकेत बर्वे और महेश शेरला ने सर्वश्रेष्ठ कॉस्ट्यूम डिजाइनर का पुरस्कार भी जीता। देवगन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार सूर्या के साथ साझा किया। सूर्या को सोरारई पोटरु के लिए यह पुरस्कार दिया गया। फिल्म एयर डेक्कन के संस्थापक कैप्टन जी आर गोपीनाथ के जीवन से प्रेरित है। इसी फिल्म के लिए अपर्णा बालामुरली ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। बॉलीवुड अभिनेता को पूर्व में जख्म (1998) और द लीजेंड ऑफ भगत सिंह (2002) में उनकी दमदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अभिनेता ने कहा कि वह तीसरी बार यह सम्मान पाकर बेहद प्रसन्न हैं। देवगन ने एक बयान में कहा, मैं 68वें राष्ट्रीय पुरस्कार में तान्हाजी-द अनसंग वारियर के लिए सूर्या (सोरारई पोटरू के लिए) के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने को लेकर उत्साहित हूं। मैं सभी का शुक्रिया अदा करता हूं, विशेषकर अपनी रचनात्मक टीम, दर्शकों और अपने प्रशंसकों का। मैं अपने माता-पिता और ईश्वर के आशीर्वाद के लिए उनका भी आभार व्यक्त करता हूं। अन्य सभी विजेताओं को बधाई। सोरारई पोटारू के लिए शालिनी उषा नायर व निर्देशक सुधा कोंगारा ने सर्वश्रेष्ठ पटकथा तथा जी वी प्रकाश कुमार ने सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक (बैकग्राउंड स्कोर) का पुरस्कार जीता। दिवंगत मलयालम फिल्मकार सच्चिदानंदन केआर को ए के अयप्पनम कोशियम के लिए मरणोपरांत सर्वश्रेष्ठ निर्देशक घोषित किया गया। फिल्म के लिए बीजू मेनन ने सर्वश्रेष्ठ सह कलाकार का पुरस्कार जीता।

इसी फिल्म को सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशन (स्टंट कोरियोग्राफी) का भी पुरस्कार दिया गया। ए के अयप्पनम कोशियम के लिए ननचम्मा को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका का पुरस्कार दिया गया। मराठी फिल्म मी वसंतराव के लिए राहुल देशपांडे को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का पुरस्कार दिया गया। तमिल फिल्म शिवरंजनियम इन्नम सिला पेंगाल्लम के लिए तमिल कलाकार लक्ष्मी प्रिया चंद्रमौली को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के लिए श्रीकर प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ संपादन का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार मृदुल तुलसीदास द्वारा निर्देशित तुलसीदास जूनियर को दिया गया। आशुतोष गोवारिकर के बैनर तले बनी इस फिल्म में दिवंगत कलाकार राजीव कपूर आखिरी बार पर्दे पर दिखे। इस फिल्म के लिए बाल कलाकार वरुण बुद्धदेव को स्पेशल जूरी मेंशन पुरस्कार दिया गया। संगीत श्रेणी में, थमन एस ने अल्लू अर्जुन की तेलुगु हिट अला वैकुंठपुरमुलु के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (गीत) का पुरस्कार जीता, जबकि हिंदी फिल्म साइना के लिए मनोज मुंतशिर को सर्वश्रेष्ठ गीतकार का पुरस्कार दिया गया। राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 10 सदस्ईय जूरी की अध्यक्षता हिंदी फिल्मकार विपुल शाह ने की। जूरी के सदस्य धरम गुलाटी ने पुरस्कारों की घोषणा की।

# सीबीएसई परिणाम में एनसीआर के बच्चों का जलवा

## डीपीएस की तन्या सिंह के शत प्रतिशत नंबर व भूमिका गुप्ता ने पाये 500 में से 499 अंक


तान्या सिंह

पीएनएस। नोएडा/गाजियाबाद

सीबीएसई बोर्ड के 12वीं के नतीजे घोषित हो गए हैं। उत्तर प्रदेश की बुलंदशहर की रहने वाली तान्या सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 500 में से 500 अंक हासिल किए हैं।

रिजल्ट आने के बाद डीपीएस में जश्न का माहौल है। बुलंदशहर डीपीसी की 12वीं की टॉपर तान्या सिंह को 500 से 500 नंबर मिले हैं। परिणाम देखने के बाद तान्या ने कहा कि यह उनके लिए बहुत गर्व की बात है। बुलंदशहर डीपीसी की ही एक और छात्रा भूमिका गुप्ता को 500 में से 499 अंक मिले हैं। स्कूल की एक और स्टूडेंट सौम्या नामदेव को 500 में से 497 नंबर मिले हैं। वहं एमेटी के दसवीं के छात्र मयंक ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए। जिले के भी अधिकतर स्कूलों के छात्रों ने परीक्षा परिणामों बाजी मारी है।

### गाजियाबाद में तीन छात्रों के बीच रहा ड्रा

सिल्वरलाइन प्रेस्टीज स्कूल और डीपीएसजी मेरठ रोड के तीन छात्रों ने संयुक्त रूप से 99.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। सिल्वर लाइन स्कूल की चाहत गर्ग ने 12वीं की परीक्षा में 99.4 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं, चाहत ने कॉमर्स से परीक्षा पास की है। डीपीएसजी मेरठ रोड के दो छात्रों ने एकसमान अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें संस्कृति अग्रवाल ने 99.4 फीसदी, कीर्ति शर्मा ने 99.4 फीसदी अंक प्राप्त किए है। इसी स्कूल के तीन अन्य छात्रों ने एक समान 99.2 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं, जिनमें गार्गी सिंह ने 99.2 फीसदी, ग्रेसी गुप्ता 99.2 और ध्रुव सिंघल ने 99.2 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। डीपीएसजी स्कूल से टॉप करने वाली संस्कृति ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के लिए एक नियमित शेड्यूल बनाया था, लेकिन बीच-बीच में अपनी पढ़ाई से संबंधित कंटेंट गूगल आदि सोशल साइट से सर्च करती रहीं। इसके अलावा स्कूल शिक्षक से भी काफी मदद मिली। वहीं, चाहत गर्ग ने बताया कि वह सीए बनना चाहती है, जिसकी कोचिंग उन्होंने शुरू कर दी है। चाहत ने कोरोना काल के दौरान भी अपनी पढ़ाई को नियमित जारी रखा। जिस तरह से स्कूल में शेड्यूल बनाकर पढ़ाई की जाती थी, यहां तक की कक्षा नौ से अब कोई बड़ा फैमिली फंक्शन भी पढ़ाई की वजह से अटैंड नहीं किया है। चाहत सोशल मीडिया से भी पूरी तरह से दूर हैं। ज्ञात हो इस बाद सीबीएसई का रिजल्ट देरी से जारी हुआ।




**सांवी श्रीवास्तव**
10वीं में 98 प्रतिशत
**दी मिलेनियम स्कूल नोएडा**

## मेडिकल डिवाइस पार्क भूखंड योजना के लिए ड्रॉ प्रक्रिया शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) कार्यालय में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की पहली मेडिकल डिवाइस पार्क भूखंड योजना के लिए ड्रॉ प्रक्रिया शुरू की गई। वाईईआईडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अरुणवीर की अध्यक्षता में ड्रॉ प्रक्रिया शुरू हुई। सीईओ ने बताया कि यमुना प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-28 में विकसित हो रहे राज्य के पहले मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए शुक्रवार को ड्रॉ प्रक्रिया शुरू हुई। उन्होंने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क योजना में 136 भूखंड के लिए 173 आवेदन मिले थे। जांच के बाद 37 आवेदनों को ड्रॉ में शामिल किया गया और सभी को प्लॉट आवंटित कर दिया गया है। सीईओ ने बताया कि मेडिकल डिवाइस पार्क योजना में सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे इंप्लांट, ऑक्सीजन सांद्रक समेत अन्य उपकरण बनाने को लेकर कंपनियों के लिए भूखंड सुरक्षित रखे गए है।

## संक्षिप्त समाचार


गाजियाबाद में बीएसए ने किया स्कूलों का निरीक्षण, गायब मिले 13 टीचर, लटकी कार्रवाई की तलवार

### किशोरी को अगवा कर रेप का आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेस-वे पुलिस ने एक किशोरी को बहला.फुसलाकर अगवा कर उसके साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को आज गिरफ्तार किया है। थाना एक्सप्रेस-वे के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जून माह में छपरौली गांव से एक किशोरी को लटूरी उर्फ शिवम मौर्य नामक युवक बहला-फुसलाकर अगवा कर ले गया था। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करी पुलिस ने आज किशोरी को बरामद कर लिया है। उसको अगवा कर उसके साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस ने अंतर्राज्जीय वाहन चोरों का गैंग दबोचा

**गाजियाबाद।** कविनगर थाने के एसएचओ अमित सिंह की टीम ने अंतर्राज्जीय गैंग के चार चोरों को गिरफ्तार करके उनके पास से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराये गये एक दर्जन से अधिक वाहन बरामद कर लिये। पूछताछ के दौरान गैंग के सरगना जोगेंद्र ने बताया कि उनका गिरोह यूपी के कई जिलों के अलावा दिल्ली एनसीआर से भी वाहन चुराता रहा है। पुलिस के मुताबिक वाहन चोरी करने से पहले रेकी करने वाला यह गैंग ऑन डिमांड वाहन चोरी करने में महारत रखता है।

### फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे चोर को दबोचा

**नोएडा।** पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए चोर की पहचान जीतू उर्फ जितेंद्र निवासी चिटहेरा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। जिसपर आरोपी ने फर्जी नंबर प्लेट लगा रखी थी। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने यह बाइक चिटहेरा प्राइमरी स्कूल के पास से चोरी की थी।

### सिटीजन फोरम ने की सांसद के साथ बैठक

**नोएडा।** नोएडा सिटीजन फोरम एनसीएफ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सांसद डॉ महेश शर्मा से मुलाकात की और शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की। डॉ महेश शर्मा ने शहर वासियों के साथ हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने और तमाम समस्याओं को हल करवाने में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एनसीएफ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्द्राणी मुखर्जी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में एक की मौत, दो जख्मी

**कार ने बाइक को मारी टक्कर**




पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिले में विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश कुमार पुत्र लखमी चंद निवासी छपरावत बुलंदशहर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी ओरए थाना सेक्टर 39 क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में 2 लोग घायल हो गए।

सेक्टर 38 स्थित गार्डन गलेरिया माल के गेट नंबर 11 पर तेज गति में आ रही एक आल्टो कार के चालक ने बैरियर तोड़कर गार्ड अमित सिंह के ऊपर चढ़ा दी। घटना में अमित सिंह का पैर टूट गया। अमित सिंह के भाई सतीश भदौरिया ने अल्टो कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं, सूरजपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक स्विफ्ट कार चालक ने सेक्टर 44 में उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और वह घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी वाहन चालको की तलाश शुरू कर दी है।

## कांवड़ियों को भेंट किए जा रहे तिरंगा

**नोएडा।** श्रावण मास में शिवभक्तों द्वारा हरिद्वार से जल लाने की प्रक्रिया शुरू है। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा कांवड़ मार्गों व शिविरों का लगातार निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

वहीं दूसरी तरफ दोपहिया वाहनों से चलने वाले श्रद्धालुओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा हेलमेट तथा तिरंगा ध्वज भेंट कर सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी जा रहीं है।

## नोएडा प्राधिकरण के सरकारी आवास का छज्जा गिरा, टला बड़ा हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की ओर से सेक्टर-27 में चतुर्थ श्रेणी के लिए 32 फ्लैट बनाए थे, जिसमें 14 जर्जर हो चुके है, लेकिन जिन्हें सिविल विभाग की ओर से जर्जर घोषित नहीं किया गया था। उसमें एक फ्लैट जी-110 के खिड़की का छज्जा शुक्रवार की सुबह गिर गया।

हालांकि यह झज्जा जी.109 के शेड पर गिरा, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन इस घटना ने सिविल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि प्राधिकरण की ओर से जिन 14 फ्लैट को जर्जर घोषित किया गया है।

उन्हें आज तक शिफ्ट ही नहीं किया गया है। इसको लेकर अब प्राधिकरण कार्यालय में राजनीति शुरू हो गई है, सुबह से हंगामा मचा हुआ है। नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक सिविल पीके कौशिक ने इस मामले पर हाथ खड़ा कर लिया है। उन्होंने कहा है कि मेरा तबादला हो चुका है।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एल्विन जैकब पिन्हेइरो, एमी एल्विन पिन्हेइरो, 6-एल-33 रिजवुड एस्टेट डीएलएफ फेज-4, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :- LBKAN00001266071 | फ्लैट नंबर 303, लिंक तेजस अपार्टमेंट, पाई लेआउट, सम्पत्ति सर्वे सं. 58/2, 58/3 एवं 58/4, बेनिंगनहल्ली, के.आर. पुरम, हुबली, बेंगलुरू, कर्नाटक | 07-06-2022 रू. 98,69,189/- | 02-05-2009 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 22 जुलाई, 2022
स्थान : गुरूग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
प्रत्याभूत क्रेडिटर

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय गुप्ता/ पारुल गुप्ता LBDEL00002999992 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर- 405, चौथी मंज़िल पॉकेट-सी, ब्लॉक-ई, मोलर बंद, दिल्ली- 110076. जुलाई 18, 2022 | जून 25, 2021 रु. 35,28,233/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 22, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह- ई-नीलामी
[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 8(6) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी ह" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री राजेश कुमार (कर्ज़दार), श्रीमती रत्नावली (सह-कर्ज़दार) LBBWD00002987335 | प्लॉट नंबर-178, प्लॉट- एस खसरा नंबर- 556 557 558 559, श्री पारस रेजीडेंसी गांव पाटन कला तिजारा, भिवाड़ी राजस्थान। क्षेत्रफल: 908.55 वर्ग फुट | रु. 7,08,353/- (जुलाई 18, 2022 तक) | रु. 6,50,000/- / रु. 65,000/- | अगस्त 01, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | अगस्त 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (URL Link- https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को अगस्त 12, 2022 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि का ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005 में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित दिनांक- अगस्त 12, 2022 तक शाम 05.00 बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक अगस्त 12, 2022 को शाम 05.00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की दिल्ली शाखा के पक्ष में भुगतान होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को फोन नंबर 8657476284 या मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड को फोन नंबर 9810029926/ 01244233933 पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ 1. नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।

तिथि : जुलाई 22, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# पत्नी को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतारा

**हत्या के बाद पति ने छत से लगा दी छलांग, हालत गंभीर**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-15 में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे अवैध संबंध के शक में पति ने पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या करके खुद छत से नीचे कूद गया। पुलिस अभिरक्षा में उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

वसुंधरा सेक्टर-15 में जगदीश मीणा, प्रापर्टी डीलर बेटे विकास मीणा, बहू बैंक प्रबंधक काम्या मीणा, दो पोते और पत्नी के साथ रहते हैं। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे उन्होंने पुलिस कंट्रोल में सूचना दी कि उनके बेटे विकास ने बहू काम्या की चाकू से गोदकर हत्या कर दी है।

खुद दो मंजिला घर की छत से नीचे कूदकर घायल हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। विकास व काम्या को पास के अस्पताल में उपचार के लिए लेकर पहुंची। डाक्टरों ने काम्या को मृत घोषित कर दिया। विकास का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।

मौके से चाकू बरामद हुआ। जगदीश मीणा ने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को बेटे ने बहू को एक अन्य युवक की गाड़ी में देख लिया था। इसको लेकर उनमें विवाद हुआ था। इस कारण शुक्रवार को बहू ड्यूटी करने बैंक नहीं गई थी। उस युवक से बहू के अवैध संबंध होने के शक में उसने वारदात को अंजाम दिया। जगदीश ने बताया कि बेटे ने रसोई घर में बहू पर चाकू से वार करना शुरू किया। चीख सुनकर वह बेडरूम से रसोई घर में पहुंचे। उन्होंने बेटे को पीछे से पकड़कर उसे रोकने की भरसक कोशिश की लेकिन उसके सिर पर खून सवार था। वह ताबड़तोड़ चाकू से बहू पर वार करता रहा। उसके बाद भाग कर सीढ़ियों की ओर गया और सीधे छत पर पहुंच गया।

वहां से नीचे कूद गया। गिरते समय वह लोहे की रेलिंग से टकराया। इससे उसके पेट व पैर में जख्म हो गया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी इंदिरापुरम अभय कुमार मिश्र पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम बुलाकर नमूने लिए। अन्य साक्ष्य जुटाए। आरोपित पति के दोनों मोबाइल को कब्जे में ले लिया। पुलिस उसका विवरण खंगाल रही है। अभय कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## हत्या कर युवक का शव झाड़ियों में फेंका

**नोएडा।** थाना ईकोटेक प्रथम क्षेत्र के पुवारी गांव के पास बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंक दिया। युवक के सर और शरीर के विभिन्न हिस्सों पर चोट के निशान होने के कारण उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है।

थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि किसी व्यक्ति ने सूचना दी थी कि पुवारी गांव के पास झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मृतक के हाथ पर ममता शर्मा लिखा हुआ था। मृतक की शिनाख्त सचिन शर्मा पुत्र टेकचंद शर्मा बुरारी दिल्ली के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि शव 2 दिन पुराना होने के कारण फूल गया था। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सचिन के हाथ पर ममता शर्मा लिखा देख कर उसकी पहचान की।

# ऑनलाइन खाने के आर्डर से लगा 99 हजार का चूना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अपनी बात को बेबाकी से कहने के लिए सोशल मीडिया सबसे सशक्त माध्यम बन गया है। इसी का फायदा उठाकर अब ठग भी सक्रिय हो गए हैं। सोशल साइट फेसबुक पर एक नामी रेस्टोरेंट की साइट पर खाने का आर्डर करना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ गया।

आर्डर की पेमेंट करते ही उक्त व्यक्ति के खाते से 99500 निकल गए। पीड़ित ने अज्ञात ठगों के खिलाफ थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर 41 में रहने वाले ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने फेसबुक पर सागर रत्ना रेस्टोरेंट का विज्ञापन देखकर खाने के लिए आर्डर किया। उन्होंने रेस्टोरेंट की साइट पर ऑनलाइन पेमेंट कर दी।

पेमेंट करते ही उनके खाते से 99520 निकल गए। फोन पर मैसेज आने से उन्हें खाते से रुपये निकलने की जानकारी मिली। बाद खुद के ठगे जाने का एहसास हुआ। उन्होंने साइबर थाने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## सुनपुरा में करोड़ों की जमीन को कराया मुक्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सुनपुरा में अधिसूचित जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को ढहा दिया। कालोनाइजर करीब 20 हजार वर्ग मीटर एरिया पर अवैध कालोनी काट रहे थे। अवैध कब्जे से मुक्त जमीन की कीमत करीब 40 करोड़ रुपये आंकी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने बताया कि सुनपुरा गांव खसरा नंबर.433, 434, 437 व 438 की जमीन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कालोनाइजर यहां की करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कालोनी काट रहे थे।


कार्रवाई करते ग्रेटर नोएडा के अधिकारी।

## कनेक्शन का सर्वे करने गए अवर अभियंता को धमकी

**नोएडा।** निठारी गांव में एक व्यक्ति ने बिजली कनेक्शन का सर्वे करने गए निगम के अवर अभियंता के साथ गाली.गलौज कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा उनके सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ सेक्टर 20 थाने में केस दर्ज किया गया है।

विद्युत निगम में तैनात अवर अभियंता मंजीत जयंत ने बताया कि वह निठारी गांव में बिजली कनेक्शन का सर्वे करने गए थे। कनेक्शन को लेकर निठारी के देव पाल सिंह अवाना ने प्रार्थना पत्र दिया था। वह जांच करने गए तो पता चला कि जिस जगह कनेक्शन के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। वहां पर निर्माण कार्य हो रहा है। अभियंता ने बताया कि निर्माण कार्य स्थल पर कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है।

# दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप

**बजली सब स्टेशन परिसर में बड़ी मशीन में तकनीकी खराबी आ गई**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



कस्बा निवाड़ी स्थित बिजली सब स्टेशन में मशीन में तकनीकि के खराबी आ जाने के कारण कस्बा निवाड़ी व पतला सहित दो दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह साढे चार बजे से गई बिजली देर रात तक नहीं आई।

बिजली ना आने के कारण लोग पीने के पानी भी तरस गए। कस्बा निवाड़ी स्थित बिजली सब स्टेशन से कस्बा निवाड़ी, पतला के अलावा गांव खिदौड़ा, पूठरी, मतौर, महमदपुर, झलावा, धौलड़ी, भनेड़ा, नगला आक्खू, सालेनगर, पूठरी सहित दो दर्जन से अधिक गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है।

गुरुवार सुबह साढे चार बजे के आसपास अचानक बिजली चली गई। सुबह सात बजे तक जब बिजली नहीं आई तो लोगों ने बिजली सब स्टेशन पर फोन घुमाने शुरु किए। लेकिन बिजली सब स्टेशन का फोन स्विच ऑफ था। बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी फोन नहीं उठा रहा था। पता चला कि बिजली सब स्टेशन परिसर में बड़ी मशीन में तकनीकि खराबी आ गई है। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह साढे चार बजे से गई बिजली देर रात तक नहीं आई। उमस भरी गर्मी में बिना बिजली के लोगों का जीना मुहाल हो गया। इतना ही नहीं लोग पीने के पानी भी तरस गए और पशुओं के लिए चारा तक नहीं कटा।

बिजली विभाग के एसडीओ ने बताया कि तकनीकि खराबी के चलते बिजली आपूर्ति ठप है। तकनीकि टीम बिजली को ठीक करने में लगी हुई है। उम्मीद की जा रही है कि देर रात तक बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी जाए। कस्बा निवाड़ी के किसान राजभूषण त्यागी व मनीष त्यागी ने बताया कि दो दिन से जंगल की बिजली आपूर्ति भी ठप है। शिकायत करने क बाद भी फाल्ट ठीक नहीं किया गया। बिजली ना आने के कारण धान की फसल की बुवाई प्रभावित हो रही है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सीबीएसई परिणाम: राजधानी के 160 सरकारी स्कूलों में शत-प्रतिशत छात्र पास

## 12वीं बोर्ड का 96.29 फीसदी रहा रिजल्ट, देशभर के पास प्रतिशत से 3.58 प्रतिशत अधिक रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विख्यात जैन**
12वीं में 95.8 प्रतिशत
डीएवी पब्लिक स्कूल

कोविड-19 महामारी के कारण पिछले 2 सालों में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनकी मेंटल-इमोशनल वेल-बींग भी प्रभावित हुआ। इसके बाद भी सामान्य समय की तुलना में रिजल्ट में वृद्धि होना काबिले तारीफ है।

सीबीएसई कक्षा 10वीं में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के नतीजे लगातार तीसरे साल शत प्रतिशत रहा। वहीं 12वीं के परिणामों में छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परिणाम 96.29 प्रतिशत रहा है। वहीं पूरे देश में सीबीएसई 12वीं का पासिंग प्रतिशत 92.71 फीसदी रहा है।

कोरोना के कारण इस बार सत्र 2018-19 के बाद 2 साल बाद बोर्ड परीक्षा पूरी तरह सामान्य रूप में हुई थी। सत्र 2018-19 में परीक्षा का परिणाम 94.24 फीसदी रहा था जिसकी तुलना में इस बार का रिजल्ट 2 प्रतिशत अधिक रहा है। दसवीं बोर्ड में भी इस साल सरकारी स्कूलों का पासिंग परसेंटेज 81.27 प्रतिश रहा है। वर्ष 2018-19 की तुलना में इस साल स्कूलों में दसवीं बोर्ड के रिजल्ट में 9.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2018-19 में परीक्षा परिणाम 71.58 प्रतिशत था। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आने पर शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने सभी छात्र-छात्राओं व उनके माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि कोरोना के कारण पिछले 2 सालों में बच्चों की पढ़ाई व उनकी मेंटल-इमोशनल वेल-बींग बहुत ज्यादा प्रभावित हुई। शैक्षणिक सत्र 2021-22 भी कोरोना से काफी बाधित रहा और बच्चों के सीखने के अवसरों में काफी कमी आई और सीबीएसई द्वारा सामान्य समय की तरह ही बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया गया। इसके बावजूद सामान्य समय की तुलना में रिजल्ट में बढ़ोतरी दर्ज करना काबिले तारीफ है। ये शिक्षकों व छात्रों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। इस साल सरकार के 160 स्कूलों का पास प्रतिशत 100 फीसदी और 876 स्कूल ऐसे है जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक रहा है। इस साल निजी स्कूलों के रिजल्ट में भी सुधार देखने को मिला है। देशभर में निजी स्कूलों का पासिंग परसेंटेज जहाँ 93.38 प्रतिशत रहा है। वहीं दिल्ली के निजी स्कूलों का पासिंग प्रतिशत 97.65 प्रतिशत रहा है। कोरोना से पहले सत्र 2018-19 में निजी स्कूलों का पासिंग परसेंटेज 93 प्रतिशत था जिसमें इस साल 4.65 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।



परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी का इजहार करतीं छात्राएं। सभी फोटो: रंजन डिमरी

### गवर्मेंट एडेड स्कूलों के परिणामों में आया उछाल

गवर्मेंट एडेड स्कूलों के परिणामों भी इस बार उछाल आया है। सत्र 2018-19 की तुलना में 7.27 फीसदी की वृद्धि के साथ गवर्मेंट एडेड स्कूलों का परिणाम 94.57 प्रशित रहा है। इस साल दिल्ली ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में देश में चौथा व पांचवां स्थान हासिल किया है। सत्र 2021-22 से 164641 छात्रों ने 12वीं बोर्ड परीक्षाएं दी थी जिनमें से 158528 परीक्षा उत्तीर्ण हुए और 3446 की कम्पार्टमेंट आई है। पिछले साल सीबीएसई 12वीं बोर्ड का पूरे देश का पास प्रतिशत 99.37 फीसदी था वहीं दिल्ली सरकार के स्कूलों का पासिंग परसेंटेज 99.95 फीसदी और दिल्ली के निजी स्कूलों का पासिंग परसेंटेज 99.7 प्रतिशत था।

## सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट रहा शानदार



**नई दिल्ली।** कक्षा 10वीं के बोर्ड नतीजों में देशभर के सरकारी स्कूलों का पासिंग परसेंटेज 80.68 प्रतिशत रहा है। वहीं दिल्ली सरकार के स्कूलों का पासिंग परसेंटेज 81.27 दर्ज किया। सत्र 2018-19 की तुलना में सरकारी स्कूलों में कक्षा 10वीं के परिणाम में 9.69 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सत्र 2018-19 में परीक्षा परिणात 71.58 फीसदी था। वहीं स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का कक्षा 10वीं का परिणाम लगातार तीसरे साल शत प्रतिशत रहा है। इस साल निजी स्कूलों के 10वीं का नतीजा 95.99 प्रतिशत रहा है। यदि दिल्ली रीजन की बात की जाए तो यहां पासिंग परसेंटेज 86.5 प्रतिशत रहा है। पिछले साल की तुलना में इस साल पूरे देश के सीबीएसई के दसवीं के पासिंग परसेंटेज में 4.64 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले साल ये नतीजे 99.04 फीसदी थे वहीं इस साल यह 94.40 फीसदी हैं।

## दिल्ली क्षेत्र का पास प्रतिशत घटा

- इस साल 96.29 फीसद रह गया, जो पिछले साल 99.84 प्रतिशत था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित परीक्षा परिणामों में 12वीं कक्षा का पास प्रतिशत घटकर 96.29 फीसद रह गया, जो पिछले साल 99.84 प्रतिशत था।

लेकिन शहर के केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दोनों क्षेत्र शीर्ष पांच में शामिल रहे। सीबीएसई ने देश को 16 क्षेत्रों में विभाजित किया है, जिसमें दिल्ली के दो क्षेत्र दिल्ली पूर्व और दिल्ली पश्चिम शामिल हैं। शुक्रवार को घोषित परिणामों में दिल्ली पूर्व चौथे स्थान पर जबकि दिल्ली पश्चिम पांचवें स्थान पर रहा है। इन दोनों क्षेत्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.29 रहा।

सीबीएसई ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि समान प्रतिशत होने के बावजूद उन्हें अलग-अलग स्थान पर क्यों रखा गया है। कुल मिलाकर दिल्ली त्रिवेंद्रम (98.83 प्रतिशत), बेंगलुरु (98.16 प्रतिशत) और चेन्नई (97.79 प्रतिशत) के बाद चौथे स्थान पर है। उत्तीर्ण प्रतिशत के मामले में दिल्ली का पड़ोसी नोएडा (90.27 फीसदी) 14वें स्थान पर रहा।

पिछले साल परिणाम एक विशेष मूल्यांकन योजना के आधार पर घोषित किए गए थे क्योंकि महामारी के कारण परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी थी। इस साल परीक्षा दो चरण में आयोजित की गई थी।

## प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर लड़की को गोली मारी

- आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता का हिंदू राव हॉस्पिटल में चल रहा इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुखर्जी नगर में प्रेम प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज युवक के लड़की पर गोलियां चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त ऊषा रंगनानी ने कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के लोनी का रहने वाला आरोपी दीपक भाटी पीड़िता से एकतरफा प्यार करता था लेकिन वह उसे नजरअंदाज कर रही थी। भाटी ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर में बृहस्पतिवार को 21 वर्षीय महिला पर गोलियां चलाईं और फिर वह घटनास्थल से भाग गया। महिला को दो गोलियां लगीं और उसका हिंदू राव हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

रंगनानी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को भाटी के लोनी में राजपुरी कॉलोनी के समीप होने का पता चला। इसके बाद, वह अपनी मोटरसाइकिल से भाग गया और बार-बार अपनी जगह बदल रहा था। पुलिस ने उसका पीछा शुरू किया लेकिन वह शाहदरा, कृष्णा नगर, भोलानाथ नगर और दिलशाद गार्डन में बार-बार अपनी जगह बदल रहा था। बाद में उसे विश्वास नगर से दबोच लिया गया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान भाटी ने बताया कि वह पीड़िता से एकतरफा प्यार करता था लेकिन वह उसे नजरअंदाज कर रही थी। भाटी कागज की एक फैक्ट्री में काम करता है। पुलिस के अनुसार आरोपी लड़की के नजरअंदाज किए जाने से खुश नहीं था और इससे नाराज होकर उसने उस पर हमला कर दिया। वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

## एनडीएमसी ने भवन मालिकों से मांगी ढांचा सुरक्षा रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भूकंप से भवनों की सुरक्षा के लिए ऑडिट कराने के दिए आदेश

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने भूकंप से इमारतों की सुरक्षा के लिए एक महीने के भीतर पैनलसूची के स्ट्रक्चर इंजीनियर द्वारा जारी अपने क्षेत्र के भवन मालिकों से स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट और भवन नक्शों को मंगाया है।

सरकार की अधिसूचना और दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार एनडीएमसी ने अपने क्षेत्र के भवन मालिकों / कब्जाधारियों को पालिका परिषद के वास्तुकला और पर्यावरण विभाग में स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट और भवन योजना प्रस्तुत करने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है। जिसमें शैक्षिक भवनों, संस्थागत भवनों, सभा भवनों, अस्पतालों, मॉल, सिनेमा हॉल और अन्य भवनों के सभी मालिक / प्रयोगकर्ताओं जहां बड़ी संख्या में सार्वजनिक सभा होती है और अन्य सभी भवन चाहे सरकारी हो या निजी, जिनकी ऊंचाई 15 मीटर या उससे अधिक हो पालिका परिषद को अपनी भवन स्ट्रक्चर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है ।

### लॉरेंस रोड पर दो फैक्ट्रियों में लगी आग

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के लॉरेंस रोड स्थित दो फैक्टरियों में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अग्निशमन विभाग के मुताबिक, लॉरेंस रोड स्थित फैक्टरियों में आग लगने की सूचना पूर्वाह्न नौ बजकर 35 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की कुल 25 गाड़ियों को आग बुझाने के लिए मौके पर भेजा गया।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया, जूते के सोल और प्लास्टिक के दाने बनाने वाली दो फैक्टरियों में आग लगने की खबर मिली। दोनों इमारतों में बेसमेंट, भूतल के अलावा दो और तल बने हुए हैं।





मौजपुर स्थित बाग वाली मस्जिद के बाहर जुमे की नमाज अदा करने के बाद कांवड़ियों को का फुलों से स्वागत करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

## अमृत महोत्सव : दिल्ली में लगा रेहड़ी-पटरी वालों का मेला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रेहड़ी-पटरी वालों में केंद्रीय स्वनिधि योजना के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को यहां मेले का आयोजन किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि सरकार ने रेहड़ी-पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वनिधि योजना शुरू की है और मेले के दौरान लोगों के समक्ष योजना के कारण सफलता प्राप्त करने वाले कुछ लोगों की कहानियों को प्रस्तुत किया जाएगा। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी इस मेले का उद्घाटन करेंगी। एक दिन के इस मेले का आयोजन शाम को दिल्ली नगर निगम के करोल बाग जोन के नारायणा विहार स्थित नगर निगम स्कूल में किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने शुरू किया है, जिसका उद्देश्य रेहड़ी-पटरी वालों को न केवल ऋण देकर सशक्त करना है बल्कि उनका पूर्ण विकास और आर्थिक उन्नयन करना है।

## शराब कंपनियों को लाभ देने को ब्लैक लिस्टेड को दिए ठेके : मनीक्षी लेखी

- आबकारी नीति का भाजपा करेगी विरोध प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने नियमों व प्रक्रिया का उल्लंघन कर शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए गुटबंदी को बढ़ावा दिया।

उन्होंने कहा कि आबकारी नियमों का उल्लंघन कर 144.36 करोड़ रुपये का लाभ पहुंचाया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए लेखी ने कहा कि शराब के कारोबार में हुए बड़े घोटाले की वजह से राजकोष को भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा नई एक्साइज पॉलिसी पर सीबीआई जांच की अनुमति देने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा पिछले काफी समय से लगातार केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करती रही है कि शराब के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि जब यह नई एक्साइज पॉलिसी लागू हुई तो उस वक्त शराब के ठेकेदारों को 2.5 फीसदी कमीशन दिया जाता था जो बढ़कर 12.5 फीसदी कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने 272 वार्डों में शराब के ठेके खोले जाने की घोषणा की, लेकिन विधानसभा में मनीष सिसोदिया ने कहा था कि दिल्ली के अंदर 100 ऐसे वार्ड हैं जहां शराब के ठेके नहीं खोले जा सकते हैं क्योंकि वहां मास्टर प्लान का उल्लंघन होगा।

### कांग्रेस ने किया सीबीआई जांच का समर्थन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की नई शराब नीति को लागू करने में हुए घोटाले और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच करने उपराज्यपाल की सिफारिश का प्रदेश कांग्रेस स्वागत करती है। यह बात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने शुक्रवार को एक बयान में कही।

## मुर्मू का राष्ट्रपति चुना जाना लोकतंत्र का गौरवगान

**नई दिल्ली। द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होना केवल जनजाति समुदाय के लिए ही गर्व का क्षण नहीं है बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की उस सामर्थ्य का परिचायक भी है जो बिना भेदभाव हर किसी को शीर्ष पद तक पहुंचने के अवसर उपलब्ध कराता है। मुर्मू का राष्ट्रपति निर्वाचित होना जनजाति समाज के साथ-साथ देश के समस्त वंचित, पिछड़े वर्ग के लोगों के बीच आशा का संचार करने और उनमें आत्मविश्वास का यह भाव भरने वाला है कि संघर्ष और समर्पण के माध्यम से किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। देश के सर्वोच्च पद पर उनका निर्वाचन भारतीय लोकतंत्र का गौरव गान भी है। राजधानी के शिक्षविद, समाज सेवी, सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने वाले और बुद्धिजीवियों ने द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने पर उन्हें बधाइयां दी हैं।**

प्रस्तुतिः संजय राय, अजीत तिवारी व ज़ाहिद अली



*''देश के इतिहास में पहली बार देश के बहुत पिछड़ आदिवासी समाज से आने वाली श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं। आशा है आप इस पद को और गौरव प्रदान करेंगी।''*

**-अशवनी राणा**
**फाउंडर, वॉयस ऑफ बैंकिंग**

### आदिवासी समाज के साथ वंचितों को समाज को संदेश

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होना मोदी सरकार की यह पहल पूरे आदिवासी समाज के साथ पिछड़े, गरीब और वंचितों को समाज में आगे लाने का संदेश देती है। इसके साथ ही देश की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में यह पूरी महिलाओं का भी सम्मान है। रम्मी ने कहा कि निश्चित रूप से द्रौपदी मुर्मू का कार्यकाल को पूरा देश याद रखेगा।



**गुरुप्रीत सिंह रम्मी अध्यक्ष, खालसा इंटरनेशनल**

### सभी पदों पर रहते हुए किया शानदार काम



द्रोपदी मुर्मू देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति बनी है। उनका जीवन इसलिए और अधिक प्रेरणा का स्त्रोत है, क्योंकि अपने जीवन में तमाम अभाव और आघात सहते हुए भी उन्होंने समाजसेविका, विधायक, मंत्री और फिर राज्यपाल के रूप में अपने दायित्वों के निर्वहन में एक आदर्श स्थापित किया। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि वह राष्ट्रपति के रूप में राष्ट्र को प्रेरित करने का भी काम करेंगी। उनके देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। खासकर उपेक्षित, आदिवासी महिलाओं में जागरूकता आएगी। कॉलेजों व विवि समेत संस्थानों में नियुक्तियों को लेकर पिछड़े, आदिवासी और दलील वर्ग के प्रतिनिधित्व की बात होगी।

**-डॉ. हंसराज सुमन**
**अध्यक्ष ( डीटीए )**

### देश के लिए एक उपहार



द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के साथ ही भारतीय राजनीति में अंत्योदय की बात करने वाली भाजपा ने इसे सच साबित कर दिया है। समाज के अंतिम छोर को पहली पंक्ति में लाने की बात करने वाली भाजपा ने आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन करना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी के अमृत महोत्सव का द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना पूरे देश के लिए एक उपहार और मील का पत्थर है।

**- संजय राय शेरपुरिया**
**सामाजिक उद्यमी**

### लोकतंत्र की ताकत और खूबसूरती को दर्शाता है निर्वाचन



*द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित होना लोकतंत्र की ताकत और खूबसूरती को दर्शाती है। मुर्मू का जीवन बेहद चुनौतियों से भरा रहा है। उन्होंने बेहद संजीदगी और बिना शोर शराबे के हर मुश्किलों को पार करते हुए देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचाना देश दुनिया के लिए मिसाल है। उन्होंने राष्ट्रपति बनकर यह संदेश दिया है कि बड़ा बनने के लिए जरूरी नहीं कि आप बड़े शहर में बड़े घर में पैदा हों।*

**-डॉ. प्रभांशु ओझा**
**असिस्टेंट प्रोफेसर हंसराज कॉलेज**

# श्रममंत्री ने गुरुग्राम में श्रमिक कैंटीन बनाने के दिए आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

## नवीन गोयल के आग्रह पर श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक कराएंगे सर्वे

**गुरुग्राम** के उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए लेबर कैंटीन बनवाने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल प्रयासरत हैं। उनके प्रयासों को सार्थक करते हुए शुक्रवार को हरियाणा के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक ने गुरुग्राम में लेबर कैंटीन बनाने के लिए अधिकारियों को सर्वे करके कैंटीन बनाने के आदेश दिए।

शुक्रवार को यहां एनआईआरसी की गुरुग्राम ब्रांच द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इसी कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने भी शिरकत की। समारोह में उन्होंने पर्यावरण के मुद्दे पर भी अपनी बात रखते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए आग्रह किया। श्रम मंत्री के समक्ष उन्होंने गुरुग्राम के उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कैंटीन बनवाने समेत तीन मांगों को रखा। श्री गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में अलग से लेबर कालोनी बनाई जाए। औद्योगिक क्षेत्रों लेबर कैंटीन बनाई जाए और श्रमिकों के लिए हर रोज अलग-अलग जगह पर मेडिकल कैंप लगाए जाएं।

उद्योग विहार, कादीपुर, बहरामपुर, पेस सिटी और दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्रों का जिक्र करते हुए श्री गोयल ने कहा कि इन स्थानों पर श्रमिक कैंटीन बनाई जा सकती है। मौके पर ही श्रम मंत्री अनूप धानक ने अधिकारियों को आदेश देकर सर्वे करके जल्द ही इस काम को पूरा करने की बात कही। बाकी दो मांगों पर भी उन्होंने विचार करने का आश्वासन दिया। नवीन गोयल ने बताया कि लेबर को उनके कार्यस्थल के नजदीक कैंटीन की सुविधा मिले, इसके लिए वे प्रयास कर रहे हैं। अब मंत्रीजी ने इस पर मुहर लगा दी है। इस अवसर पर रामकरण काला विधायक, अनंतराम तंवर, ऋषिराज राणा, एसोसिएशन के प्रधान मोहित सिंगल, प्रमोद जैन, नवीन गर्ग, पूजा, नितिन कटारिया, पार्षद कृष्ण गाड़ोली, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।


गुरुग्राम में श्रम मंत्री को लेबर कैंटीन बनवाने के लिए पत्र सौंपते नवीन गोयल।

# रितु यादव की ट्रेनिंग को दिए सीकरी ने पांच लाख

## अब दक्षिण कोरिया में ताइक्वांडो की ट्रेनिंग लेगी रितु यादव

**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो खिलाड़ी रितु यादव पुत्र जितेंद्र यादव निवासी वजीराबाद को बेहतर प्रशिक्षण दिलाने और उनके सपने साकार करने में समाजसेवी बोधराज सीकरी ने धानुका कंपनी के सहयोग से पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दी है।

रितु यादव ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लेने के लिए अब दक्षिण कोरिया रवाना होगी। बोधराज सीकरी द्वारा पहले भी जितेंद्र यादव की दो बेटियों को प्रशिक्षण के लिए दस लाख रुपये की सहायता राशि दिलाने में मदद की गई थी। बेटियों के भविष्य के लिए बोधराज सीकरी द्वारा दी गई आर्थिक मदद पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। गांव के मंगतराम, हंसराज बोहरा, जितेंद्र यादव, नवीन यादव, संजय यादव, जयपाल नंबरदार ने श्री सीकरी के कार्यालय पहुंचकर उनका इस नेक कार्य के लिए आभार जताया और स्वागत किया। इस अवसर पर बोधराज सीकरी ने कहा कि बेटियों के सपनों को पंख लगाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। बेटियों ने हमारे देश का नाम रोशन किया है। हर क्षेत्र में बेटियों ने परचम लहराया है। ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि सुविधाओं से वंचित बेटियों को सुविधाएं देकर उन्हें आगे बढ़ने में मदद की जाए।


गुरुग्राम के गांव वजीराबाद निवासी खिलाड़ी रितु यादव को ट्रेनिंग के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने पर बोधराज सीकरी का सम्मान करते ग्रामीण।

# संघर्षों से भरा रहा है महामहिम द्रौपदी मुर्मू का जीवन : नवीन गोयल


द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने पर खुशी मनाते लोग।

**गुरुग्राम।** देश की दूसरी महिला और पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के नेतृत्व में खुशी मनाई गई। उन्होंने कहा कि उनकी रिकॉर्ड जीत हमारे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। सेक्टर-38 में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं, राहगिरों को मिठाई बांटी गई।

उन्होंने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू गांव, गरीब, वंचितों के साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ियों में भी लोक कल्याण के लिए सक्रिय रहीं हैं। आज वे उनके बीच से निकल कर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंची हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है। यह विजय अन्त्योदय के संकल्प को चरितार्थ करने वाली है। निश्चित रूप से उनका राष्ट्रपति बनना जनजातीय समाज के सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर है। उनके निजी जिंदगी की बात करें तो वह काफी दुखों, संघर्षों और समर्पण से भरी रही है। पति और दो बच्चों की मौत के बाद उनकी जिंदगी काफी संघषपूर्ण रही है। एक पार्षद से महामहिम तक के सफर में वे कभी विपरीत परिस्थितियों से नहीं घबराईं। श्रीगोयल ने कहा कि उनका सामान्य परिवार से लेकर देश के राष्ट्रपति पद तक पहुंचने का सफर प्रेरणादायी है और वह महिला सशक्तिरण का चमकता उदाहरण है। राजनीति में आने से पहले वह शिक्षक थीं। श्रीमती मुर्मू ने ससुराल की अपनी जमीन एक स्कूल को दान कर दिया है, जिसमें 70 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है-सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास, और यह संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है।

# डाक कांवड़ : शिव भक्त उड़ा रहे हैं यातायात नियमों की धज्जियां

## डाक कांवड़िये कैंटर वाहन पर बनी मचान के ऊपर खड़े होकर कर रहे सफर

## शिवभक्त सड़क किनारे खड़े पेड़ और बिजली के नंगे तारों की नहीं कर रहे परवाह

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना


डाक कांवड़ लेने जाते समय वाहनों की छत पर खड़े होकर सफर करते युवक।

**हरिद्वार**-नीलकंठ से डाक कांवड़ लेने जा रहे शिव भक्त यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। शिव भक्त वाहनों पर बनाई मचान के ऊपर खड़े होकर हादसों को न्योता दे रहे है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकार ने कांवड़ लाने वाले शिव भक्तों को इस वर्ष रास्ते में होने वाली परेशानियों को हर संभव समाप्त करने का प्रयास किया है।

कांवड़ लेने जाने वाले भक्तों को अपना पंजीकरण कराने के अलावा अपना नाम स्थानीय पुलिस थाना चौकी में दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कांवड़ियों को गंगा जल लाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, लेकिन शिव भक्त यातायात नियमों की पूरी तरफ से मजाक उड़ा रहे हैं। डाक कांवड़ लेने जाते समय कैंटर में बनी मचान के ऊपर खड़े होकर सफ र कर रहे हैं। ऐसे में जानलेवा हादसा होने की पूरी-पूरी संभावना बनी हुई है, क्योंकि कांवड लाने के जोश में भक्त सड़क किनारे खड़े पेड़ और बिजली के नंगे तारों की जा रही लाइनों की परवाह नहीं कर रहे हैं। जिससे जानलेवा हादसा घटित होने की संभावना प्रबल हो रही है।

मनोज शर्मा का कहना है कि वाहनों पर सफर करने के दौरान शिव भक्त पूरा ताडंव करते हुए जा रहे है। कोई भी जानलेवा हादसा हो सकता है। युवक की ऐसे हादसों में जान भी जा सकती है। अशोक जैन का कहना है कि पुलिस प्रशासन को ऐसा ताडंव करने वाले शिव भक्तों के वाहनों को जब्त कर लेना चाहिए।

# राष्ट्रीय मार्ग के साथ पड़े कूड़े के ढेर दे रहे हैं हादसों को न्योता

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शहर** के राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ बने नाले से निकाला कूड़ा पिछले चार दिन से उठाया नहीं गया है। कूड़े से उठती बदबू ने नागरिकों को जीना मुश्किल कर दिया है। वहीं नाले की गंदगी आम रास्ते व सड़क किनारे फैलने से पैदल चलने वालों को परेशानियां हो रही है।

लोक निर्माण विभाग ने लाखों रुपये खर्च करते हुए चार दिन पहले लोक निर्माण विभाग ने गुरुग्राम-अलवर मार्ग के साथ शहरी क्षेत्र में बना नाले की सफाई कराई थी। नाले से निकाला गया कूड़ा पिछले चार दिन से खुले में पड़ा हुआ है। जिसे उठती बदबू के कारण नागरिकों सासें लेना भी मुश्किल हो रहा है। कूड़े से मक्खी-मच्छर फैलने का पूरा-पूरा खतरा बना हुआ है। सर्विस मार्ग के साथ-साथ बनी दुकान व छोटे दुकानदारों के बीमार हो सकते हैं।

**दुर्घटना होने का मडरा रहा खतरा :** राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए के साथ करीब एक किलोमीटर की दूरी में नाले से निकाला कूड़ा आम लोगों की जान का दुश्मन बना हुआ है, क्योंकि सड़क के साथ पैदल चलने वाला नागरिक कूड़े से बचाव के दौरान सड़क पर आ जाता है। जिसे पीछे से आने वाले वाहन के द्वारा कुचल जा सकता है। तेज बारिश होने पर कूड़ा पानी के बहाव के साथ वापस नाले में जा सकता है।

**दुकानदारों को नुकसान :** देवीलाल खेल स्टेडियम की दुकान में बैठे दुकानदार किट्टी का कहना है कि उनका फास्ट फूड का कारोबार है। कूड़े के ढेर से आती बदबू के कारण ग्राहक अधिक देर तक खड़ा नहीं हो पाता है। पिछले चार दिन में 50 फीसदी ग्राहक यहां से कम हुए है। राजू का कहना है कि यहां पर सभी दुकानें खाद्य सामग्री से संबंधित हैं। कूड़े के ढेरों पर बैठने वाला मच्छर मक्खी उड़कर खाने पीने की वस्तुओं पर बैठ रही है।


सोहना में बरसाती नाले से निकाला कूड़ा।

> **इस** कूड़े को उठाने का कार्य लोक निर्माण विभाग का है, क्योंकि नाला लोक निर्माण विभाग के अधीन ही आता है। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ को पत्र लिखते हुए कूड़े ढेरों को जल्द से जल्द उठाने को कहा गया है।
>
> **नवीन पांडे** (सचिव नप)

## संक्षिप्त समाचार

### एसडीएम ने हरियाली तीज मेले का उद्घाटन किया

**सोहना।** एसडीएम ने शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में लगा हरियाली तीज के लिए मेले का रिबन काटकर उद्घाटन किया। मेले 12 अगस्त तक चलेगा। हरियाली तीज का मेला दो वर्ष के बाद लगा है। जिसकी शुरूआत हरियाली तीज से पहले शुरू किया है। जिसका उद्घाटन करते मतदान एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने कहा कि ठेकेदार समिति के नियमों की पालना करे। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती रहेगी। मेले में नियमानुसार ही मनोरंजन के कार्यक्रम दिखाए व चलाए जाएंगे। मेले का माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मेला समय से शुरु बंद किया जाएगा। उन्होंने ने कहा प्रतिबंधित वस्तुओं पर रोक रहेगी।

### जीयू के मीडिया विभाग ने बनाया 100 फीसद प्लेसमेंट का रिकॉर्ड


गुरुग्राम विवि में कैंपस प्लेसमेंट के दौरान नौकरी पाने वाले विद्यार्थी।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार का प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया अध्ययन विभाग के एमए (जेएमसी) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विवि के मीडिया अध्ययन विभाग ने एमए (जेएमसी) 2020-22 बैच के सभी छात्रों को जॉब दिलवाकर 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है। जीयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में नामी कंपनियां कैंपस में छात्रों के सिलेक्शन के लिए आई। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार के आधार पर एमए (जेएमसी) करने वाले 2020-22 बैच के सभी छात्रों का सिलेक्शन हुआ। जिसमें एमए (जेएमसी) अंतिम वर्ष की छात्रा श्रेया को आईपीजी डिक्स्ट्रा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 4.20 लाख, छात्रा अंशिता को हैप्पी रेंटल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 3.80 लाख, त्रिभुवन भंडारी को एबीपी न्यूज नेटवर्क में 3 लाख, हिरल शर्मा को ग्लोबल लॉजिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 1.85 लाख और सबल को ऑप्टिमिडिया फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 1.44 लाख के सालाना पैकेज पर जॉब मिली है। इसी तरह शेष सभी छात्रों का भी सिलेक्शन विभिन्न कंपनियों में 1.5 लाख से 3 लाख के पैकेज पर हुआ है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मीडिया अध्ययन विभाग के एमए (जेएमसी) के छात्रों का 100 प्रतिशत प्लेसमेंट होना गुरुग्राम विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। मीडिया अध्ययन विभाग के डीन डॉ. राकेश योगी ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# शिव कॉलोनी में जलभराव से रातभर घरों में कैद रहे नागरिक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**शहर** के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी के मुख्य रास्ते पर जलभराव के कारण स्थानीय मकानों में रहने वाले नागरिक पूरी रात अपने घरों में कैदियों की तरह से रहते हुए बिताई। बारिश के पानी का समाधान न होने से स्थानीय नागरिकों में जनस्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद के खिलाफ भारी रोष पनप रहा है।

शहर के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर रहने वाले नागरिकों का जीवन बारिश के दिनों में नरकीय बन जाता है। कॉलोनी के मुख्य रास्ते में हल्की बारिश होने पर पानी जमा हो जाता है। यह सिलसिला पिछले करीब 15 वर्षों से चला आ रहा है। नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग इस समस्या का आज तक ठोस समाधान नहीं कर सका है। जिसके कारण बारिश का मौसम शुरू होने के साथ ही यहां के नागरिकों के रौंगटे खड़े होने लग जाते हैं। गुरुवार को रुक-रुक कर हुई बारिश से मात्र पांच घंटों के अंतराल में दो बार जलभराव होने से यहां के निवासी अपने घरों में कैद हो गए। गुरुवार की रात 8 बजे हुई आधा घंटा बरसात के बाद तो रास्ते में 2 से 3 फुट पानी यहां के रास्तों में जमा हो गया। सीवर लाइन जाम होने के कारण पानी धीरे-धीरे 4 से 5 घंटा में पार हुआ। शुक्रवार की सुबह जमा पानी समाप्त होने के बाद ही स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर निकल सके।


सोहना की शिव कॉलोनी के आम रास्ते में जमा बरसाती पानी।

क्या कहना है स्थानीय नागरिकों का रास्ते के किनारे पर रहने वाले सतीश गहलोत का कहना है कि जरूरी कार्य के लिए यहां के लोगों को जमा पानी में से ही पैदल निकलना होता है। बीमार होने पर रोगी को जलभराव के समाप्त होने तक का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में करीब परिवार का बीमारी ग्रस्त नागरिक की जान खतरे में पड़ जाती है। समाज सेवी दुर्गा प्रसाद का कहना है कि नगर परिषद व जनस्वास्थ्य विभाग पिछले 15 साल से इस जलभराव का समाधान नहीं कर सका है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

> **नगर** परिषद विभाग की लापरवाही से यह समस्या आती है। परिषद की तरफ से सभी खुले नाले सीवर में डाले गए है। जिनका कूचरा आकर सीवर में पानी की निकासी को रोक देता है। देर रात में सीवर की सफाई करा दी गई है। भविष्य में समस्या नहीं आएगी।
>
> **ओमप्रकाश सिंह**
> **(एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग)**

# तीन युवक कार व सामान लेकर हुए गायब

**सोहना।** सामान पार्सल कराने वाली एजेंसी के तीन कर्मचारियों ने कंपनी का कार समेत लाखों रुपये का सामान जब्त किया। गलत दिशा में जा रही कार का टोल कटने पर मालिक को हुआ शक। पुलिस ने एजेंसी मालिक समेत चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया।

भोंडसी की श्रीराम इंक्लेव कॉलोनी में रहने वाली निकेश पवार सिंह पत्नी मोहन सिंह ने भोंडसी थाना में कार व घरेलू सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। निकेश पवार सिंह ने पुलिस को बताया कि वह गुरुग्राम में एक कंपनी में नौकरी करती थी। उसने अब मध्यप्रदेश के शहर नागड़ा में अन्य कंपनी में नौकरी करनी है। वह अपने परिवार समेत मध्यप्रदेश रेल से 12 जुलाई को निकल गई थी। उसने अपनी कार समेत घर का सारा सामान ग्रेट इंडिया कार्ग्स एजेंसी को पार्सल कराने के लिए दे दिया। एजेंसी के तीन युवक उसके पास भोंडसी में आए। जिनमें दो युवक चुरु और एक भिवानी जिला का शहर तोशाम निवासी था। वह पीकअप चालक था। पहले यें तीनों लड़के कार समेत सामान को बजघेड़ा लेकर गए। उसके बाद 17 जुलाई को उसके मोबाइल पर कार में लगा फास्ट टैंग पर लुहारली टोल का मैसेज आया। जिससे उसे शक हुआ कि उसका सामान व कार को पार्सल कंपनी के युवक लेकर गलत दिशा में जा रहे है। उसने एजेंसी मालिक अनिल नयन वालिया को फोन किया। उसने कहा कि थोड़ी में पता करके बताता हूं।

# मां अमृतानंदमयी अस्पताल के शुरू होने से बढ़ेगी रियल एस्टेट की डिमांड, सर्विस अपार्टमेंट और रीटेल मार्केट रहेंगे सबसे आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मां अमृतानंदमयी** अस्पताल, 2400 बिस्तरों वाला मलयी स्पेशीएलिटी अस्पताल जल्द ही आने वाले महीने में खुल जाएगा। अस्पताल का उद्घाटन 24 अगस्त 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस अस्पताल के विकास से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा और फरीदाबाद के रियल एस्टेट बाजार को भी इससे लाभ मिलेगा। यह अस्पताल सेक्टर 88, फरीदाबाद में बनाया गया है जो इस क्षेत्र में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के पास है। 31.5 किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे तीन अलग-अलग एक्सप्रेसवे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, केजीपी (कुंडली, गाजियाबाद और पलवल हाईवे) और सेक्टर 65 बल्लभगढ़ एक्सप्रेसवे को जोड़ेगा। अस्पताल और एक्सप्रेसवे के नजदीक कुछ प्रसिद्ध रेजिडेंशियल प्राजेक्ट्स है जैसे आरपीएस सवाना, औरिया और पाम्स ड्राइव। आरपीएस सवाना एक डिलिवर्ड प्रोजेक्ट है जहां 25,000 से अधिक लोग रहते है। सुरेन गोयल, पार्ट्नर, आरपीएस ग्रुप कहते हैं, हम अपने क्षेत्र के विकास का पूरी तरह से स्वागत करते हैं। मां अमृतनादमयी अस्पताल के खुलने से आरपीएस समूहों के हमारे निवासियों को उनके आवास के आस-पास सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इन सुविधाओं के आने से क्षेत्र के मौजूदा और नए निवासियों के उत्साह का आनंद लें। इसके अलावा, हम मान सकते हैं कि रियल एस्टेट बाजार में वृद्धि के प्रत्यक्ष अनुपात में, इस क्षेत्र में सर्विस अपार्टमेंट की मांग बढ़ेगी। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य देखभाल समाधान और कनेक्टिविटी मुद्दों के कारण लक्जरी सेगमेंट में वृद्धि होगी। यह कहा जा सकता है कि फरीदाबाद का भूमि क्षेत्र किसी भी कमी से उत्पन्न होने के लिए तैयार है, जो उन्होंने पहले सहन किया था।

# अतिक्रमण को बख्शा नहीं जाएगा हर दिन चलेगा अभियान : सचिव

## हर दिन के अभियान की जिम्मेदारी परिषद अधिकारियों ने सफाई इंस्पेक्टरों को सौंपी

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद शहर में अतिक्रमण के खिलाफ हर दिन अभियान चलाएगी। परिषद प्रशासन शहर में अतिक्रमण को जड़ से समाप्त करने की योजना बनाकर चल पड़ी है। जिससे अतिक्रमण करने वालों की धड़कनें तेज होने लगी हैं।

शहर के आम रास्ते, सड़क, चौक-चौराहे, मुख्य सड़क और सरकारी जमीन पर पटरी, फुटपाथ पर दुकान, रेहड़ी, ढाबा, लगाकर अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। परिषद अब हर दिन अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाएगी। जिसकी जिम्मेदारी परिषद अधिकारियों ने सफ ाई इंस्पेक्टरों को सौंप दी है। जिसमें सतेन्द्र यादव, सोनम राघव व अमित कुमार को अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण को पूरी तरफ से साफ करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बुधवार से शुरू हुआ अभियान :** नगर परिषद की तरफ से अतिक्रमण के खिलाफ शहर की चुंगी नंबर एक से लेकर दो तक अभियान चलाया। करीब 600 मीटर की दूरी में अतिक्रमण करके बैठे टायर पंचर, गन्ना जूस, छोले-कूलचे, सब्जी, फास्टफूड विक्रेताओं के तम्बूओं को उखाड़ा गया। इसके बाद चुंगी नंबर दो से अंबेडकर बाईपास चौक तक बैठे ढाबा मालिक, समेत कपड़ा व फल विक्रेताओं को हटाया गया।

**अतिक्रमण कारियों में दिखी बेचैनी :** सड़क, सर्विस मार्ग, सरकारी जमीन, गंदे व बरसाती नाले के किनारे अतिक्रमण करके बैठे छोटे दुकानदारों में नगर परिषद के अभियान से बेचैनी होने लगी है।


सोहना के बस स्टैंड मार्ग पर दुकानदार द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाया सामान।

> **अतिक्रमण** को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगी। जिसके खिलाफ हर दिन अभियान चलेगा। बार-बार अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाई होगी।
>
> **नवीन पांडे** (सचिव नप)

# अमेजन बिजनेस ने 23, 24 जुलाई को भारत में प्राइम डे से पहले एमएसएमई के लिए डील्स और ऑफर्स की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में प्राइम डे 2022 से पहले अमेजन बिजनेस ने आज 23 और 24 जुलाई को भारत में अमेजन के वार्षिक प्राइम डे इवेंट के दौरान अपने व्यावसायिक ग्राहकों को डिस्कवर जॉयश् और अधिक बचत करने में मदद करने के लिए सभी कैटेगरी में आकर्षक डील्स और ऑफर्स की घोषणा की। दो दिनों के दौरान ग्रेट डील्स, नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट और अन्य के साथ, कस्टमर रेलिवेंट सलेक्शन तलाश सकते हैं, प्रोडक्ट की वाइड रेंज पर इन्क्रीमेंटल कैशबैक, छूट के साथ और भी बहुत कुछ पा सकते हैं।

स्मार्टफोन, लैपटॉप, प्रिंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपकरणों से लेकर होम और किचन प्रोडक्ट के साथ, अमेजन बिजनेस एमएसएमई को सभी कैटेगरी में बेस्ट डील्स और बचत ऑफर करेगा। यह इस प्राइम डे को सबसे खास बनाने का समय है और भारी छूट, आकर्षक डील्स, इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए जीएसटी बिल के साथ अधिक बचत करके लंबी और छोटी अवधि की व्यावसायिक खरीदारी की योजना बनाए। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर, सुचित सुभाष ने इस घोषणा पर कहा, हमने अमेजन बिजनेस में हमेशा छोटे और मझोले बिजनस की विशिष्ट व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने और उन्हें आगे बढ़ने में मदद करने के लिए काम किया है। हम मानते हैं कि प्राइम डे 2022 ग्राहकों के लिए अपनी व्यावसायिक खरीदारी पर बड़ी बचत करने और खरीदारी लागत को कम करने का एक शानदार अवसर है। हमारे विक्रेताओं ने सभी कैटेगरी में शीर्ष ब्रांडों से जीएसटी वाले कुछ चुनिंदा प्रोडक्ट के लिए बेहतरीन डील्स और ऑफर तैयार किए हैं ताकि हमारे कस्टमर अधिक बचत कर सकें और अपना लाभ बढ़ा सकें।

इस प्राइम डे परए अमेजन बिजनेस का लक्ष्य एमएसएमई की विशिष्ट व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टॉप कैटेगरी में 15 करोड़ से अधिक खपत वाले प्रोडक्ट की पेशकश करके उन्हें मजबूत बनाना है। प्रोडक्ट की वाइड रेंज के अलावाए अमेज़न बिज़नेस डैडम् को अपने अप्रत्यक्ष खर्च ;व्यवसाय चलाने के दौरान किए गए खर्चद्ध को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद करके उनके व्यवसाय को अधिक कुशलता से चलाने में भी मदद करता है। इसे प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और व्यापार अनुकूल सुविधाओं जैसे मल्टी.यूजर अकाउंट, खरीद के लिए अनुमोदन प्रणालीए खर्च विश्लेषण और अमेजॅन के भरोसेमंद और वर्ल्डदृक्लास फुलफिल नेटवर्क के माध्यम से सुरक्षित और विश्वसनीय डिलिवरी के माध्यम से संभव बनाया गया है। ळैज्प्छ के अलावाए बिजनस कस्टमर अब अपने ठनेपदमे च।छ द्वारा अमेज़न बिज़नेस पर रजिस्टर कर सकते हैं और अमेजन बिजनेस द्वारा प्रस्तुत सभी बेनिफिट का लाभ उठा सकते हैं। अमेजन बिजनेस ने शिबल टू शिप टूश् फीचर भी लॉन्च किया हैए जिसमें कस्टमर पूरे भारत में अपने बिजनस शिपमेंट के लिए अपने बिलिंग एड्रेस पर जीएसटी क्रेडिट क्लेम कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त हाल ही में लॉन्च किए गए एंड्रॉइड और आईओएस ऑप्टिमाइज्ड अमेज़ॅन बिजनेस ऐप को विशेष रूप से बिजनस कस्टमर के खरीद अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# दसवीं के बाद 12वीं में भी लावण्या ने जिले में किया टॉप

कविता। फरीदाबाद

**सीबीएसई** द्वारा जारी 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम में जिले में छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर जिले में टॉप किया है। इस कड़ी में जहां 12वीं की लावण्या जैन ने 99.4 प्रतिशत अंक तो वहीं 10 वीं कक्षा में आशुतोष सुदर्शन ने 99.2 प्रतिशत लेकर जिले में टॉप किया है।

12वीं में सैकेंड टॉप कायतिका सिंन्हा ने 98.8 प्रतिशत से तो वहीं अविरल जैन ने 98.4 प्रतिशत से तीसरा स्थान लिया है। सीबीएसई की जिला कोऑर्डिनेटर नीलिमा जैन ने बताया कि दसवीं कक्षा में 19 हजार छात्रों ने परीक्षा दी। जिले में करीब एक हजार से ज्यादा छात्रों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं।

### 10वीं में आशुतोष सुदर्शन ने किया टॉप

शिव नादर स्कूल के आशुतोष सुदर्शन ने 99.2 प्रतिशत, सेक्टर-15 निवासी अहाना ने 99 प्रतिशत, आर्यन सोनी ने 98.2 प्रतिशत, अमित साहू ने 97.8 प्रतिशत, मॉर्डन स्कूल की मुस्कान सैनी ने 99.2 प्रतिशत, तनिष्का चौहान ने 98.4 प्रतिशत, सक्षम जैन ने 98 प्रतिशत, एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की चारु गर्ग ने 98.8 प्रतिशत, देवांशिका शर्मा ने 98.6 प्रतिशत, एकता चौहान ने 98.4 अंक हासिल किए।

**प्रिंसीपल और टीचर खुशः** 12वीं कक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त करने वाली लावण्या जैन ने पायनियर को बताया कि विधि के क्षेत्र में अपना भविष्य सवांरना चाहती हैं। वह विधि के जरिये के समाज में बदलाव और वंचितों तक न्याय पहुंचाना चाहती हैं। लावण्या जैन ने 12वीं कक्षा डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में कला संकाय से की है। इन्होंने अपने 10वीं कक्षा के प्रदर्शन बरकरार रखते हुए 12वीं में भी 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने अंग्रेजी में 98, राजनीति शास्त्र में 99 अंक और इतिहास, शारीरिक शिक्षा और समाज शास्त्र में 100 अंक प्राप्त किए हैं।


99.4 प्रतिशत अंक लाकर जिले में टॉप करने वाली लावण्या अपनी मां ज्योति के संग।

लावण्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां ज्योति जैन और प्रधानाचार्य सुरजीत खन्ना व समस्त स्टाफ को दिया गया है। लावण्या अपनी मां को आदर्श और सबसे अच्छा मित्र भी मानती हैं। उन्होंने बताया कि वह ओमेक्स हाइट्स सेक्टर-86 में अपनी मां ज्योति जैन के साथ रहती हैं और 12वीं कक्षा में अंग्रेजी की अध्यापक इनकी मां ही थी। उन्होंने पढ़ाई में काफी सहयोग किया है।

लावण्या ने बताया कि वह तीन से चार घंटे ही पढ़ती हैं और इस दौरान केवल इफेक्टिव पढ़ाई पर ही ध्यान केंद्रित करती हैं। पाठ्यक्रम को इतना आसान बना लेती है कि उसे समझने में बहुत अधिक समय नहीं लगता। इसके अलावा स्कूल की संयोजक ममता गुप्ता भी पढ़ाई में काफी सहयोग किया।

# अवैध संबंधों का पता चलने पर महिला ने प्रेमी संग मिल की पति की हत्या

### घटना के विरोध में मृतक के परिजनों ने बीके चौक पर लगाया जाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पर्वतीय** कालोनी के नंगला रोड पर एक महिला ने अवैध संबंधों को लेकर अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला रेत कर हत्या कर दी। दोनों के अवैध संबंधों का पता चलने के बाद मृतक व्यक्ति लगातार विरोध कर रहा था। पति को रास्ते से हटाने की महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर योजना बना ली। जिसके तहत प्रेमी ने मृतक को बहाने से अपने घर बुला लिया। जिसके बाद दोनों हत्या की वारदात को अंजाम दे डाला। पता चलने पर आरोपी के पिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी तरफ इस घटना के विरोध में मृतक के परिजनों ने बीके चौक पर जाम लगा दिया। जाम करीब एक घंटे तक लगा रहा। बाद में पुलिस अधिकारियों ने गुस्साए लोगों को बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिलने पर लोग ने जाम खोल दिया। पुलिस के मुताबिक थाना सारन को सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली कि नंगला एरिया में एक युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही उच्च पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया। जिसपर डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान, एसीपी बड़खल सुखबीर सिंह, क्राइम ब्रांच डीएलएफ, थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना करते हुए घटनास्थल से अहम साक्ष्य एकत्रित किए।


बीके चौक पर जाम लगाते मृतक युवक के परजिन। इनसेट में देवेंद्र का फाइल फोटो

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मृतक का नाम देवेंद्र है, जिसकी उम्र करीब 34 वर्ष है। देवेंद्र पलवल के जटोली गांव का रहने वाला था और फिलहाल फरीदाबाद के नंगला एनक्लेव पार्ट एक में रह रहा था। देवेंद्र के तीन बच्चे हैं। जिसमे दो लड़के और एक लड़की शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी का नाम इमाम कुरेशी है। जो नंगला एनक्लेव पार्ट एक में ही रहता है। अविवाहित आरोपी इमाम कुरैशी का देवेंद्र की पत्नी सुनीता से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी प्रेम प्रसंग के चलते देवेंद्र की पत्नी के प्रेमी इमाम के साथ मिलकर देवेंद्र की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी के पिता कमल कुरैशी ने ही पुलिस को इसके बारे में जानकारी दी थी। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस द्वारा दोनो आरोपियों को राउंडअप किया गया है। दोनों से पुलिस गहनता के साथ पूछताछ कर रही है। मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# अफसरों की पहल पर निपटा नगर निगम-पुलिस का विवाद


एक्सईएन-चौकी इंचार्ज विवाद के लेकर निगमायुक्त कैम्प कार्यालय पर बैठक करते अधिकारीगण।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगर** निगम बल्लभगढ़ जोन के एक्शन पदम भूषण बल्लभगढ़ बस स्टैंड चौकी इंचार्ज उमेश शर्मा के बीच पिछले चार दिनों से चल रहे विवाद का आज निगम आयुक्त यशपाल यादव एवं पुलिस अधिकारियों व नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री के हस्तक्षेप के बाद पुलिस व निगम कर्मचारियों के बीच चल रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया है।

निगम आयुक्त के कैंप कार्यालय में निगम आयुक्त यशपाल यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में नगर निगम के एससी ओमवीर सिंह, एक्शन ओपी कर्दम व पदम भूषण नासवा तथा नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, राज्य उपप्रधान कमला, डिप्टी जनरल सेकेट्री सुनील चिंडालिया, फेडेरेशन के प्रधान रमेश जागलान, नरेश बैसला, अतर सिंह, जूनियर इंजीनियर वीर सिंह, जिला प्रधान दलीप बोहत, सचिव नानक चंद खेरालिया, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण खांडिया, रंजीत शुक्ला, वेद भड़ाना, अनूप चिंडालिया, शिवकुमार, पुलिस अधिकारी एसीपी मुनीष सहगल, सिटी थाना अध्यक्ष सत्यवान, पुलिस प्रवक्ता, बल्लभगढ़ बस अड्डा चौकी इंचार्ज उमेश शर्मा आदि उपस्थित थे। बैठक में नगर निगम के एक्सईएन पदम भूषण नासवा व उमेश शर्मा चौकी इंचार्ज नगर निगम पर बैठे आंदोलनकारी कर्मचारियों के बीच आए और दोनों ने हाथ मिलाया।

# एमवीएन अरावली के छात्र रहे उत्कृष्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीबीएसई** ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित किया। जिसमें एमवीएन अरावली हिल्स के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय की प्रतिष्ठा एवं गरिमा में चार चांद लगा दिए।

12वीं की परीक्षा में नॉन मेडिकल स्ट्रीम में श्रेय अरोड़ा 97.6 प्रतिशत, कॉमर्स स्ट्रीम में कोकिला डावरा 97.2 प्रतिशत तथा मेडिकल स्ट्रीम में संस्कृति गुप्ता 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में अव्वल रहे। 12वीं में 30 छात्रों ने 95 प्रतिशत और 100 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं



10वीं की परीक्षा में अग्रिम अर्श, निमिशा अवस्थी तथा मान्या गर्ग ने 99.6 प्रतिशत (498/500) अंक प्राप्त कर विद्यालय की अनवरत सफलता के इतिहास में एक नया और अभूतपूर्व स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। 8 छात्रों ने 99 प्रतिशत और उससे अधिक तथा 66 छात्रों ने 95: और उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपने तथा विद्यालय के मान को नया आयाम दिया। एमवीएन अरावली हिल्स का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन विद्यालय के प्रबंधन, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम का परिणाम है। इस उत्कृष्ट परीक्षाफल के लिए वरुण शर्मा (अध्यक्ष, एमवीएनसोसायटी), कांता शर्मा (प्रबंध निदेशिका, एम.वी.एन.सोसायटी), संतोष शर्मा (चॉसलर, एमवीएन. विवि), जेपी गौड़ (निदेशक, एमवीएन विद्यालय-समूह) तथा नीता अरोड़ा (प्रधानाचार्या, एमवीएन अरावली हिल्स) ने सभी सफल विद्यार्थियों को साधुवाद एवं बधाइयां दीं।

# रावल पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बारहवीं** बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देने की परंपरा का अनुसरण करते हुए इस वर्ष भी रावल पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ ने शानदार परिणाम दिया है। सभी स्ट्रीम में छात्रों का स्कोर इस प्रकार है। जिसमें मानविकी में ऋषिका ने 99.2 प्रतिशत, साइंस (नॉन मेड) में निखिल सिंह 96.6 प्रतिशत, वाणिज्य में राहुल ने 96.6 प्रतिशत, 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल की टॉपर बनीं ऋषिका सक्सेना। उन्होंने स्कूल के सभी शिक्षकों, प्रधानाचार्या और प्रबंधन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी छात्रों को एक संदेश दिया और कहा कि अथक प्रयासों और अडिग एकनिष्ठता में दृढ़ विश्वास रखें। साइंस स्ट्रीम के टॉपर निखिल सिंह ने कहा कि मनचाही सफलता पाने के लिए अपने दिल और आत्मा को पूरी सांस के साथ लगाना चाहिए। कॉमर्स स्ट्रीम के टॉपर राहुल ने कहा कि 96.6त्न



अंक प्राप्त करने में केवल उनका ही नहीं बल्कि उनके सभी अध्यापकों का भी अथक प्रयास और योगदान रहा है। इसके अलावा 27 छात्रों ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में कुल 90 फीसद से अधिक अंक प्राप्त किए। रावल ग्रुप्स के चेयरमैन सीबी रावल ने प्रिंसिपल राखी वर्मा, सभी शिक्षकों, छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी। रावल ग्रुप्स के प्रो चेयरमैन अनिल रावल ने भी सभी शिक्षकों के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

# नवजात शिशु का हुआ फोर्टिस अस्पताल में सफल ऑपरेशन

### शिशु ट्रैकिईसोफेगल फिस्टुला के साथ जन्मा था, नई खाद्य नली लगाने के लिए की गई करेक्टिव सर्जरी



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फोर्टिस** अस्पताल नोएडा में एक ऐसे प्री-टर्म (32 हफ्ते) शिशु का सफल ऑपरेशन किया गया है जिसका जन्म के समय वज़न मात्र 1.9 किलोग्राम था और जो दुर्लभ किस्म के विकार ट्रैकिईसोफेगल फिस्टुला (ऐसा विकार जिसमें खाद्य और श्वसन नली असामान्य रूप से आपस में जुड़ी होती हैं) के साथ जन्मा था। इसके अलावा, वह जन्म से ही कई जीवनघाती रोगों से भी जूझ रहा था। शिशु को नया जीवनदान देने के लिए अस्पताल में करेक्टिव सर्जरी की गई।

शिशु एक दुर्लभ किस्म की विसंगति-वैक्टेरल एनोमली से भी प्रभावित था। जन्म से पूर्व हुए अल्ट्रासाउंड में कई अन्य विकारों जैसे कि हृदय में छेद होने, राइट हॉर्सशू किडनी, स्पाइन में न्यूरल ट्यूब विकार तथा असामान्य गुप्तांगों का भी पता चला था। जन्म के कुछ ही समय के भीतर शिशु को सांस में तकलीफ होने लगी थी और उसे नियोनेटल आईसीयू में शिफ्ट किया गया जहां उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। शिशु को नेसोगैस्ट्रिक ट्यूब के जरिए भोजन नहीं दिया जा सकता था क्योंकि यह ऊपरी श्वसन नलिका (ईसोफेगस) में लिपट रही थी। आरंभिक जांच जैसे कि ब्लड टैस्ट, छाती का एक्स-रे और 2डी इकोकार्डियोग्राफी से ट्रैकिईसोफेगल फिस्टुला तथा राइट हॉर्सशू किडनी (इस स्थिति में दोनों गुर्दे चिपके हुए होते हैं या आपस में जुड़े होते हैं) की पुष्टि हुई। प्री-टर्म होने, जन्म के समय कम वज़न समेत अन्य कई जन्मजात विकारों के चलते जन्म के दूसरे दिन शिशु की चुनौतीपूर्ण और जटिल सर्जरी की गई। लेकिन सर्जरी के बाद शिशु की हालत काफी बिगड़ गई, उसे निमोनिया हो गया जिसके लिए लंबे समय तक पेरेंटेरल न्यूट्रिशन और वेंटिलेटरी सपोर्ट पर रखना जरूरी था।

डॉ आशुतोष कुमार सिन्हा, डायरेक्टर एवं एचओडी, पिडियाट्रिक्स, फोर्टिस अस्पताल नोएडा ने इस बारे में कहा, यदि ऐसे मामलों का समय पर निदान और इलाज नहीं होता, तो काफी गंभीर किस्म की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है और बार-बार निमोनिया जैसी बीमारियों के चलते अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ती है। इसके अलावा, यदि तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं दी जाए तो कई किस्म के संक्रमणों का खतरा भी ज्यादा रहता है। यदि इलाज में देरी की जाए तो ट्रैकिईसोफेगल फिस्टुला एक घातक किस्म का जन्मजात विकार साबित होता है। ऐसे मामले 5000 में एक ही होते हैं। उस पर हृदय संबंधी विकारों, निमोनिया और जन्म के समय कम वज़न जैसी अन्य जटिलताओं की वजह से सर्जरी तथा मरीज़ के बचने की संभावना और भी मुश्किल हो जाती है।

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने दी गुरुदक्षिणा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सीबीएसई** की 12वीं कक्षा के घोषित हुए परिणामों में विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल, घरोड़ा के छात्रों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल की 12वीं कक्षा के सभी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा पास की।

स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। रिजल्ट के बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने बताया कि हर बार की तरह ही इस बार भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है साथ ही यह भी हमारे लिए खुशी की बात है कि 12वीं कक्षा के सभी छात्रों ने फर्स्ट डिवीज़न से परीक्षा पास की है। दीपक यादव ने कहा कि किसी भी गुरु के लिए इससे अच्छी गुरुदक्षिणा नहीं हो सकती। इस वर्ष कुल 60 छात्रों ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा दी थी जिसमें टॉप 3 पोजीशन पर छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर उन्हें काफी उत्साहित किया है। इसे लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे फ्री एडमिशन, छात्रवर्ति और लैपटॉप आदि के वितरण की सफलता के रूप में देखा जा सकता है।

# हिमांशु और सोफिया ने स्कूल नाम किया रोशन

### विज्ञान वर्ग में हिमांशु ने 96 प्रतिशत प्रथम, 94 प्रतिशत अंकों के साथ रेनू मीणा ने द्वितीय तथा आस्था ने 90 फीसद अंक पाए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केन्द्रीय** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं के नतीजे घोषित किए गए। विज्ञान वर्ग में हिमांशु ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, 94 प्रतिशत अंकों के साथ रेनू मीणा ने द्वितीय तथा आस्था ने 90 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कला वर्ग में सोफिया ने 96 प्रतिशत के साथ प्रथम, 94 प्रतिशत अंकों के साथ मानसी ने द्वितीय तथा मेघा ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों ने भी



अपनी योग्यता का प्रर्दशन करते हुए सफलता प्राप्त की। जिसमें अविनाश और यशम ने 89 प्रतिश अंको के साथ प्रथम, उपाज्ञा और गोविन्द ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा आस्था ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विशेष उपलब्धि के साथ सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विविध विषयों में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए सफलता अर्जित की। संगीत विषय में हिमांशु और प्रतिभा ने 100 अंक तथा सोफिया ने इतिहास में 100 अंक तथा तन्नी सेठी ने कॉमर्स में 84 प्रतिशत प्राप्त किये। 98 प्रतिशत विद्यार्थियो ने अलग-अलग विषयों में 99 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त किये।

इस शुभ अवसर पर सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भड़ाना तथा प्रधानाचार्या शुभ्रता सिंह व उपप्रधानाचार्या नंदा शर्मा, ऐकडेमिक हेड कविता शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के परिश्रम व अच्छे अंको से सफलता प्राप्त करने की सरहाना की। सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य निदेशक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र भड़ाना ने पीजीटी विभाग के शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए उन्हें इस सफलता का श्रेय दिया तथा 100 प्रतिश रिजल्ट प्राप्त करने के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं भी दी व कक्षा 12वीं में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके सुनहरे भविष्य की कामना की तथा आगामी जीवन में सफलता अर्जित करने हेतु मंत्र भी दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रेखा ने दूसरा और सुरेन्द्र ने पाया पांचवां स्थान



**फरीदाबाद।** जैसा कि सर्वविदित है कि एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरे क्षेत्र में जाना जाता है। हर साल संस्थान से निकले हुए बच्चे अच्छी जगह पर नौकरी पाकर अपना व संस्थान का नाम रौशन करते हैं। विगत कई वर्षों से संस्थान के विद्यार्थियों का यूनिवर्सिटी में भी उच्च स्थान प्राप्त करना संस्थान के लिए गौरव एवम हर्ष का विषय रहा है। इसी क्रम में इस बार भी यहां की छात्रा रेखा ने एमफार्मेसी में पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेस रोहतक में दूसरा स्थान प्राप्त किया। रेखा ने 650 में से कुल 526 अंक प्राप्त कर ये उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ संस्थान के छात्र सुरेंदर ने भी एम0फार्मेसी में 512/650 अंक लेकर पांचवा स्थान प्राप्त किया। छात्रों द्वारा हासिल की गई यह सफलता उनके माता पिता एवम् संस्थान के सभी अध्यापकों एवं स्टाफ के लिए गर्व का विषय है। चेयरमैन एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स ओर प्राचार्य डॉ अर्पणा राणा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को परिश्रम के ऊपर हमेशा विश्वास रखना चाहिए । मेहनत के बल पर हर मुकाम जीवन मे पाया जा सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बौहरा पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



**फरीदाबाद।** शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें बौहरा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के विभिन्न संकायों मे बच्चों ने वरीयता प्राप्त की। जिसमें प्रथम स्थान काजल ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान भूमिका सिंगला 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तृतीय स्थान निशा ने 91.2 प्रतिशत से प्राप्त किए। काजल ने जीव विज्ञान में 100 प्रतिशत तथा भूमिका सिंगला ने वाणिज्य संकाय में 100 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 25 बच्चे रहें। इस अवसर पर स्कूल के चेयरपर्सन महेन्द्र बोहरा एवं स्कूल के प्राचार्य रोहन खन्ना ने बच्चों को शुभकामनांए देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एमडीपीएस के वैभव के आए 99 प्रतिशत अंक



**फरीदाबाद।** मॉर्डन दिल्ली पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के छात्रों ने सत्र 2021-22 के लिए सीबीएसई बारहवीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 443.74 गुणवत्ता सूचकांक के साथ स्कूल का औसत कुल 88.75 प्रतिशत है। कॉमर्स स्ट्रीम से वैभव चड्ढा 99.00 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉपर हैं, उसके बाद मोहिनी गोयल (मानविकी-98.60 प्रतिशत), आदित्य माथुर (नॉन मेडिकल - 98.20 प्रतिशत), मान्या गुप्ता (मेडिकल - 98.20 प्रतिशत), अयान अहमद सिद्दीकी (कॉमर्स - 98.20 प्रतिशत) हैं। अलहजीत कौर मल्होत्रा के मानविकी- 98.20 प्रतिशत है। यह योग्य नहीं है कि इस परीक्षा में बैठने वाले 406 छात्रों में से 97 छात्रों ने 95 प्रतिशत और उससे अधिक और 219 छात्रों ने 90 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। निदेशक प्राचार्य डॉ. उदय वर्मा ने शानदार प्रदर्शन के लिए चमकते सितारों, आकाओं और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने साझा किया, 'प्रत्येक मील के पत्थर के साथ हम अपने लिए बार बढ़ाते हैं और नए मानक स्थापित करते हैं। हमारे पास असाधारण कार्य नैतिकता है और हम दूसरों से अपेक्षा की अपेक्षा स्वयं से अधिक अपेक्षा करते हैं। यह हमारे जुनून को प्रज्वलित करता है और हमें उत्कृष्टता की ओर ले जाता है।'

### काजल ने प्राप्त किए 91 प्रतिशत अंक



**फरीदाबाद।** सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें तरुण निकेतन पब्लिक स्कूल का कक्षा बारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें 23 छात्रों ने मैरिट लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसमे काजल ने 91 प्रतिशत अंक लिए है। विद्यालय के मैनेजमेंट ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की प्रधानाचार्या रंजना सोबती ने मैसेज के जरिए अध्यापकों, छात्रों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में सफलता पूर्ण कदम बढ़ाने की कामना की।

### एमवीएन-17 के छात्रों का 10वीं और 12वीं में असाधारण प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** सीबीएसई के द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं की परीक्षा में एमवीएन-17, फरीदाबाद के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 12वीं में एमवीएन-17 के छात्रों ने मेडिकल, नॉन मेडिकल तथा कॉमर्स इन तीनों संकायों में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से अपनी श्रेष्ठता का परचम लहरा दिया है। कॉमर्स संकाय में मानव मंगला ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ऐश्वर्या ठक्कर, संचिता त्रिपाठी तथा लावण्या जुल्का ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मुकुल बंसल तथा जतिश आहूजा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। नॉन मेडिकल के छात्र आर्यन बुद्धिराजा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तत्सम रंजन शर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। परी गोयल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मेडिकल में नव्या बंसल ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। धेर्या गर्ग ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अदिति कुलश्रेष्ठ ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं 10वीं की परीक्षा में चयनिका सिंह तथा श्रेयम पराशर ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सोमिता अग्रवाल ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान तथा प्रदक्षिणा और आरूषी गोदारा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि 80 /219 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 142 / 219 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण एनसीआर में अपनी श्रेष्ठता का परचम लहरा दिया है। एमवीएन सदैव अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ सुविधा, शिक्षण एवं श्रेष्ठतम पढ़ाई के लिए उचित वातावरण उपलब्ध कराता है। एमवीएन के इस शानदार प्रदर्शन में विद्यालय के प्रबन्धक तथा अध्यापकों का योगदान अविस्मरणीय है। एमवीएन की इस असाधारण सफलता के लिए एमवीएन की प्रबन्ध निदेशक कान्ता शर्मा, एमवीएन के प्रेसिडेन्ट वरूण शर्मा, एमवीएन के डायरेक्टर जय प्रकाश गौड़, एमवीएन के एकेडमिक्स डायरेक्टर प्रफुल्ल अग्रवाल तथा एमवीएन-17 की प्राचार्या अगल्या वेंकटेश ने समस्त छात्रों व अध्यापकों को अपनी हार्दिक बधाई दी है।

# आदिवासी महिला राष्ट्रपति

## स्वागत द्रोपदी मुर्मू

**राष्ट्रीय** जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू की राष्ट्रपति चुनाव में विजय लगभग पहले से ही निश्चित थी। भारतीय जनता पार्टी नीत राजग ने बहुत चालाकी से उम्मीदवार के रूप में एक आदिवासी महिला को चुना था। ऐसी राजनीति में जहां प्रतीकवाद व पहचान को सर्वोच्च महत्व मिल गया हो, राजनीतिक पार्टियों के लिए एक आदिवासी महिला के खिलाफ मतदान करना बहुत कठिन हो गया था। यहां तक कि हाल ही में महाराष्ट्र मुख्यमंत्री पद से हटाए गए शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे किसी कारण राजग का समर्थन नहीं करना चाहते थे, लेकिन मजबूरी में उनको मुर्मू का समर्थन करना पड़ा क्योंकि यदि ऐसा न होता तो उनको आदिवासी-विरोधी व गरीब-विरोधी कहा जा सकता था। इसी तरह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी उनका समर्थन करना पड़ा। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भी मुर्मू का समर्थन करना पड़ा क्योंकि वे उसी राज्य से थीं। यहां तक कि ओडिशा के एक कांग्रेस विधायक ने भी मुर्मू को वोट दिया क्योंकि वे पहले झारखंड में राज्यपाल के रूप में काम कर चुकी थीं। कहा जाता है कि मेघालय और तेलंगाना में भी कांग्रेस विधायकों ने उनको वोट दिया। पहचान की राजनीति का यही लाभ है। कम राजनीतिक समर्थन के साथ ही विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा की ऐसी पृष्ठभूमि नहीं थी जो राजनीतिक रूप से आकर्षक हो। जहां उनको 34 दलों का समर्थन प्राप्त था, वहीं 44 पार्टियां द्रोपदी मुर्मू का समर्थन कर रही थीं। लेकिन जैसा कि पहले बताया गया है उनको क्रास-वोटिंग का लाभ भी मिला। वे 25 जुलाई को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी।



राष्ट्रपति चुनाव बीत जाने के बाद अब उनके पास संविधान को बनाए रखने का कठिन कार्य होगा। कुछ दिनों बाद वे जिस पद पर आएंगी वह उनको ऐसा करने का अधिकार देता है। वे अपने लिए अनेक रास्तों में से एक का चयन कर सकती हैं। सबसे आसान रास्ता रबर-स्टांप राष्ट्रपति बनने का है। इसका अर्थ है कि सरकार उनसे जो चाहे वे वही करें और किसी विवाद से बचने का प्रयास करें। अन्य के अलावा फखरुद्दीन अली अहमद ने यह रास्ता अपनाया था। उन्होंने जिस आज्ञाकारिता के भाव से 25 जून, 1975 को बिना तत्कालीन कैबिनेट की सहमति प्राप्त किए केवल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के इशारे पर आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर कर दिए, उससे एक राष्ट्रपति के रूप में उनकी आभाहीन छवि भी ध्वस्त हो गई। उन्होंने ऐसे निर्णय को अपनी सहमति दे दी जिसने 21 महीनों तक लोकतंत्र को ध्वस्त कर दिया था। 1997-2002 तक राष्ट्रपति रहे के.आर. नारायणन अहमद के एकदम उलट थे। वामपंथी झुकाव वाले नारायणन हमेशा हस्तक्षेप करते रहते थे। सबसे बड़ी बात, उन्होंने सबसे बड़ी पार्टी के नेता को सरकार बनाने की परंपरा का उल्लंघन किया और अटल बिहारी वाजपेयी से अपने समर्थन में पत्र देने को कहा। इस प्रकार अनेक पूर्व-उदाहरण हैं जिन्होंने एक संवैधानिक अस्पष्टता पैदा कर दी है जिससे हमारी व्यवस्था को मुक्ति पानी है। ऐसे में मुर्मू व वास्तव में अधिकांश जनता के लिए सबसे अच्छा मार्ग भगवान बुद्ध द्वारा बताया मध्यम मार्ग है। निष्क्रियता व अति-सक्रियता के अतिरेक से बचना होगा। जहां तक सरकार का सवाल है, आदर्श राष्ट्रपति न तो लगातार अपनी उपस्थिति जताने वाला होना चाहिए और न परिदृश्य से एकदम गायब। इससे सर्वोच्च पद की गरिमा भी बहाल होगी जो कुछ पूर्ववर्तियों के कारण धूमिल हो गई है। उम्मीद करनी चाहिए कि श्रीमती द्रोपदी मुर्मू राष्ट्रपति के रूप में अपने कामकाज के लिए भगवान बुद्ध द्वारा निर्देशित मध्य मार्ग चुनेंगी क्योंकि यह मार्ग सरकार तथा जनता, दोनों के हितों के अनुकूल होगा।

# बिजली विधेयक से सुधार की उम्मीदें

### प्रमुख प्राविधानों के हल्के करने के कारण बिजली विधेयक, 2021 सुधार के लक्ष्य प्राप्त करने में पूर्णतः सफल नहीं हुआ है। इसका कारण गैर-भाजपा शासित राज्यों का विरोध है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने बिजली संशोधन विधेयक या ईएबी, 2021 पेश किया था जिसका उद्देश्य बिजली कानून, 2003 में संशोधन करना था। इसमें दो परिवर्तनकारी सुधार प्रस्तावित थे- बिजली वितरण बिजनेस को लाइसेंसिंग से मुक्त करना तथा सब्सिडी का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी। वितरण बिजनेस को लाइसेंस मुक्त करने का उद्देश्य प्रतियोगिता को बढ़ावा देना तथा उपभोक्ता को सप्लायर चुनने की स्वतंत्रता देना, यानी 'खुली पहुंच' सुनिश्चित करना है। हालांकि, केन्द्रीय बिजली मंत्रालय संसद के वर्तमान मानसून सत्र, 2022 में एक विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहा है, पर इसमें से दोनों प्राविधान छोड़ दिए गए हैं। पुरानी व्यवस्थाओं में सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू, जैसे नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन-एनटीपीसी, आदि व स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी तथा राज्य बिजली बोर्डों-एसईबी द्वारा उत्पादित बिजली का बड़ा हिस्सा बिजली खरीद समझौतों-पीपीए के अंतर्गत बिजली वितरण कंपनियों या डिस्काम द्वारा खरीदा जाता है। अधिकांशतः इन डिस्काम का स्वामित्व व नियंत्रण राज्य सरकारों के पास है। इनमें से अधिकांश पीपीए दीर्घकालीन 25 वर्ष तक के अनुबंध हैं। इसके अतिरिक्त केवल पांच प्रतिशत बिजली का व्यापार होता है। राज्य अवस्थापनाओं में सर्वोच्च राजनीतिक आकाओं के निर्देश से डिस्काम अपने द्वारा खरीदी बिजली का बड़ा हिस्सा कुछ खास किस्म के उपभोक्ताओं, जैसे गरीब परिवारों व किसानों को खरीद, ट्रांसमिशन व वितरण पर आने वाली कीमत के एक छोटे हिस्से पर या मुफ्त दे देती हैं। इन लक्षित समूहों को सप्लाई की जाने वाली यूनिटों पर उनको भारी नुकसान होता है। यह स्थिति समग्र तकनीकी व वाणिज्यिक नुकसान-एटीएंडसी के कारण और गंभीर हो जाती है जिसे सीधी सरल भाषा में चोरी कहा जा सकता है।

आईपीपी-पीएसयू को लागत-प्लस फार्मूले के अंतर्गत अतिरिक्त टैरिफ के कारण राजस्व का नुकसान होता है। इस नुकसान को कम करने के लिए डिस्काम गैर-गरीब एसएच-एनपीएचएच, उद्योगों व बिजनेसों से ज्यादा टैरिफ लेते हैं। बिजली सप्लाई का एकाधिकार होने के कारण उनके पास भुगतान का कोई विकल्प नहीं होता है। यह बात अलग है कि क्रास-सब्सिडी के बावजूद समग्र रूप से डिस्काम को लगातार भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है। कोई कारण नहीं है कि उद्योगों-बिजनेसों व एनपीएचएच को 'उचित' दरों पर बिजली सप्लाई तक पहुंच नहीं होनी चाहिए। लेकिन ऐसा तभी संभव है जब उनको वैकल्पिक स्रोतों तक पहुंच मिले जिसके लिए निजी कंपनियों को वितरण बिजनेस की अनुमति मिलनी चाहिए। इस पृष्ठभूमि में सरकार द्वारा विधेयक में परिवर्तन का सुझाव उचित था। अतः इसे छोड़ना एक प्रतिगामी कदम है। केन्द्र द्वारा इस कदम से पीछे हटने का कारण विपक्ष-शासित राज्यों द्वारा प्रस्ताव का विरोध है। उनका तर्क है कि यह संघवाद पर हमला है और यह 'राज्य की संप्रभुता में हस्तक्षेप' होगा। संविधान के अंतर्गत बिजली उत्पादन व पारेषण-जीएंडटी केन्द्र सरकार के अंतर्गत है, जबकि वितरण राज्य का विषय है। राज्य विषयवस्तु में इस व्यापक वर्गीकरण का लाभ उठा कर तर्क देते हैं कि केन्द्र को उन नीतियों में परिवर्तन का कोई अधिकार नहीं है जिनका संबंध बिजली वितरण से है।

हालांकि, 'समन्वित' सप्लाई श्रृंखला में उत्पादन व पारेषण के साथ वितरण भी महत्वपूर्ण तत्व है। यह आवश्यक गुणवत्ता में सभी उपभोक्ताओं तक अबाधित व सस्ते दामों पर बिजली पहुंचाने के लिए जरूरी है। लक्षित उद्देश्य प्राप्त करने के लिए राज्यों को जीवन्त व स्वस्थ बनाए रखना जरूरी है क्योंकि किसी एक की कमजोरी पूरी व्यवस्था के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। बिजली वितरण सप्लाई श्रृंखला में सबसे बड़ी कमजोरी है और इस क्षेत्र में तत्काल सुधार जरूरी हैं। राज्यों को इस प्रस्ताव पर केन्द्र को आगे बढ़ने देना चाहिए तथा अधिकार क्षेत्र संबंधी सवालों को बाधा नहीं बनने देना चाहिए। इसके साथ ही केन्द्र ने एक क्षेत्र में अनेक सप्लायरों संबंधी संशोधन प्रस्ताव रखा है। प्रथमदृष्टया लगता है कि अन्य सप्लायर राज्य डिस्काम दरों से कम दरों पर बिजली सप्लाई करने में सक्षम होंगे। लेकिन यह स्थिति भ्रामक है क्योंकि नेटवर्क का स्वामित्व डिस्काम के पास रहेगा और असली मालिक, यानी राज्य सरकारें राज्य डिस्काम के अलावा किसी अन्य सप्लायर को इसमें शामिल नहीं होने देंगी।

व्यावहारिक दृष्टिकोण से देखें तो संशोधित बिजली कानून, 2003 के अंतर्गत थी 'खुली पहुंच' का एक प्राविधान था जो बड़े खरीदारों को अपना सप्लायर चुनने का अधिकार देती थीं। लेकिन कानून का एक अन्य प्राविधान ऐसे ग्राहकों को उस डिस्काम को 'खुली पहुंच सरचार्ज'-ओएएस देने की व्यवस्था करता था जिसे वे छोड़ना चाहती हों। सरचार्ज को ऊंची दर पर रख कर राज्यों ने सुनिश्चित किया कि बिजली की प्रभावी लागत उससे अधिक हो जो वे डिस्काम को देती थीं। इसमें नए सप्लायर द्वारा लिया जाने वाला टैरिफ तथा ओएएस शामिल है। इस कारण यह परिवर्तन आर्थिक रूप से हानिकारक था। इसी कारण दो दशक बाद भी कुछ नहीं बदला है। विधेयक में एक और बड़ा सुधार डीबीटी था। पुरानी व्यवस्थाओं के अंतर्गत लक्षित समूहों जैसे किसानों व गरीब परिवारों को मिलने वाली सब्सिडी उनके द्वारा दिए जाने वाले टैरिफ में शामिल थी। उदाहरण के लिए, यदि खरीद व पारेषण तथा वितरण पर 5 रुपये प्रति यूनिट खर्च आता है तो किसान से 5 रुपये लेने के बजाय डिस्काम उससे भुगतान 'नहीं' लेती थी। इसके बदले वह इस धनराशि की प्रतिपूर्ति करने की मांग राज्य सरकार से करती थी। डीबीटी के अंतर्गत डिस्काम किसान से हर यूनिट का 5 रुपये भुगतान किसान से लेगी और राज्य सरकार यह धनराशि सीधे किसान के बैंक खाते में हस्तांतरित करेगी। इससे अनेक प्रकार के लाभ होंगे। किसानों व गरीब परिवारों के दृष्टिकोण से उनको कोई पैसा नहीं देना होगा तथा डिस्काम को ऐसी बिक्री से कोई घाटा नहीं उठाना पड़ेगा। इससे नुकसान से मुक्ति मिलेगी। इस कारण उनको उद्योगों, बिजनेस व एनपीएचएच से ज्यादा पैसा नहीं लेना पड़ेगा, जबकि वर्तमान व्यवस्था में क्रास-सब्सिडी के रूप में उनको ऐसा करना पड़ता है। जब सब्सिडी हस्तांतरण के लिए डिस्काम राज्य पर निर्भर नहीं होंगे तो उनको नियंत्रण से मुक्त होना आसान होगा। यदि डिस्काम स्वायत्तशासी कार्पोरेट उद्यमों में बदल जाते हैं तो इससे आईपीपी से पीपीए के अंतर्गत बिजली खरीद कम दामों पर संभव होगी और चोरी पर लगाम लगना संभव होगा। इसके साथ ही डिस्काम अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे तथा निजी सप्लायरों से प्रतियोगिता की स्थिति में होंगे। ऐसे में 'वितरण बिजनेस को लाइसेंस से मुक्त करने' का कोई विरोध नहीं होगा और इससे 'खुली पहुंच' का क्रियान्वयन भी आसान हो जाएगा। इसके बावजूद राज्य डीबीटी का विरोध कर रहे हैं। इसका कारण यह है कि डिस्काम के माध्यम से सब्सिडी की वर्तमान व्यवस्था में राज्य सरकारें सहज अनुभव करती हैं। वे प्रतिपूर्ति के मामले में ढिलाई बरतती हैं, पूरा भुगतान नहीं करती हैं तथा उसमें विलम्ब करती हैं। डीबीटी के अंतर्गत वे ऐसा कुछ करने में सक्षम नहीं होंगी।

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शनकारी किसानों की एक मांग से भी केन्द्र सरकार पर दबाव बढ़ा जो ईएबी, 2022 से डीबीटी को हटाने की मांग कर रहे थे। दो सुधार-डीबीटी व वितरण को लाइसेंस मुक्त करना डिस्काम को हाशिए से निकालना तथा उनको वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। इससे सभी उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली देना भी संभव होगा। इन सुझावों को हटाने का अर्थ 'हमेशा की तरह' बिजनेस हो जाएगा। इससे डिस्काम का घाटा बढ़ेगा, आईपीपी व पीएसयू पर उनका बकाया बढ़ेगा, उद्योगों व बिजनेसों तथा एनपीएचएच से ज्यादा चार्ज लिया जाएगा और बैंकों का एनपीए भी बढ़ेगा। ईएबी, 2022 में अनेक प्राविधान हैं जिसमें उत्पादनकर्ता कंपनियों के लिए 'भुगतान सुरक्षा व्यवस्था' तथा ग्रिड आपरेटर नेशनल लोड डिस्पैच सेंटर-एनएलडीसी को सशक्त बनाना शामिल है ताकि उन राज्यों को बिजली डिस्पैच बंद किया जा सके जो अनुबंधित सप्लाई के लिए सुरक्षा भुगतान नहीं देते हैं। इसका उद्देश्य डिस्काम को अपना बकाया समय पर देने को मजबूर करना है। लेकिन दुर्भाग्य है कि डिस्काम को 'जीवन्त' व 'स्वस्थ' बनाने के लिए महत्वपूर्ण उपरोक्त दो सुधारों को विधेयक में छोड़ दिया गया है। यह एक प्रतिगामी कदम है जिससे नुकसान होगा।

# नेपाल में नहीं श्रीलंका जैसा कर्ज संकट

**नीरज सिंह मिन्हास**
(इंडो-पैसिफिक कंसोर्टियम के निदेशक)

अनेक राजनीतिक-आर्थिक विश्लेषकों ने श्रीलंका के संकट की तुलना नेपाल के वर्तमान आर्थिक संकट से की है। कुछ का कहना है कि नेपाल भी श्रीलंका के रास्ते पर चल रहा है, लेकिन यह कहना ठीक नहीं है। श्रीलंका के उलट, नेपाल पर्यटन और विदेशों से मुद्रा प्रेषण में वृद्धि देख रहा है और यह पहाड़ी देश वर्तमान वित्तीय संकट से बच सकता है।

नेपाल वर्तमान में लिक्विडिटी या मुद्रा तरलता की समस्या के कारण ऋण-संकट का सामना कर रहा है। नेपाल में पिछले साल भी इसी तरह की स्थिति देखी गई थी। लगभग सभी बैंकों का क्रेडिट जमा अनुपात 90 प्रतिशत को पार कर गया है, जिसने उन्हें ग्राहकों को पैसा उधार देने से रोक दिया है। इस अवधि के दौरान, जमा ब्याज दरों में तेजी आई है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि जमा राशि पर्याप्त रूप में पर्याप्त नहीं है। सरकार योजनानुसार अपने बजट का उपयोग करने में असमर्थ है, इससे नेपाल की अर्थव्यवस्था में वित्त -प्रवाह पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

श्रीलंका में मौजूदा वित्तीय संकट ने इस द्वीपीय राष्ट्र में राजनीतिक अनिश्चितता और संघर्ष को जन्म दिया है। इसे 'कर्ज में फंसा' और अंतरराष्ट्रीय ऋण दायित्व को पूरा करने में असमर्थ माना जाता है। इस पृष्ठभूमि में, कुछ नेपाली अर्थशास्त्री भी नेपाल की अर्थव्यवस्था को लेकर निराश हैं और नेपाल की दुर्दशा की तुलना श्रीलंका से करते हैं। हालांकि, वित्तीय संकेतक बताते हैं कि नेपाल को निम्नलिखित कारणों से श्रीलंका जैसी गंभीर स्थिति का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अनेक कारण हैं।

पहला, नेपाल सरकार और नेपाल राष्ट्र बैंक ने पहले ही नेपाल के विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करने के लिए सकारात्मक वित्तीय उपाय किए हैं। दूसरा, नेपाल का वर्तमान मुद्रा भंडार लगभग साढ़े छह महीने के लिए आयात को कवर कर सकता है, जो कि थोड़ी चिंताजनक विदेशी मुद्रा-स्थिति है, लेकिन अगर कुछ वित्तीय उपाय किए जाते हैं तो यह चिंता का कारण नहीं है। तीसरा, नेपाल का विदेशी ऋण खतरनाक स्तर पर नहीं है, और उसके विदेशी ऋणों की अदायगी उसके वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार से पूरी की जा सकती है।

इसके अलावा, नेपाल ने मामूली ब्याज दर और लंबी चुकौती अवधि के साथ एक विदेशी ऋण लिया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यह तुरंत विदेशी विनिमय भंडार से खाली नहीं हो जाएगा। इसके साथ ही पिछले दो महीनों में, अदायगी प्रवाह में वृद्धि शुरू हो गई है। यह आने वाले दिनों में विदेशी बाजारों में कोविड-19 छूट, अधिकांश देशों में आंदोलन प्रतिबंधों को हटाने और हाल के वर्षों में आउटबाउंड नेपाली प्रवासी श्रमिकों में उल्लेखनीय वृद्धि के परिणामस्वरूप जारी रहने का अनुमान है, जो अदायगी को मजबूत करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि देश के पर्यटन उद्योग में सुधार होना शुरू हो गया है, जो नेपाल के लिए विदेशी नकदी का एक अन्य प्रमुख स्रोत है। नेपाल के व्यापार घाटे को दूर करने के लिए, सरकार और केंद्रीय बैंक ने आयात प्रतिबंध लगाए हैं।

हालांकि, ऐसी लक्जरी वस्तुओं को अलग करने की आवश्यकता है जिनका विदेशी मुद्रा भंडार पर प्रभाव पड़ेगा। विदेशी शराब भले ही नेपाल में विलासिता की वस्तु मानी जाती हो, पर इसके बावजूद, खासकर विदेशी पर्यटक नेपाल में रहने के दौरान भी शराब के उस स्वाद को पसंद करते हैं जिससे वे परिचित हैं। इसलिए, एक मायने में, शराब के आयात पर प्रतिबंध में ढील देने से वास्तव में विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। गैर-आवश्यक और आवश्यक वस्तुओं का आयात भी एक महत्वपूर्ण कारक है। व्यापार असंतुलन को दूर करने और विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने के लिए आवश्यक और गैर-आवश्यक वस्तुओं का स्थायी वर्गीकरण आवश्यक है।

इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग बढ़ाना भी जरूरी है। जीवाश्म ईंधन की बढ़ती मांग के कारण, विदेशी मुद्रा को काफी मात्रा में बचाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आने वाले वर्षों में पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम होनी चाहिए। निकट भविष्य में, नेपाल की अर्थव्यवस्था विदेशों से स्वदेश भेजे जाने वाले प्रेषणों पर बहुत अधिक निर्भर रहेगी।

चूंकि चार मिलियन से अधिक नेपाली विदेशों में काम करते हैं और इस संख्या में वृद्धि जारी है, यह विदेशी धन का देश का प्राथमिक स्रोत रहा है। कोविड -19 के परिणामस्वरूप, पर्यटन उद्योग ने भी सुधार किया है। हालांकि, उन्होंने देश के लिए जो विदेशी मुद्रा निर्मित की है, उसे विलासिता की वस्तुओं के आयात पर बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए।

प्रमुख पनबिजली परियोजनाओं को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ा जा रहा है, जो अपने पड़ोसियों को अतिरिक्त ऊर्जा निर्यात करके देश को विदेशी धन कमाने में मदद कर सकता है। जलविद्युत क्षेत्र का उपयोग देश के विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। कृषि क्षेत्र एक अन्य क्षेत्र है जिसमें दुनिया भर में जैविक वस्तुओं का निर्यात करके नेपाल के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा करने की क्षमता है।

कुल मिला कर संक्षेप में कहा जा सकता है कि अद्वितीय नेपाली हस्तशिल्प और हस्तनिर्मित गहनों का निर्यात देश के विदेशी मुद्रा भंडार में योगदान कर सकता है। नवीनतम एमसीसी नेपाल समझौते का उद्देश्य बिजली की आपूर्ति को बढ़ावा देना और सड़क संपर्क में सुधार करके नेपाल में परिवहन लागत को कम करना है। ये निवेश नेपाली सरकार को अपने नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने, देश भर में माल की आवाजाही की सुविधा प्रदान करने और निजी निवेश के नए अवसर प्रदान करने में सहायता करेंगे।

इसके अलावा, एमसीसी नेपाल कॉम्पैक्ट बिजली की उपलब्धता को बढ़ावा देगा और परिवहन की लागत को कम करेगा, जिससे निवेश बढ़ाने, आर्थिक विकास में तेजी लाने और गरीबी को कम करने में मदद मिलेगी। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा आपूर्ति की गई 500 मिलियन डॉलर की परियोजना निधि के साथ, एमसीसी समझौता नेपाल में विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा हाल ही में नेपाल को आर्थिक रूप से सहायता देने का आश्वासन दिया गया तथा इसके लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। किश्तों और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों, अर्थात् विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियाई विकास बैंक में दान देने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। ये संस्थान नेपाल जैसे मध्यम आय वाले देशों को अनुदान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उम्मीद है कि इन कदमों से नेपाल के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होगी और इस कदम से नेपाल की वित्तीय स्थिति में सुधार आने की पूरी उम्मीद की जा सकती है।

## आप की बात

### खनन माफिया का प्रकोप

**साउथ** एशिया नेटवर्क की रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2019 से नवंबर 2020 के बीच अवैध खनन रोकने के मामलों में एक सौ तिरानबे लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा और इनमें पनचानबे लोगों की मौत उत्तर भारत में हुई। हरियाणा के नूंह जिले में मंगलवार को एक पुलिस उप अधीक्षक को मार कर खनन माफिया ने फिर यह दर्शाया है कि उसे किसी से खौफ नहीं है। हाल ही में देशभर के अलग-अलग प्रदेशों में खनन माफिया द्वारा बड़े अधिकारियों की हत्या कर दी गई ! कुछ ऐसा ही पशु तस्करों द्वारा भी किया जा रहा है ! ये लोग कानून को अपनी जेब में लेकर चलते हैं! ऐसी हालत में सभी राज्य सरकारों को विशेष दल गठित करना चाहिए! उन्हें अत्याधुनिक हथियारों से लैस करके ऐसे दुर्दांत माफियाओं के खिलाफ निरंतर अभियान चलाना चाहिए! वैसे खनन के मामले में भ्रष्टाचार भी चल रहा है! देश भर में जितने भी नए भवन बन रहे हैं उन सब में बालू रेत व बड़ी रेत के ढेर लगे हुए हैं। जिनमें से 50 प्रतिशत से अधिक खनन माफिया द्वारा ही बेचे गए होते हैं । सरकार इस सूत्र के सहारे भी खनन माफियाओं तक पहुंच सकती है जिसका प्रयास होना चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बेहाल कांग्रेस

**लगता** है भारत की प्राचीनतम पार्टी, जिसे बरसों का सत्ता चलाने का और विपक्ष की तकरारों के भरपूर अनुभव है, उसका 'दर्शन' प्रायः समाप्त सा होता जा रहा है अब केवल छोटी-छोटी अर्थहीन बातों के लिए ''प्रदर्शन'' शेष रह गया है। तभी तो वो जनता के कार्यों को सुचारु रूप चलाने में संसद में हंगामा और अपने व्यक्तिगत (ईडी) मामलों को लेकर केवल सड़क पर उतरने में ही अपनी शक्ति क्षीण करने में लगी रहती है। सीधी-सीधी बात है स्वार्थ और सामाजिक सरोकार दोनों में जमीन आसमान का अंतर होता है। व्यक्तिगत या संकुचित स्वार्थ, व्यक्ति हो या संस्था अथवा दल को कूपमंडूक ही बनाता चला जाता है जबकि निस्वार्थ भाव से जनसेवा करने वाले व्यक्ति/ संस्था/ दल का बेहतर सामाजिक सरोकार, प्रतिष्ठा व मान तेजी से बढ़ता ही चला जाता है और एक दिन वो समाज व देश का सिरमौर बन जाता है। अतः उसके वरिष्ठ व कनिष्ठ नेताओं को सोचना चाहिए कि कांग्रेस अब वह शनैः शनैः रसातल की ओर कैसे बढ़ती जा रही है। कांग्रेस को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए ताकि वह अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा पुनः पाने या बढ़ाने में सफल हो सके।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### सेल्फी का शौक

**कई** बार ऐसा सुनने में आया कि नदी तालाब के पास सेल्फी लेते रहे और उनका साथी डूब गया ऐसी घटनाएं आए दिन होती हैं। ऊँची मंजिल, नदियों, तालाबों,पहाड़ों एव्यस्तम मार्गो आदि पर सेल्फी लेने से दुर्घटनाओं की खबरें पढ़ने को आती रहती है। इसमें ध्यान वैसा ही बटता है जैसे पतंग उडाने पर कटी पतंग को पकड़ने के लिए, चलते वाहन पर कान और कंधे के बीच मोबाईल दबाकर सुनने पर आदि से भी ध्यान बट जाता और दुर्घटना घटित होती है। वर्तमान में सेल्फी खींचे जाने का चलन जोरों पर है। सुझाव है कि गणेश विसर्जन के दौरान सेल्फी स्थल को देख परख करने के बाद ही सेल्फी खींचने का निर्णय लें। कई क्षेत्रो में वर्षा होने से नदियों के गेट खोले जाते है जिससे अचानक पानी बढ़ जाने से और तालाबों में पैर फिसलने से गहरे पानी में जाने से दुर्घटना घटित होती है। वैसे तो प्रशासन की व्यवस्था रहती है, फिर भी स्वयं को सुरक्षित रखकर सेल्फी लेने में अपना ध्यान रखे ताकि दुर्घटनाओं का सामना होने से बचा जा सके।

-**संजय वर्मा,** धार

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**स्कूलों** को भविष्य के लिए तैयार करने में प्रधानाचार्य की प्रमुख भूमिका है। उसे सीखने तथा छात्रों से संवाद में अग्रणी होना चाहिए।

– **मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री



**मुद्रास्फीति** से संघर्ष हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। राष्ट्रपति बाइडेन और मैं जीने पर आने वाला खर्च घटाने का प्रयास कर रहे हैं।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप-राष्ट्रपति



**पहली** बार भारत में शतरंज ओलम्पियाड जैसा आयोजन करना चेन्नै के लिए बहुत सम्मान की बात है।

– **एम.के. स्टालिन**
तमिलनाडु के मुख्यमंत्री

## अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तलब

**लखनऊ (विसं)।** अदालती अवमानना के एक मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद को तलब किया है। पीठ ने पूछा है कि क्यों न उन्हें अदालत के आदेश की अवमानना के लिए दंडित किया जाएए उपस्थित होकर बताएं। जस्टिस जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश डॉ. अनिल कुमार शुक्ला की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने याचिका पर बहस की। उनका कहना था कि 18 दिसबंरए 2020 को याचिकाकर्ता की सेवा सम्बंधी एक याचिका पर हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश दिया था। कहा था कि यदि याचिकाकर्ता के निलंबन काल का कोई निर्वाह भत्ता बकाया हैए तो उसका हिसाब लगाकर उसे दिया जाए। यदि ऐसा करने में कोई विधिक बाधा होए तो उसकी जानकारी अदालत और याचिकाकर्ता को भी दी जाए। एकल पीठ ने पाया कि इस आदेश के अनुपालन में कोई कदम नहीं उठाने पर अवमानना याचिका दाखिल की गई। और इस याचिका के दाखिल होने के बाद एक आदेश पारित कर उसके बकाए भुगतान के दावे को खारिज कर दिया गया। 11 माह बाद इस बात की जानकारी याचिकाकर्ता को दी गई। वह भी तब जब अदालत ने स्पष्ट जवाब तलब किया। ऐसे में प्रथम दृष्टया 18 दिसंबरए 2020 के आदेश का अनुपालन नहीं करने का मामला बनता है।

## मूल्यांकन के हर बिन्दु पर सुदृढ़ तैयारी करें: राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालयए जौनपुर के नैक हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय इससे पूर्व वर्ष 2004 में नैक का बी ग्रेड तथा वर्ष 2016 में नैक का बी प्लस ग्रेड प्राप्त कर चुका है और अब तीसरी बार मूल्यांकन के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। राज्यपाल ने बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन की तैयारियों के लिए गठित कमेटी के सदस्यों से सभी सातों मूल्यांकन क्राइटेरिया पर बिन्दुवार जानकारी ली। उन्होंने कुलपति को निर्देश दिया कि प्रस्तुतिकरण यथेष्ट संतोषजनक नहीं है और सभी सातों क्राइटेरिया पर पुनरावलोकन कर सुधार किया जाए। उन्होंने कहा मूल्यांकन के हर बिन्दु पर सुदृढ़ तैयारी की जाए और प्रस्तुतिकरण में उल्लिखित कार्यों का विवरण एवं डाटा का हाइपर लिंक भी सम्बद्ध किया जाए जिससे कार्यों के प्रमाण का अवलोकन किया जा सके। प्रस्तुतिकरण के समय राज्यपाल ने टीम में आपस में विवरण की जानकारीए डाटा साझा करने की प्रवृत्ति और पुष्ट प्रस्तुतिकरण करवाने वाली टीम भावना के अभाव को भी लक्षित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि क्राइटेरिया वाइज गठित पूरी टीम एक साथ बैठकर कार्य करें, संयुक्त तैयारी करे, आपस में तालमेल और सहयोग की भावना रखें। उन्होंने कहा कुलपति स्वयं टीम के साथ बैठकर समीक्षा करें। बैठक में राज्यपाल ने पुस्तकालय व्यवस्था हेतु किए व्यय का संतोषजनक प्रस्तुतिकरण न कर पाने पर व्यय अवलोकन करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा संतोषजनक और सशक्त तैयारी पूर्ण करने के बाद ही विश्वविद्यालय के नैक हेतु सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल की जाये। समीक्षा बैठक के दौरान प्रस्तुतिकरण में विद्यार्थियों को फीडबैक सिस्टम की जानकारी देने, इण्डस्ट्रीज की आवश्यकताओं के अनुसार फीडबैक को मजबूत करने, इन्क्यूबेशन सिस्टम के विकास में लखनऊ विश्वविद्यालय तथा छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सहायता लेने, पेटेंट को उत्पादन में क्रियान्वित कराने, छात्रावासों की समस्याओं को दूर करने, विद्यार्थियों को ई.सुविधाओं के व्यापक उपयोग की जानकारी देने, गाँवों में की जा रही गतिविधियों को एक ही जगह प्रदर्शित करन, विश्वविद्यालय की कल्याणकारी गतिविधियों का गवर्निंग बॉडी से प्रमाण पत्र प्राप्त करने, पियर टीम की अंक गणना विधि को समझ कर कार्यों को प्रदर्शित करने, विद्यार्थियों के सोशल विजिट पर अनुभवों को अंकित कराने जैसे विषयों पर व्यापक सुधार के सुझाव दिए गए।

# दुनिया की जानी मानी कंपनियां यूपी में इन्वेस्ट करने के लिए इच्छुक: नंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के औद्योगिक विकासए निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता उर्फ नंदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को एक नयी पहचान एक्सप्रेस-वे प्रदेश के रूप में मिली है। वित्त मंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश को 'सिगनेचर ऑफ यूपी' के नाम से सम्बोधित किया है, जो उत्तर प्रदेश के लिये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

नंदी शुक्रवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित कान्क्लेव यूपी एक्सप्रेसवे कैपिटल ऑफ इण्डिया के उद्घाटन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 16 जुलाई को जब बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया, उसके बाद से उत्तर प्रदेश पूरे देश के एक्सप्रेसवे का कुल 37.7 प्रतिशत हो गया है, जो हम सब उत्तर प्रदेश वासियों के लिए एक गर्व का विषय है और इस तरह बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश की तकदीर और तसवीर को भी बदलेगा। नंदी ने कहा कि बुंदेलखण्ड को कंटीला, पथरीला और सूखा समझ कर पहले की सरकारें छोड़ दिया करती थीं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में जिस तरह से काम हुआ है उससे तकदीर और तस्वीर दोनों बदली है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखण्ड एक बड़ी ऊंचाईयों को छुएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है और अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। सर्वोत्तम प्रदेश बनने के लिए सभी लोगों का योगदान ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि यह हम सब जानते हैं कि किसी भी देश या प्रदेश के विकास के लिये इन्फ्राइंस्ट्रक्चर की बहुत बड़ी भूमिका होती है। नंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 80224 करोड़ रुपए की जो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हुई थी वह यह दर्शाती है कि हमने इन्वेस्टर्स का विश्वास और भरोसा जीता है। दुनिया की प्रसिद्ध कम्पनियां उत्तर प्रदेश में इन्वेस्ट करने की ओर आकर्षित हो रही हैं।



भू-जल सप्ताह के समापन समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

## देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए यूपी बना पहली पसंद

● जनवरी से जून 2022 तक उत्तर प्रदेश में आए सात करोड़ से अधिक देशी-विदेशी पर्यटक: जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि विपुल पर्यटन-सम्पदाओं एवं असीम पर्यटन सम्भावनाओं से परिपूर्ण यूपी में पर्यटन उद्योग के बहुआयामीय महत्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के मुख्य पर्यटन स्थलों-आकर्षणों और पर्यटन सम्भावनाओं के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही पर्यटकों के सुविधार्थ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का सृजन किया जा रहा है, ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके। पर्यटन के क्षेत्र में हेलीपोर्ट के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थलों, यथा-वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, लखनऊ एवं आगरा में हेलीपोर्ट के निर्माण की कार्यवाही पर्यटन विभाग द्वारा की जा रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश में सबसे बेहतर होने के कारण पर्यटकों के लिए यूपी एक पसंदीदा स्थल के रूप में उभरा है। जिसके कारण पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनवरी से जून तक देशी-विदेशी कुल 73473189 पर्यटक उत्तर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पधारे। राज्य सरकार पर्यटकों को आरामदेह एवं सुरक्षित वातावरण देने के लिए कटिबद्ध है। जयवीर सिंह ने बताया कि जनपद आगरा एवं मथुरा स्थित हेलीपोर्ट को पीपीटी मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से संचालित किए जाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने समाजवादी पार्टी के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ओम प्रकाश राजभर को वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। शासन के गृह विभाग के संयुक्त सचिव विनय कुमार सिंह की ओर से अपर पुलिस महानिदेशक ;सुरक्षाद्ध को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि गाजीपुर जिले के जहूराबाद क्षेत्र के विधायक और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को राज्य स्तरीय समिति की आगामी बैठक में होने वाले निर्णय की प्रत्याशा में वाई श्रेणी की सुरक्षा अंतरिम रूप से प्रदान कराए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इस मामले में एडीजी से औपचारिकता पूरी करने की अपेक्षा की है। राष्ट्रपति चुनाव में राजभर की पार्टी की सपा से दूरी बढ़ने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने के कुछ दिनों बाद राजभर को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिलने के बाद राजनीतिक हल्कों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।

# अपराधियों के खिलाफ अभियोजना विभाग कर रहा प्रभावी पैरवी

### बीते तीन माह में 328 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 594 को दस वर्ष से अधिक की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** भर में अभियुक्तों को कठोरतम दंड दिलाए जाने की दिशा में अभियोजन विभाग की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष 25 मार्च से 16 जुलाई तक लगभग साढ़े तीन माह से अधिक की अवधि में पॉक्सो अधिनियम, महिलाओं के विरुद्ध लैंगिक, बलात्कार एवं अन्य गंभीर अपराधों के साथ-साथ अन्य अपराधों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से 328 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 594 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक की सजा तथा 1834 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम की सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की गयी है। अवस्थी ने बताया कि माफि या, अपराधियों के मामलों में प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप जनपद बिजनौर में अभियुक्त मुनीर को एक वाद में दस वर्ष के कठोर कारावास व एक लाख रुपए के अर्थदंड तथा एक अन्य वाद में मृत्यु दंड व एक लाख रुपए के अर्थदंड से दण्डित कराया गया है। इसी प्रकार जनपद आजमगढ में अभियुक्त ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह को एक वाद में दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा 50 हजार रुपए के अर्थदंड से एवं एक अन्य वाद में आजीवन कारावास व 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित कराया गया है।

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि उक्त अवधि में पॉक्सो अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी पैरवी कि लिए विशेष प्रयास किए गए जिसके सार्थक नतीजे सामने आये हैं। पॉक्सो अधिनियम के मामलों में लगातार व संघन पैरवी के फलस्वरूप एक माह की अवधि के भीतर 14 प्रकरणों में अभियुक्तों को सजा दिलायी गयी है। इसके तहत जनपद अमरोहा के 3 वादों, जनपद अम्बेडकर नगर के 4 वादों, आजमगढ़ व कानपुर नगर के 2-2 वादों तथा बदायूं, बरेली एवं श्रावस्ती जनपदों में एक-एक वाद में अभियुक्तों को सजा दिलाने में सफलता मिली है। अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पोडे ने बताया कि पॉक्सो न्यायालयों में इस वर्ष विगत 25 मार्च से 16 जुलाई तक की अवधि में प्रदेश में 892 अभियुक्तों को सजा करायी गयी। जिनमें से 145 को आजीवन कारावास, 291 को 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा तथा 456 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम की सजा करायी गयी है। पॉक्सो अधिनियम में सबसे अधिक 16 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा वाराणसी जनपद में करायी गयी है। दूसरे स्थान पर जनपद लखनऊ रहा जहां 8 अभियुक्तों को सजा करायी गयी। तीसरे स्थान पर जनपद चन्दौली, रायबरेली व शामली रहे जहां 6-6 अभियुक्तों को सजा करायी गयी है। दस वर्ष या उससे अधिक सजा कराने में भी वाराणसी को सर्वाधिक सफलता मिली है जहां 23 अभियुक्तों को सजा करायी गयी है। इसी प्रकार 13 अभियुक्तों को सजा कराकर बरेली दूसरे स्थान पर तथा 12 अभियुक्तों को सजा करा कर आगरा तीसरे स्थान पर रहा है। 10 वर्ष से कम सजा कराने में भी जनपद वाराणसी अग्रणी रहा है जहो सर्वाधिक 34 अभियुक्तों को सजा दिलायी गयी है। 25 अभियुक्तों को सजा दिलाकर जनपद बरेली दूसरे स्थान पर तथा 16 अभियुक्तों को सजा दिलाकर गाजीपुर तीसरे स्थान पर रहा है।

# भ्रष्टाचार व झूठे प्रचार के सहारे सत्ता में बने रहना चाहती है भाजपा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और झूठे प्रचार के सहारे ही सत्ता में बने रहना चाहती है। बढ़ती महंगाई भाजपा रोकना नहीं चाहती है। राज्य मंत्रिमण्डल में दरार सामने आ रही है और सरकार तथा अफसरशाही के बीच खींचतान थमने का नाम नहीं ले रही है। एक के बाद एक चुनाव चक्र में भाजपा की डबल इंजन सरकार येनकेन प्रकारेण सत्ता पर काबिज रहने के लिए सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। अखिलेश ने कहा कि 'बहुत हुई महंगाई की मार, अबकी बार भाजपा सरकार' का नारा देकर सत्ता में आयी भाजपा सरकार ने महंगाई की बेरहम मार से जनता का जीवन मुश्किल में डाल दिया है लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। महंगाई आम आदमी की कमाई खा गई है। भाजपा राज में इसे खुली छूट है। बड़े पूंजीघराने मुनाफा कमाने की होड़ में गरीब का शोषण करने में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। सब्जियां महंगीए अमूल के बाद पराग ने भी दही.मट्ठा के दाम बढ़ा दिए हैं। बाजार में सामान की तौल घट रही है, यह जेब पर डाका है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को गरीबों की खुशी बर्दाश्त नहीं। शादी ब्याह और दूसरे पारिवारिक उत्सवों के लिए लोग आवास विकास परिषद के सामुदायिक केन्द्रों का उपयोग कर लेते हैं सरकार इन्हें निजी हाथों में सौंप कर ठेकेदारों को मालामाल करने का इरादा कर लिया है। भाजपा सरकार ने एक और सर्वेक्षण कराने का मन बना लिया है जिसके तहत चार एकड़ से अधिक जमीन और 10 लाख की कार के मालिक अमीर मान लिए जाएंगे। बच्चों की पढ़ाई, ट्यूशन, महीने में कपड़ों की खरीद, शैम्पू, मोबाइल, ड्राई फ्रूट्स के इस्तेमाल का भी हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सवाल है कि प्रदेश में हो रहे घोटालों और बढ़ती महंगाई पर भाजपा नेतृत्व कब चुप्पी तोड़ेगा। मंत्रियों ने अपनी ही सरकार के कामकाज पर जो आरोप लगाए हैं उनकी जांच कब होगी। भाजपा सरकार की 'जीरो टालरेंस' का फायदा दबंग भ्रष्टाचारी उठा रहे हैं। इस तरह की सभी अवांछित करतूतों को झूठ से छुपाने का काम भाजपा सरकार कर रही है। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय करने वाली भाजपा सरकार से अब जनता तंग आ चुकी है।

## योगी सरकार के अधिकतर मंत्रियों व अफसरों के पास काम नहीं: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस ने कहा है कि एक तरफ योगी सरकार अपने 100 दिनों की उपलब्धियों का ढिंढ़ोरा पीट रही है वहीं दूसरी तरफ इस दौरान हुए ट्रांसफर पोस्टिंग में खूब भ्रष्टाचार हुआ, जो कि अब जनता के सामने आ गया है। इस भ्रष्टाचार को कांग्रेस ने नहीं बल्कि सरकार के मंत्रियों ने ही ट्रांसफर पोस्टिंग के खिलाफ जांच की मांग लिखकर विपक्ष और जनता के सामने उजागर कर दिया है। जांच की मांग से यह स्पष्ट होता है की अधिकारी निरंकुश हो चुके हैं और ट्रांसफर पोस्टिंग में अपने कैबिनेट मंत्री की ही नहीं सुनी। मनमाने तरीके से तबादला किया जिसका खामियाजा वो जरूरतमंद कर्मचारी भुगत रहे हैं जिन्हें वाकई ट्रांसफर की आवश्यकता थी। कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने कहा कि एक तरफ अधिकारी अपने मंत्री की नहीं सुन रहे हैं वहीं दूसरी तरफ ज्यादातर कैबिनेट मंत्री अपने राज्य मंत्रियों को काम नहीं सौंप रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा यह चिंता का विषय है।

# नगर विकास मंत्री ने जलभराव को लेकर जताई नाराजगी

● कानपुर व प्रयागराज के नगर आयुक्तों को जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मानसून के दौरान हो रही बारिश से कानपुर नगर एवं प्रयागराज के कुछ इलाकों में हुए जलभराव से उत्पन्न समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए दोनों शहरों के नगर आयुक्तों से वर्चुअल संवाद कर आवश्य निर्देश दिए। एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरीय निकायों में लोगों की मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास कर रही है। नगरीय जीवन मानव परिवेश व स्वास्थ्य के अनुकूल हो जिससे लोगों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पहले भी निर्देशित किया गया है कि नालों-नालियों की पूर्णतया साफ सफाई सुनिश्चित कराई जाए। कूड़ा व कचरा का उचित तरीके से निस्तारण कराया जाए। शहरों की नियमित साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान शहरों में कहीं पर भी जलभराव की समस्या न हो, इसके प्रबंध बरसात से पहले ही कर लिए जाए तथा जल निकासी के लिए पम्पों की स्थापना एवं नालों एवं नालियों के चोक प्वाइन्ट की निगरानी के भी निर्देश दिए गए थे। फिर भी जलभराव की समस्या की सूचना मिल रही है जो कि कार्यों के प्रति उदासीनता एवं लापरवाही परिलक्षित करती है। नगर विकास मंत्री ने साफ संकेत दिए हैं कि किसी भी स्तर पर नगरीय जीवन सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## आदिवासी समाज को नये राष्ट्रपति से न्याय की उम्मीद: फतेह बहादुर

**लखनऊ।** सामाजिक संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस अधिकारी कुंवर फतेह बहादुर ने द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पहली आदिवासी समाज की राष्ट्रपति बनने से मुर्मू जी की जिम्मेदारी आदिवासी समाज के प्रति और ज्यादा बढ़ गयी है। अदिवासी समाज लम्बे समय से जल, जंगल और अपनी जमीन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उम्मीद है नयी राष्ट्रपति सदियों से उपेक्षित इस समाज को संविधान में प्रदत्त सारे अधिकार दिलाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मुर्मू जी को आदिवासी राष्ट्रपति के प्रत्याशी के तौर पर पूरे भारत में प्रचार किया है। ऐसे में राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मुर्मू जी की गुरुत्तर जिम्मेदारी बनती है कि वे आदिवासी समाज के लोगों के साथ होने वाले किसी भी तरह के उत्पीडन व अन्याय को रोकने के लिए संविधान सम्मत निर्णय लेंगी।

## खत्म होगी बुनकरों की परंपरागत बिजली स्रोत पर निर्भरता, सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा

● प्रदेश में संचालित पावरलूमों की होगी जियोटैगिंग: डॉ. नवनीत सहगल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग डॉ. नवनीत सहगल ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में पावरलूम-हथकरघा बुनकरों की परंपरागत ऊर्जा स्रोत (बिजली) पर निर्भरता समाप्त कर उनको सौर ऊर्जा की तरफ ले जाया जायेगा। इसके लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 में मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना के नाम से नई योजना चलाया जाना प्रस्तावित है। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपए बजट का प्राविधान भी किया गया है।

उन्होंने बताया कि हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों को गैर पारंपरिक सौर ऊर्जा का लाभ दिलाने, पर्यावरण की रक्षा एवं बुनकरों को वस्त्र उत्पादन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में बनाये रखने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की जायेगी। यूपीनेडा व चिन्हित एजेंसियों-संस्था के माध्यम से बुनकरों को सोलर इन्वर्टर दिये जाने का प्रस्ताव है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में संचालित पावरलूमों की जियोटैगिंग योजना भी प्रस्तावित है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश के पावरलूम की पहचान करने, पावरलूम के तकनीकी उन्नयन एवं इस क्षेत्र में विभिन्न नीतिगत निर्णयों को लागू कराने के लिए उनका सर्वेक्षण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा पावरलूमों की जियोटैगिंग कराने के लिए अपेक्षित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी प्रदेश में संचालित पावरलूमों की जियोटैगिंग कराने का निर्णय लिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना के लिए 60 लाख रुपये बजट की व्यवस्था की गई है।

# डीआईजी पद पर प्रोन्नत हुए 18 आईपीएस को मिली नई तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** पुलिस में एक बार फिर बड़ा बदलावा किया गया है। राज्य सरकार ने शुक्रवार को डीआईजी स्तर के 18 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इन सभी अधिकारियों को पिछले दिनों एसपी से डीआईजी पद पर प्रोन्नत किया गया था। अब इन्हें नई तैनाती प्रदान की गई है। इन तबादलों में प्रमुख रूप से डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन राजीव मल्होत्रा को साइड लाइन करते हुए पीटीएस उन्नाव भेज दिया गया है।

इसके अलावा पुलिस अधीक्षक से डीआईजी बने जिन अन्य अधिकारियों के तबादल किए गए हैं उनमें सभाराज को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, लखनऊ से यहीं पर डीआईजी, स्वामी प्रसाद को विशेष जांच प्रकोष्ठ लखनऊ से यहीं पर डीआईजी, सौमित्र यादव को रेलवे लखनऊ से डीआईजी यूपी-112, रमेश को अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ से यहीं पर डीआईजी, बाबू राम को ईओडब्लू कानपुर नगर से डीआईजी फूल सेल लखनऊ, योगेश सिंह को 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली से डीआईजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ, गीता सिंह को सीबीसीआईडी लखनऊ से डीआईजी अभियोजन मुख्यालय लखनऊ, एन. कोलांची को 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ से डीआईजी साइबर क्राइम लखनऊ, सर्वेश कुमार राना को विशेष जांच प्रकोष्ठ लखनऊ से डीआईजी खाद्य एवं रसद प्रशासन लखनऊ, जुगल किशोर को अभिसूचना मुरादाबाद से डीआईजी दूरसंचार विभाग लखनऊ, विनोद कुमार मिश्रा को सीबीसीआईडी लखनऊ से डीआईजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ, बालेन्दु भूषण सिंह को एसआईटी कानपुर नगर से डीआईजी लॉजिस्टिक लखनऊ, डॉ. अरविंद भूषण पांडे को तकनीकी सेवाएं लखनऊ से यहीं पर डीआईजी, डॉ. अखिलेश कुमार निगम को कोआपरेटिव सेल लखनऊ से डीआईजी ईओडब्लू लखनऊ, लल्लन सिंह को अभिसूचना मुख्यालय लखनऊ से यहीं पर डीआईजी और महेंद्र यादव को प्रशिक्षण निदेशालय लखनऊ से यहीं पर डीआईजी नियुक्त किया गया है।

### चार अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले

शासन ने अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के चार पीपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें सर्वेश कुमार मिश्रा को हापुड़ से फिरोजाबाद, मुकेश चन्द्र मिश्रा को फिरोजाबाद से हापुड़, मधुबन कुमार सिंह को मैनपुरी से अयोध्या और विजय पाल सिंह को अयोध्या से मैनपुरी में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनाती प्रदान की गई है।

# एम्बुलेंस प्रकरण में मुख्तार अंसारी की जमानत याचिका खारिज

● हाईकोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी, कहा, देश की त्रासदी है कि मुख्तार जैसे अपराधी विधि निर्माता हैं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की एक आपराधिक मामले में दाखिल जमानत याचिका को खारिज करते हुए बेहद तल्ख टिप्पणी की है। कहा है कि यह भारतीय लोकतंत्र की त्रासदी और उस पर लगा एक दाग है कि मुख्तार अंसारी जैसे अपराधी यहां विधि निर्माता हैं। फर्जी दस्तावेजों के जरिए एम्बुलेंस खरीदने और आपराधिक कृत्यों में उसका इस्तेमाल करने के मामले में यह जमानत याचिका दाखिल की गई थी। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा है कि कि लोगों के दिल और दिमाग में मुल्जिम का भय है। कोई भी उसे व उसके आदमियों को तथा उसकी राजनीति को चुनौती देने की हिम्मत नहीं करता। लिहाजा अभियोजन की इस आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता कि मुल्जिम जमानत पर बाहर आकर साक्ष्य व गवाहों को प्रभावित कर सकता है। पीठ ने अपने आदेश में मुख्तार अंसारी के खिलाफदर्ज 56 आपराधिक मुकदमों का भी जिक्र किया है। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मुख्तार अंसारी की जमानत याचिका पर दिया है। याचिका का राज्य सरकार की ओर से जोरदार विरोध किया गया। अपर महाधिवक्ता वीके शाही का कहना था कि 21 दिसंबर, 2013 को बाराबंकी के परिवहन विभाग में डॉ. अल्का राय के नाम से एक एम्बुलेंस का फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पंजीकरण कराया गया। इस मामले का खुलासा होने पर इसकी जांच की गई। जिसमें डॉण् अल्का राय ने स्वीकार किया कि मुख्तार अंसारी के आदमी उनके पास कुछ दस्तावेज लेकर आए थे, जिस पर उन्होंने भय और दबाव में दस्तखत कर दिया।

# सीतापुर में नकली सीमेंट फैक्ट्री का भंडाफोड़

- सिधौली पुलिस ने गश्त के दौरान ट्रैक्टर ट्राली में पकड़ी नकली सीमेंट, गिरफ्तार युवक से मिली जानकारी के आधार पर छापेमारी कर किया खुलासा
- सिधौली जुधौरा मार्ग के किनारे बनी इमारत में चल रही थी नकली सीमेंट फैक्ट्री

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर की** सिधौली कोतवाली पुलिस ने नकली सीमेंट की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की सजगता से इस काले कारोबार का खुलासा हुआ। छापेमारी कर प्रशासनिक और पुलिस टीम ने नकली सीमेंट की लगभग आठ सौ बोरियां, सीमेंट पीसने और बोरी की सिलाई के उपकरण बरामद किए हैं। दरअसल, सिधौली कोतवाली इलाके में गुरुवार की रात पुलिस टीम गश्त पर थी। बिसवां मार्ग पर चौहान पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने शक के आधार पर एक ट्रैक्टर ट्राली को रोका। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। ट्रैक्टर पर सवार एक अन्य युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ट्राली में एक सैकड़ा आल्ट्राटेक सीमेंट की बोरियां लोड थी। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिवम यादव निवासी आईएम रोड यादव चौराहा लखनऊ होना बताया। पुलिस की पड़ताल में शिवम ने अल्ट्राटेक और माइसेम के नाम से नकली सीमेंट के कारोबार का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने अल्ट्राटेक और माइसेम के क्षेत्रीय डीलरों और कंपनी के अधिकारियों से संपर्क साधा। एसडीएम सिधौली के निर्देश पर शुक्रवार को तहसीलदार आरपी सिंह, कोतवाल आलोक मणि त्रिपाठी ने सीमेंट कंपनी के अधिकारियों के साथ शिवम से मिली जानकारी के आधार पर जुधौरा सिधौली संपर्क मार्ग के किनारे खेत में बने पक्की इमारत पर छापा मारा। मकान से सैकड़ों सीमेंट की बोरियां बरामद की गईं, सीमेंट पीसने वाली मशीन, बोरी की सिलाई तथा अन्य उपकरण भी मौके से बरामद किए गए। सीमेंट कंपनी के अधिकारियों ने बरामद सभी बोरियों में नकली सीमेंट होने की पुष्टि की है। अफसरों के मुताबिक लगभग आठ सौ बोरी बरामद हुई हैं। बोरियों की गिनती की जा रही है। प्रशासनिक और पुलिस टीम बरामद बोरी व उपकरण जब्त कर भवन को सील करने की कार्रवाई में जुट गई है। माईसेम सीमेंट के सीतापुर जनपद के मैनेजर हिमांशु भाटिया ने नकली सीमेंट फैक्ट्री के बारे में पूरी जानकारी दी।

# दो महाविद्यालयों का राज्यमंत्री ने किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से किया संवाद

- एचकेपी व आरएमपी डिग्री कॉलेज की राज्यमंत्री ने परखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता। सीतापुर



**उत्तर प्रदेश** सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने सीतापुर के दो महाविद्यालयों में औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और परखा। मंत्री रजनी तिवारी सबसे पहले सीतापुर के एक मात्र बालिकाओं के डिग्री कॉलेज हिन्दू कन्या महाविद्यालय पहुंची, महाविद्यालय की अतिजर्जर बिल्डिंग से रूबरू हुई और महाविद्यालयों में शिक्षको की जबरदस्त कमी से भी अवगत हुई। बालिकाओं से काफी देर तक बातचीत कर एचकेपी के शैक्षिणक माहौल को जानने का प्रयास किया। एचकेपी प्राचार्या सीमा सिंह ने महाविद्यालय की जर्जर बिल्डिंग की समस्या को मंत्री के सामने रखा। छात्राओं ने मंत्री को अवगत कराया कि शिक्षको की कमी के चलते उन्हें पर्याप्त शिक्षा नहीं मिल पा रही है। उच्च शिक्षामंत्री रजनी तिवारी का यहां से काफिला सीधे आरएमपी डिग्री कॉलेज पहुंचा जहां पर प्राचार्य रजनीकान्त श्रीवास्तव ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और मंत्री को अवगत कराया कि आरएमपी डिग्री कॉलेज में दर्शन और गणित का कोई प्रोफेसर नहीं है, सेवानिवृत्त प्रोफेसर से छात्र-छात्राओं को पढ़ाने का काम कर रहे है। आरएमपी डिग्री कॉलेज में छात्राओं की संख्या ज्यादा देख मंत्री रजनी तिवारी खुश हुई, काफी देर तक छात्राओं से बातचीत की और फिर लाइब्रेरी जाकर निरीक्षण किया। प्राचार्य से मंत्री ने पूंछा कि शिक्षा के मंदिर में महान विभुतियों की क्या पुस्तके है ? जवाब मिला है। यहां पर तीन छात्राओं से उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने अलग से बातचीत की और फिर आई इंडिया को जानकारी दी की नई शिक्षानीति लागू होने से छात्रों का भविष्य अच्छा होगा।

## ट्रक ने टेंपो को मारी टक्कर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रहे ट्रक ने टेंपो को टक्कर मार दी जिससे टेंपो में सवार एक ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत हो गई।कई लोगों को मामूली चोटें आई। दुर्घटना के बाद ट्रक फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कस्बा व थाना शाही निवासी 57 वर्षीय अयोध्या प्रसाद पुत्र प्रसादी लाल कि कल शाम लगभग 8 बजे मीरगंज के गांव भटौली के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अयोध्या प्रसाद हलवाई का काम करता था और कल दिन में अपने चचेरे भाई गांव के ही रहने वाले नरेश के साथ मीरगंज की बाजार से जरूरी सामान खरीदने के लिए गया था रात को लगभग 8 बजे दोनों टेंपो में बैठकर अपने घर लौट रहे थे लेकिन भटौली गांव के पास उनके टेंपो को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे अयोध्या प्रसाद और नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए और कई लोगों को चोटे आई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जो मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराने के बाद उनके घर वालों को सूचना दे दी।

## जिला जेल में कैदी ने लगाई फांसी

**बरेली।** जिला जेल में सजा काट रहे एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव रता चुन्नीलाल निवासी 45 वर्षीय आबिद पुत्र छोटे ने बुधवार की रात जिला जेल के शौचालय मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली उसकी लाश खिड़की से जूते के फीते और शर्ट बांध कर फांसी लगा ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि आबिद ने लगभग 9 वर्ष पूर्व अपनी पत्नी फातमा की हत्या कर दी थी तब से वह जिला जेल में सजा काट रहा था और कल उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वह 6 बच्चों का पिता था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

### सीबीएसई बोर्ड इंटर-हाईस्कूल परीक्षा में विद्याज्ञान का डंका....

# हाईस्कूल में विद्याज्ञान के मंगेश सोनी व इंटर में सुशांत ने किया जिला टॉप

संवाददाता। सीतापुर



**सीबीएसई बोर्ड** ने शुक्रवार को इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के नतीजे घोषित कर दिए हैं। सीतापुर में सीबीएसई इंटर के 14 विद्यालयों के परीक्षा देने वाले 1367 बच्चों में से 1319 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम 96.48 फीसदी रहा। जिले के टॉप थ्री स्टूडेन्ट्स की बात करें विद्या ज्ञान स्कूल सुरैंचा के छात्र सुशांत जायसावल ने 98.20 प्रतिशत अंको के साथ पहला स्थान हासिल किया है। स्टडीवेल पब्लि स्कूल की छात्रा जागृति सिंह 97.60 प्रतिशत अंको के साथ दूसरे और विद्या ज्ञान स्कूल की कशिका कुशवाहा 97.40 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहीं हैं।सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल से सीतापुर जनपद के 15 विद्यालय संबद्ध थे। 1660 बच्चों ने परीक्षा दी जिनमें से 1654 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का परीक्षा परिणाम 99.63 फीसदी रहा है। सीबीएसई हाईस्कूल की परीक्षा परिणाम में विद्या ज्ञान स्कूल सुरैंचा का दबदबा रहा। यहां के छात्र मंगेश सोनी ने 98.80 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, रागिनी तिवारी ने 98.40 फीसदी अंको के साथ द्वितीय तथा विवेक वर्मा, आयुषी यादव व अजय कुमार पाल ने 98 प्रतिशत अंको के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया है।सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में बिसवां के सेंट जेवियर्स स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेंट जेवियर्स स्कूल के हाई स्कूल के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल व कस्बे का नाम रोशन किया है। छात्रा दिव्यांगी ने 92.8 प्रतिशत व हुदा ने 92.2 प्रतिशत, मानस ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित किये हैं। वहीं, एल्पिस ग्लोबल स्कूल के इन्टर के छात्र मोहम्मद हमजा व तुषार बाजपेयी ने 96 प्रतिशत व सामर्थ अग्रवाल ने 95.4 प्रतिशत हुदा खान ने 95.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक मोहित जायसवाल व एल्पिस ग्लोबल स्कूल के प्रबंधक उमंग गुप्ता व मुदित सिंघल ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आंदोलनकारियों के निशाने पर रहे डीसी मनरेगा

# विकास भवन पर चार घंटे तक मनरेगा मजदूरों का रहा कब्जा

- सीतापुर में फिर एक बार बड़े आंदोलन की तरफ मनरेगा मजदूर
- मनरेगा योजना में मनमानी और भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतरे मजदूर
- बड़ी संख्या में विकास भवन पर पहुंचकर की नारेबाजी

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** मनरेगा के मजदूर एक बार फिर बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ने लगे है, करीब दो दशक पूर्व सीतापुर में मनरेगा के मजदूरों ने बेरोजगारी भत्ता की जंग लड़कर जीतने के बाद इनके हौंसले बुलंद है। बेरोजगारी भत्ता के लिए जब मनरेगा के मजदूरों ने विकास भवन के सामने कई दिनों तक डेरा डाला था, उसके बाद वह अपने हक की लड़ाई जीतने में सफल हुए थे, तब कई अधिकारियों पर भी गाज गिरी थी। मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर हो रहे गड़बड़ी से सीतापुर प्रशासन की फजीहत हो रही है। आरोप हैं कि इस फजीहत के लिए काफी हद तक डीसी मनरेगा सुशील श्रीवास्तव जिम्मेदार है। शुक्रवार को सीतापुर में हजारों की संख्या में मनरेगा मजदूरों ने सड़क पर उतरकर 4 घंटे तक विकास भवन पर कब्जा जमा लिया। किसी को भी विकास भवन के कार्यालयों में आने-जाने भर को जगह नहीं मिली। आक्रोशित मजूदरों के निशाने पर सिर्फ और सिर्फ डीसी मनरेगा सुशील श्रीवास्तव थे। मनरेगा के मजदूरों ने दोपहर करीब साढ़े 12 बजे विकास भवन का जब घेराव किया तो डीसी मनरेगा गायब थे। मनरेगा मजदूरों के आंदोलन की अगुवाकार किसान संगतिन मजदूर संगठन की नेत्री ऋचा सिंह से नवागत पीडी गजेन्द्र प्रताप सिंह, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह और दो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सीडीओ के कक्ष में वार्ता करने के लिए पहुंचे लेकिन डीसी मनरेगा के न होने से वार्ता नहीं हो सकी। इस बीच मनरेगा के मजदूर अपनी गीतों के माध्यम से अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर प्रहार करते रहे। महिलाओं के गीतों के बाद मनरेगा मजदूर की जब बारी आयी तो उसने भी सीतापुर में संचालित हो रही मनरेगा योजना की परत कुछ इस तरह उधेड़कर रख दी। डीसी मनरेगा की कार्यशैली के विरोध में चार घंटे तक मनरेगा मजदूरों के निशाने पर जिले के अधिकारी रहे। 4 बजे डीसी मनरेगा सुशील श्रीवास्तव जब पहुंचे तब उनके साथ संगतिन किसान मजदूर संगठन के मंडल ने वार्ता की और अपनी मांगे रखी। जिसके बाद यह तय हुआ कि ब्लाको पर तिथियों वार मनरेगा मजदूरों की समस्या को सुना जाएगा, इसके बाद मनरेगा मजदूरो ने विकास भवन से वापसी की, अधिकारियों से क्या कुछ वार्ता हुई किसान मजदूर संगठन की नेत्री ऋचा सिंह ने जानकारी दी।

# जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं: प्रो.पाल

**लखीमपुर-खीरी।** भूजल संरक्षण सप्ताह 16 से 22 जुलाई के समापन अवसर पर युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा भूजल संरक्षण जागरूकता रैली एवं जल ही जीवन है जल है तो कल है, की थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डा. सुभाष चन्द्रा के निर्देशन में किया गया। प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने जल संरक्षण रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रो. पाल ने जागरूकता रैली में सहभागिता कर रहे छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। जहां जल होता है, वहां जीवन होता है। इसलिए वर्तमान एवं आने वाले भविष्य के लिये जल संरक्षण करना आवश्यक है। महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं जल संरक्षण की मुहिम को बड़े उत्साह से आगे बढ़ा रहे हैं, जो सराहनीय है। जल संरक्षण रैली महाविद्यालय से निकलकर मोहल्ला राजगढ़, पंजाबी कालोनी, शिव कालोनी एवं बेहजम रोड से होते हुए रेलवे पुल कासिंग पर पहुंची। जहां एनएसएस स्वंयसेवकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर आम जनमानस को पानी के समुचित उपयोग एवं इसको बर्बाद न करने के लिये जागरूक किया। इसी क्रम में डा. सुभाष चंद्रा ने लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई और बताया कि सबको मिलकर वर्षा जल संचयन एवं जल के विभिन्न स्त्रोतों को बचाने की पहल करनी चाहिएए क्योंकि जल ही जीवन है, जल है तो कल है। इस अवसर पर असिण् प्रोफेसर डा. अमित कुमार एवं रचित कुमार ने लोगों को जल संरक्षण की जानकारी देने के साथ.साथ भविष्य में आने वाले जल संकट के बारे में सचेत किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डा. नीलम त्रिवेदी, डा. ज्योति पंत, दीपक कुमार बाजपेई तथा धर्म नारायण के साथ बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहें।

# भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व धौरहरा सांसद ने किया बूस्टर डोज का फीता काटकर शुभारंभ



**मितौली-खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में कोविड-19 टीकाकरण की बूस्टर डोज बूथ का सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा रेखा अरुण वर्मा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता अधीक्षक डा. देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा टीकाकरण के बारे में अवगत कराया कि वर्तमान समय में शासन द्वारा बूस्टर डोज पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। छूटी हुई सेकंड डोज शिविर लगाकर लगवाई जा रही हैं। सांसद रेखा अरुण वर्मा द्वारा जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को फल वितरण किया गया। शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जिसमें ब्लाक मितौली द्वारा अच्छे कार्य की सराहना भी की तथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में दी जा रही सेवाओं से संतुष्ट रही। इस अवसर पर डा. प्रियंका पांडे, डा. पुरुषोत्तम वर्मा, अवधेश भार्गव पप्पू, अमित सिंह, दिनेश मास्टर, प्रमोद यादव, विपुल पटेल, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तैय्यब सिद्दीकी, बीसीपीएम रोहित पाल, बेम अमित सक्सेना, श्याम श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा एलटी शिवेंद्र सिंह, रिशा शुक्ला, सानिया नाज, प्रियंका यादव व वैशाली देवी आदि कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मामूली कहासुनी में हुई मारपीट, महिला गंभीर रूप से घायल

**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र में किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गयी। मारपीट के दौरान सिर में चोट लगने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला बाजार खुर्द में कल शाम दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें एक महिला के सर में गंभीर चोटें आईं। महिला को चोट को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

वहीं वादी कुमारी सिमरन की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व जान से मार डालने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## गाड़ियों की ऑनलाइन बुकिंग कर लूटने वाले गैंग के तीन गिरफ्तार, महिला सहित दो फरार

**बरेली।** गाड़ी बुक करा कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक शातिर गैंग के तीन सदस्यों को थाना बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास लूटी गई इनोवा गाड़ी बरामद की है जिसे ये लोग 6 जुलाई को सेटेलाइट बस अड्डे के पास से बुक की थी। गैंग के दो सदस्य अभी भी फरार है जिसमे एक महिला भी है जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी रविन्द्र कुमार ने बताया कि गिरोह के तीन सदस्यों मैनपुरी के रहने वाले शिवचरण एवं ब्रजेश और अलीगढ़ के रहने वाले सुमित को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से इनोवा गाड़ी बरामद की गई है। इस मामले में सुमित की महिला मित्र पीलीभीत की रहने वाली गुरविंदर कौर और अरविंद फरार है जिन्हें तलाश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गैंग के सदस्य ऑनलाइन गाड़ी बुक कर ले जाते हैं और ड्राइवर को रास्ते में मारपीट कर गाड़ी से उतार देते हैं जिसके बाद गाड़ी लेकर फरार हो जाते



है। किसी को शक न हो इसके लिए ये महिला को भी साथ रखते हैं। गैंग के सदस्यों ने 6 जुलाई को गाड़ी आगरा के लिए बुक कराई थी जिसे आकाश नाम का ड्राइवर लेकर गया था लेकिन जब आकाश का कोई पता नहीं चला तो गाड़ी मालिक ने 11 जुलाई को बारादरी थाने में इसकी सूचना दी। पुलिस ने ड्राइवर की गुमशुदगी दर्ज कर गाड़ी और ड्राइवर की तलाश शुरू की और बदायूं से गाड़ी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लूटी गई गाड़ी बरामद हो गई है जबकि ड्राइवर का अभी पता नहीं चल पाया है। पकड़ में आए बदमाशों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उन्होंने ड्राइवर को औरैया में उतार दिया था।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली के...

हैं, जिसमें आबकारी मंत्री ने वैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर प्रमुख फैसले लिए और उन्हें लागू किए और आबकारी नीति अधिसूचित की, जिसके व्यापक वित्तीय असर पड़े। दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग का नेतृत्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया करते हैं। सूत्रों ने कहा कि मंत्री ने निविदाएं दिए जाने के बावजूद शराब के ठेकों के लाइसेंसधारियों को अनुचित वित्तीय लाभ दिए जिससे राजकोष को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने दावा किया कि आबकारी विभाग ने कोविड-19 महामारी की विशेष स्थिति के तहत 144.36 करोड़ रुपए की छूट दी। उसने एयरपोर्ट जोन के लाइसेंस के सबसे कम बोलीकर्ता को 30 करोड़ रुपए की बयाना राशि भी वापस कर दी, क्योंकि वह हवाईअड्डा प्राधिकारियों से अनापत्ति प्रमाणपत्र हासिल नहीं कर सका।

## बेटियों का...

हुए हैं। सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा के इतिहास में पिछले साल सबसे अधिक उत्तीर्ण प्रतिशत रहा था और 99.04 प्रतिशत विद्यार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया था। हालांकि, पिछले साल के परिणाम वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के आधार पर घोषित किए गए थे क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से परीक्षा नहीं हो सकी थी। इस साल परीक्षा देने वाले 94.4 प्रतिशत विद्यार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है, जो पिछले साल के 99.04 के मुकाबले 4.64 प्रतिशत कम है। पिछले साल उत्तीर्ण होने वाली लड़कियों और लड़कों में 3.7 प्रतिशत का अंतर था। परीक्षा में 95.21 प्रतिशत छात्राएं और 93.80 प्रतिशत छात्र सफल रहे हैं। वहीं, ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों का पास प्रतिशत 90 फीसदी रहा।इस साल 10वीं परीक्षा के लिए 21.09 लाख नियमित उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 20.93 लाख ने परीक्षा दी। पिछले साल के मुकाबले इस साल परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में करीब 7000 की वृद्धि हुई और इस साल इस श्रेणी में कुल 64,908 विद्यार्थियों ने नाम दर्ज कराया है। इसी प्रकार 90 से 95 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में करीब 36 हजार की वृद्धि हुई है। 90 से 95 प्रतिशत के बीच अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले साल के 2,00,962 से बढ़कर इस साल 2,36,993 हो गई है। विशेष आवश्यकता वाले 63 बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि इस श्रेणी में 290 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। सीबीएसई से सबद्ध विदेश में संचालित स्कूलों में पंजीकृत और 10वीं की परीक्षा देने वाले 97.29 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) के 99.71 प्रतिशत विद्यार्थी , निजी स्कूलों के 96.86 प्रतिशत विद्यार्थी, केंद्रीय विद्यालयों के 96.61 प्रतिशत विद्यार्थी और केंद्रीय तिब्बती स्कूली प्रशासन के तहत संचालित स्कूलों के 91.27प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के क्रमश: 80.68 और 76.73 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

## नोएडा के...

जवाब दिया और मैं सचमुच अपने शिक्षकों की आभारी हूं। उनकी माता डॉक्टर अनुपमा और पिता रिटायर्ड नेवी कमांडर कार्तिक विग ने बेटी का हर कदम पर सहयोग किया और उसका ध्यान रखा।

**युवाक्षी के सभी विषयों में 100 नंबर:-** युवाक्षी नोएडा के एमिटी स्कूल की छात्रा हैं। उनको अंग्रेजी, इतिहास, पॉलिटिकल साइंस, पेंटिंग और साइकोलॉजी में 100 में 100 नंबर मिले है। युवाक्षी के टीचरों ने बताया कि वह शुरू ये ही टॉपर रही है। हाईस्कूल में भी उसने बेहतर स्कोर किया था। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत ही रहा है।

**आईआईटी बीट करना चाहते हैं मयंक:-** 10वीं टॉपर मयंक साइंस स्ट्रीम के एमिटी स्कूल के छात्र है। उनके अंग्रेजी, फ्रेंच, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित पांचों विषयों 100-100 अंक है। मां रितु और पिता प्रवेश दोनों ही पेशे से डाक्टर है। अपने भविष्य की योजना के बारे में मयंक कहते है कि 11वीं पढ़ाई शुरू हो चुकी है। उन्होंने फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ ली है। उनका लक्ष्य आईआईटी बीट करना है। पढ़ाई के बारे में वे कहते हैं कि रोजाना पढ़ता हूं लेकिन सब्जेक्ट को रटने की बजाए उसे समझता हूं। टाइम मैनेजमेंट काफी जरूरी है कि आप एक विषय को कितना समय देते है। बड़े विषय को ज्यादा समय देना उचित है। मयंक ने बताया कि गणित और विज्ञान के लिए उन्होंने ट्यूशन लिए जिससे उन्हें काफी मदद मिली।

## येदियुरप्पा ने...

कि जब उच्च न्यायालय ने 9 अक्टूबर, 2015 को पहले आरोपी के खिलाफ दर्ज की गई उसी प्राथमिकी को रद्द कर दिया था, तो उसी प्राथमिकी पर येदियुरप्पा के खिलाफ जांच कैसे आगे बढ़ सकती है।येदियुरप्पा ने दिसंबर 2020 में पारित उच्च न्यायालय के आदेश की वैधता को चुनौती दी है। फरवरी 2015 में बेंगलुरु की एक जिला अदालत ने लोकायुक्त पुलिस को वासुदेव रेड्डी द्वारा दायर निजी शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए कहा था।

## ममता के...

हैं। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि हमने तीन से चार नामों का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने टीएमसी के साथ चर्चा और परामर्श किए बिना उम्मीदवार घोषित कर दिया। विपक्ष के इस रवैये से हमें आपत्ति है। हालांकि, वाम और कांग्रेस के नेताओं ने आरोप लगाया है कि मतदान से दूर रहने का फैसला ममता बनर्जी ने इस महीने की शुरुआत में दार्जिलिंग में धनखड़ और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ हुई बैठक में लिया था। इस बीच, उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहने के टीएमसी के फैसले की आलोचना करते हुए मार्गरेट अल्वा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को याद दिलाया कि उपराष्ट्रपति चुनाव किसी बात, अहंकार या क्रोध का समय नहीं है। उनका निर्णय निराशाजनक है।

## अग्निपथ पर...

मामलों की स्थाई समिति से विरोध करते हुए बाहर निकल गए, क्योंकि हमारे बार-बार आग्रह के बावजूद इस बैठक में विवादित अग्निपथ योजना पर चर्चा नहीं हुई। मैंने पहले एक पत्र में भी समिति के अध्यक्ष से यही आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि हमने अध्यक्ष से यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि अग्निपथ योजना को लेकर स्थाई समिति को अंधेरे में क्यों रखा गया, वित्तीय प्रभाव होने के बावजूद समिति की बजट संबंधी छानबीन में इस योजना को शामिल क्यों नहीं किया गया। उन्होंने दावा किया कि समिति के अध्यक्ष ने इन सवालों को अनसुना कर दिया और योजना पर चर्चा नहीं की गई। वेणुगोपाल ने दावा किया कि संसद में कोई चर्चा नहीं हो रही, संसद की स्थाई समितियों की बैठक में कोई चर्चा नहीं होती। इस तरह से मोदी काल में विधेयकों को मनमाने ढंग से पारित कराया जाता है। सरकार ने 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा की थी।

## केरल में...

की व्यवस्था की गई है। हवाईअड्डों पर हेल्प डेस्क की स्थापना के साथ ही निगरानी बढ़ा दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राज्य के सभी स्वास्थ्यकर्मी मंकीपॉक्स से निपटने के लिए प्रशिक्षित हों। इससे पहले, भारत में मंकीपॉक्स का दूसरा मामला केरल के कन्नूर जिले में दर्ज किया गया था। 13 जुलाई को दुबई से कन्नूर लौटे शख्स में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उसका इलाज तिरुवनंतपुरम के परियारम मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। वहीं, भारत में मंकीपॉक्स का पहला मरीज भी केरल में ही मिला था। 12 जुलाई को यूएई से कोल्लम पहुंचे व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण दिखे थे। वह तिरुवनंतपुरम स्थित राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में उपचाराधीन है।

## भर्ती घोटाला...

चटर्जी द्वारा गठित एक सलाहकार समिति के चेयरमैन थे और समूह सी, डी, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के कर्मचारी और शिक्षक भर्ती के पर्यवेक्षक भी थे। ईडी के कर्मचारियों ने संबंधित परिसर के सभी निवासियों के प्रवेश और निकास को रोक दिया और मंत्रियों के आवास पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के मोबाइल फोन अस्थायी रूप से जब्त कर लिए थे। सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी ने अधिकारी की पत्नी और बेटी अंकिता से पूछताछ कर रही है। जिन्होंने पिछले महीने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकारी सहायता प्राप्त उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपनी शिक्षक की नौकरी खो दी थी। मंत्री की बेटी से ज्यादा अंक पाने वाली बबीता सरकार ने नौकरी हड़पने का दावा करते हुए केस कर दिया था। पशुपालन मामले को सुलझाने वाले सीबीआई के पूर्व संयुक्त निदेशक उपेन विश्वास, ने उच्च न्यायालय को बताया था कि कैसे एजेंटों ने उन्हें विभिन्न श्रेणियों के लिए 10 लाख रुपये से 25 लाख रुपये के बीच कहीं भी स्कूल की नौकरी बेचने के लिए संपर्क किया था।

# द्रौपदी मुर्मू को केरल में मिले अनपेक्षित वोट पर भाजपा ने खुशी जताई

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**राष्ट्रपति चुनाव** में द्रौपदी मुर्मू की ऐतिहासिक जीत में केरल से उन्हें मिले एक वोट का भी योगदान है। हालांकि, इस वोट के कारण केरल के राजनीतिक खेमों में खलबली मच गई है क्योंकि 140 सदस्ईय राज्य विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कोई विधायक नहीं है, इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि सभी वोट विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को मिलेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) और कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने सिन्हा को समर्थन देने की घोषणा भी की थी। राजनीतिक पर्यवेक्षकों द्वारा अब यह सवाल उठाया जा रहा है कि राजग की उम्मीदवार को वोट गलती से दिया गया या जानबूझकर।

वहीं, भाजपा की राज्य इकाई ने इस अनपेक्षित वोट को लेकर खुशी जाहिर की है। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा, द्रौपदी मुर्मू को जो एक वोट केरल से मिला है, उसका अन्य 139 मतों से अधिक महत्व है। यह नकारात्मकता के खिलाए एक सकारात्मक वोट है। गौरतलब है कि मुर्मू ने विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर आदिवासी समुदाय से पहली राष्ट्रपति बनकर बृहस्पतिवार को इतिहास रच दिया। मुर्मू ने मतगणना में 64 प्रतिशत से अधिक वैध मत प्राप्त कर सिन्हा के खिलाफ भारी अंतर से जीत हासिल की।

## राष्ट्रपति चुनाव में विपक्षी दलों के तीन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की : सावंत

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने दावा किया है कि राज्य में विपक्षी दलों के तीन विधायकों ने राष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की। मुर्मू (64) ने विपक्षी दलों के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराकर आदिवासी समुदाय से पहली राष्ट्रपति बनकर बृहस्पतिवार को इतिहास रच दिया। मुर्मू ने मतगणना में 64 प्रतिशत से अधिक वैध मत प्राप्त कर सिन्हा के खिलाफ भारी अंतर से जीत हासिल की। सावंत ने बृहस्पतिवार रात पत्रकारों से कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों को 25 विधायकों का समर्थन प्राप्त है, लेकिन मुर्मू को गोवा से 28 वोट मिले। उन्होंने कहा, इसलिए यह स्पष्ट है कि विपक्ष से तीन वोट आए हैं। मुझे नहीं पता कि किन विधायकों ने मुर्मू का समर्थन किया, लेकिन मैं समर्थन के लिए उनका आभारी हूं।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मुर्मू शीर्ष संवैधानिक पद पर निर्वाचित हुई हैं। क्रॉस वोटिंग के आरोप को लेकर विपक्षी खेमे में आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। कांग्रेस ने दावा किया कि उसके विधायक इसमें शामिल नहीं थे। कांग्रेस विधायक कार्लोस अल्वारेस फरेरा ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसा मान लेना उचित नहीं है कि क्रॉस वोटिंग उनकी पार्टी की ओर से हुई। उन्होंने कहा, क्रॉस वोटिंग किसी अन्य विपक्षी दल से भी हो सकती है। कांग्रेस एक एकजुट ताकत है। हालांकि, विपक्षी दल गोवा फॉरवर्ड पार्टी (जीएफपी) के विधायक विजय सरदेसाई ने फरेरा की टिप्पणी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस के एकजुट होने का बयान मेरे लिए खबर है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि पार्टी में क्या हो रहा है और किसने क्रॉस वोटिंग की होगी।

## कांग्रेस की गुजरात इकाई ने राष्ट्रपति चुनाव में क्रॉस-वोटिंग की जांच शुरू की

**अहमदाबाद।** कांग्रेस की गुजरात इकाई ने 18 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में कम से कम सात विधायकों द्वारा संदिग्ध क्रॉस वोटिंग की जांच शुरू कर दी है। पार्टी के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। मुर्मू को गुजरात में 121 वोट मिले जबकि विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 111 है। कांग्रेस नेता के मुताबिक मुर्मू को मिले 10 अतिरिक्त वोटों में से एक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक का, जबकि दो वोट भारतीय जनजातीय पार्टी के हो सकते हैं। इससे पता चलता है कि कांग्रेस के कम से कम सात विधायकों ने मुर्मू के पक्ष में मतदान किया। संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को गुजरात में 57 वोट मिले। कांग्रेस की गुजरात इकाई के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, "कल मतगणना के दौरान जो ब्योरा सामने आया, उससे पार्टी हैरान है। हमारे नेतृत्व ने सच्चाई का पता लगाने के लिए पहले ही जांच शुरू कर दी है।

# तृणमूल कांग्रेस के कई विधायकों, सांसदों ने मुर्मू के पक्ष में मतदान किया: भाजपा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के कई विधायकों और सांसदों ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया। मतदान करने वाले 291 विधायकों में से 216 विधायकों ने राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के पक्ष में मतदान किया, जबकि 71 मत मुर्मू के पक्ष में पड़े। चार मत अमान्य घोषित किए गए। भाजपा के नेता अधिकारी ने ट्वीट किया, जैसा कि मैंने वादा किया था, भाजपा के सभी 70 विधायकों ने मुर्मू के पक्ष में मतदान किया। जबकि तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक ने क्रॉस वोटिंग करते हुए मुर्मू के पक्ष में मतदान किया और तृणमूल कांग्रेस के चार विधायकों ने यह सुनिश्चित किया कि उनके मत अमान्य माने जाएं। बंगाल विधानसभा में श्रीमती मुर्मू जी के पक्ष में 71 मत पड़े। उन्होंने कहा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के 34 सांसदों (लोकसभा और राज्यसभा को मिलाकर) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में अपने मत डाले, जिनमें से कम से कम चार ने द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया और अन्य दो के मतों को अमान्य माना गया।

भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने कहा कि इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि तृणमूल कांग्रेस के कई विधायकों और सांसदों ने मुर्मू के पक्ष में मतदान किया। तृणमूल कांग्रेस के कई विधायक और सांसद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के कामकाज से खुश नहीं हैं। यह क्रॉस वोटिंग उनके असंतोष को दिखाती है। भाजपा पर पलटवार करते हुए तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि उसके सांसदों द्वारा क्रॉस वोटिंग की कोई संभावना नहीं है। राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम ने कहा, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने ऐसी कोई क्रॉस वोटिंग नहीं की।



अजमेर में वर्षा के कारण पुष्कर झील पानी से लबालब भर गया

## भाजपा के जोशुआ डिसूजा गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष चुने गए

**पणजी।** भाजपा के विधायक जोशुआ डिसूजा शुक्रवार को गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को सदन के मौजूदा मानसून सत्र के दौरान मतदान हुआ। इसमें 24 विधायकों ने डिसूजा के पक्ष में मतदान किया, जबकि 12 सदस्यों ने अपना वोट कांग्रेस उम्मीदवार डेलियाला लोबो को दिया। आप के दो सदस्यों और रेवोल्यूशनरी गोअन्स पार्टी (आरजीपी) के एकमात्र विधायक ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। ए तीनों विधायक विपक्षी खेमे से जुड़े हुए हैं। गोवा विधानसभा के अध्यक्ष रमेश तावडकर और अन्य ने डिसूजा को उनकी जीत पर बधाई दी। 33 वर्षीय डिसूजा उत्तर गोवा की मापुसा विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह 2019 में अपने पिता फ्रांसिस डिसूजा के निधन के बाद पहली बार विधायक निर्वाचित हुए थे। फ्रांसिस डिसूजा तत्कालीन गोवा सरकार में मंत्री थे।

# शिवसेना विधायकों की बगावत, मानवता के साथ विश्वासघात : आदित्य ठाकरे

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना नेता** आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित पार्टी के बागी विधायकों को आड़े हाथ लिया और उनकी बगावत को मानवता के खिलाफ विश्वासघात करार दिया। आदित्य ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से संपर्क करने के लिए तीन दिवसीय शिव संवाद यात्रा शुरू की है। इसी कड़ी में उन्होंने यात्रा के दूसरे दिन नासिक के मनमाड में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। आदित्य ठाकरे ने कहा, यह शिवसेना और उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात नहीं है बल्कि मानवता के खिलाफ विश्वासघात है।

मुंबई की वर्ली सीट से विधायक आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया, इन लोगों की महाराष्ट्र में बगावत करने की हिम्मत नहीं थी। इसलिए वे सूरत, गुवाहाटी और गोवा गए। असम बाढ़ से ग्रस्त था, लेकिन बागी विधायक स्वयं मौज-मस्ती कर रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पिता उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री रहते पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात नहीं कर पाते थे।

आदित्य ठाकरे ने कहा, लेकिन उद्धवजी ने कभी मुख्यमंत्री के तौर पर अपने काम को बंद नहीं किया। वह हमेशा काम करते रहे और यह कभी नहीं सोचा कि विधायकों और सांसदों को अगर कुछ नहीं दिया गया, तो वे उन्हें छोड़ देंगे। यह हमारी गलती थी कि हम राजनीति में संलिप्त नहीं हुए। उन्होंने कहा कि बागी अब अपनी ताकत दिखा रहे हैं, लेकिन पिछले ढाई साल से वे सरकार में रहने के बावजूद शांत थे। उन्होंने दावा किया कि जब उद्धव की सर्जरी हो रही थी तब वे बगावत की योजना बना रहे थे।

आदित्य ठाकरे ने कहा कि नई सरकार में गद्दार शामिल हैं। उन्होंने शिंदे नीत सरकार को गैरकानूनी करार दिया। आदित्य ठाकरे ने कहा, हम गद्दारों के प्रति जवाबदेह नहीं हैं, लेकिन निश्चित तौर पर नासिक के लोगों को बताएंगे कि महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार ने जिले के विकास के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा, जो जाना चाहते थे, वे चले गए हैं। लेकिन भगवा ध्वज यहां फहराता रहेगा। उन्होंने कहा कि शिवसेना ने कभी अपने राजनीतिक विरोधियों को खत्म करने की कोशिश नहीं की, लेकिन उसके अपने लोगों ने उनके साथ ऐसा करने की कोशिश की। इस बीच, बागी विधायक गुलाबराव पाटिल ने कहा, अगर आदित्य ने ऐसी बैठकें पहले की होंती, तो पार्टी को बगावत का सामना नहीं करना पड़ता। उद्धवजी अस्वस्थ हैं, लेकिन आप युवा और 30 साल के हैं। आज, उद्धव जी बिना मास्क यात्रा कर रहे हैं और पार्टी की शाखाओं का दौरा कर रहे हैं। हमने पार्टी के खोए हुए गौरव को पुन: स्थापित करने के लिए बगावत की है।

## मेरा मानना है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में ममता विपक्ष के साथ खड़ी होंगी: मार्गरेट अल्वा

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा ने इस चुनाव से दूर रहने के तृणमूल कांग्रेस के निर्णय को निराशाजनक करार देते हुए शुक्रवार को उम्मीद जताई कि साहस की प्रतीक ममता बनर्जी इस चुनाव में विपक्ष के साथ खड़ी होंगी। अल्वा ने ट्वीट किया, उप राष्ट्रपति चुनाव से तृणमूल कांग्रेस का अनुपस्थित रहने का फैसला निराशाजनक है। यह वाद-विवाद, अहंकार और गुस्से का समय नहीं है। यह साहस, नेतृत्व और एकता का समय है। मेरा विश्वास है कि ममता बनर्जी, जो साहस का प्रतीक हैं, विपक्ष के साथ खड़ी होंगी। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहेगी। तृणमूल कांग्रेस उसे जानकारी दिए बिना विपक्षी उम्मीदवार का फैसला करने के तरीके से सहमत नहीं है।

# भाजपा नेतृत्व के फैसले का पालन करूंगा : ईश्वरप्पा

**बेंगलुरु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता के एस ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्य मंत्रिमंडल में उन्हें शामिल किए जाने के संदर्भ में पार्टी नेतृत्व के फैसले का पालन करेंगे। भाजपा नेता का यह बयान उनके खिलाफ दर्ज खुदकुशी के लिए उकसाने के एक मामले में पुलिस द्वारा दाखिल की गई बी समरी रिपोर्ट में साक्ष्यों की कमी की उल्लेख किए जाने के बाद आया है। उन्होंने संतोष पाटिल नाम के एक ठेकेदार की मौत के सिलसिले में उनके खिलाफ लगे रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद अप्रैल में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।

ईश्वरप्पा ने मंत्रिमंडल में फिर से शामिल किए जाने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे नहीं पता, राष्ट्रीय नेतृत्व (भाजपा का) मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद, जो फैसला करेगा, मैं उसका पालन करूंगा। मंत्री पद से कहीं ज्यादा उन्हें इस बात का भरोसा है कि वह निराधार आरोपों से बेदाग बाहर आएंगे और इसी के अनुरूप बी-रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि उनकी कोई भूमिका नहीं थी। मैंने मंत्रिमंडल में वापस आने के बारे में उस दिन (जब इस्तीफा दिया था) बात नहीं की थी, न ही मैं आज उस बारे में बोल रहा हूं। मैं नहीं जानता कि केंद्रीय नेतृत्व क्या फैसला करेगा...मैं पार्टी का अनुशासित सिपाही हूं। अगर पार्टी मुझे संगठनात्मक काम या मंत्रालय संभालने को कहती है, तो मैं स्वीकार करूंगा, यदि ऐसा नहीं होता है तो विधायक के तौर पर काम करता रहूंगा। उडुपी पुलिस ने बेंगलुरु में जन प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत के समक्ष बी समरी रिपोर्ट दाखिल की थी। बी समरी रिपोर्ट तब दाखिल की जाती है, जब पुलिस मामले को दुर्भावनापूर्ण रूप से दर्ज कराए गए फर्जी मामले के रूप में वर्गीकृत करती है या जब जांच के बाद कोई सबूत या प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता।



मेरठ में सावन माह में शिवलिंग पर जल चढ़ाने जाते हुए कांवरिया।

## हैदराबाद हवाईअड्डे पर 4.33 किलोग्राम सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में हवाईअड्डे पर दो अलग-अलग घटनाओं में तस्करी के जरिए लाया गया चार किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया गया। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक घटना में सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलीजेंस यूनिट के अधिकारियों ने 21 जुलाई को दुबई से यहां पहुंचे दो पुरुष यात्रियों को पकड़ा। उनके पास से 3.591 किलोग्राम सोना जब्त किया गया। दोनों यात्रियों ने सोने को अपने अधोवस्त्रों और मलाशय में छिपाकर रखा हुआ था। बरामद किए गए सोने की कीमत 1.87 करोड़ रुपए बताई जा रही है। सीमा शुल्क विभाग के मुताबिक एक अन्य मामले में हवाईअड्डे पर बृहस्पतिवार को एक पुरुष यात्री को हिरासत में लेकर उसके पास से 740 ग्राम सोना बरामद किया गया। उसने यह सोना एग्जॉस्ट फैन और इलेक्ट्रिक जूसर में छिपाकर रखा हुआ था।

## क्विक न्यूज

### उद्योगपति मुकेश अंबानी, परिजनों को दी गई सुरक्षा जारी रखने पर केंद्र को न्यायालय से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को मुंबई में दी गई सुरक्षा को जारी रखने की केंद्र सरकार को शुक्रवार को अनुमति दे दी। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने एक जनहित याचिका पर त्रिपुरा उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली केंद्र सरकार की अपील स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत की एक अवकाशकालीन पीठ ने 29 जून को मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को सुरक्षा दिए जाने को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर त्रिपुरा उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी थी। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि त्रिपुरा में जनहित याचिकाकर्ता (विकास साहा) का मुंबई में मुहैया कराए गए लोगों की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। त्रिपुरा उच्च न्यायालय ने साहा की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर 31 मई और 21 जून को दो अंतरिम आदेश जारी किए थे और केंद्र सरकार को अंबानी, उनकी पत्नी और बच्चों की जान को खतरे से संबंधित वह मूल फाइल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, जिसके आधार पर उन सभी को सुरक्षा प्रदान की गई थी।

### मराठी साइनबोर्ड लगाने के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर महाराष्ट्र सरकार को न्यायालय का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दुकानों एवं प्रतिष्ठानों द्वारा मराठी (देवनागरी लिपि) भाषा में अपना नाम साइनबोर्ड पर लिखने की अनिवार्यता संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर महाराष्ट्र एवं अन्य से शुक्रवार को जवाब मांगा। बंबई उच्च न्यायालय ने दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के लिए मराठी भाषा में अपना नाम प्रदर्शित करने की अनिवार्यता से जुड़े राज्य सरकार के आदेश को खारिज करने के इनकार कर दिया था। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार, मुंबई नगर निगम, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और अन्य को उच्च न्यायालय के 23 फरवरी, 2022 के आदेश को चुनौती देने वाली फेडरेशन ऑफ रिटेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय ने फेडरेशन ऑफ रिटेल ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका खारिज कर दी थी और उस पर 25,000 रुपए जुर्माना भी लगाया था। उसने कहा था कि साइन बोर्ड पर किसी अन्य भाषा का इस्तेमाल करने पर पाबंदी नहीं है और केवल मराठी में नाम लिखने को अनिवार्य बनाया गया है। याचिका में महाराष्ट्र दुकान एवं प्रतिष्ठान (रोजगार नियमन एवं सेवा शर्त) कानून, 2017 में संशोधन को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों को अपने साइनबोर्ड पर मराठी में नाम लिखना होगा और उसका आकार अन्य लिपियों में लिखे नाम से छोटा नहीं होना चाहिए। अदालत ने कहा था कि यह नियम मुख्य रूप से महाराष्ट्र के उन लोगों की सुविधा के लिए है, जिनकी मातृभाषा मराठी है।

### भारतीय सेना में 1.16 लाख पद रिक्तः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सेना में 1.16 लाख से अधिक पद रिक्त हैं जिनमें 7,308 पद अधिकारियों के शामिल हैं। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में अधिकारियों के 7,308 पद खाली हैं तो सैन्य नर्सिंग सेवा अधिकारी के 471 पद रिक्त हैं। इसके अलावा जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारी एवं अन्य रैंक के ।,08,685 पद रिक्त हैं। भट्ट ने जानकारी दी कि नौसेना में अधिकारियों (चिकित्सा और दंत चिकित्सा को छोड़कर) के ।,446 पद रिक्त हैं तथा नौसैनिक के 12,151 पद खाली हैं। मंत्री ने बताया कि वायुसेना में अधिकारियों के 572 और वायुसैनिकों के 5,217 पद रिक्त हैं।

## हरिद्वार में सार्वजनिक रूप से नमाज अदा करने के मामले में आठ लोग गिरफ्तार

**हरिद्वार (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड के हरिद्वार में बृहस्पतिवार को साप्ताहिक बाजार में सार्वजनिक रूप से नमाज अदा करने के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिला मुख्यालय के पास स्थित रिहायशी कॉलोनी शिवालिकनगर की पीठ बाजार में आठ लोगों के सार्वजनिक रूप से नमाज पढ़ने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पंहुची। रानीपुर कोतवाली पुलिस ने नमाज पढ़ने वाले सभी आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) स्वतंत्र कुमार ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निजाम (22), नसीम (52), सज्जाद अहमद (50), मुरसलीन (38), अशरफ (45), असगर (37), मुस्तफा (35) और इकराम (47) को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर उप जिलाधिकारी-एसडीएम की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चेतावनी के बाद जमानत देकर छोड़ दिया गया।

## अग्निपथ पर चर्चा की मांग न माने जाने पर रक्षा संबंधी की बैठक से बाहर निकले विपक्षी सांसद

**नई दिल्ली।** रक्षा मामलों की संसदीय समिति की बैठक में शुक्रवार को अग्निपथ योजना पर चर्चा की मांग कथित तौर पर स्वीकार नहीं किए जाने के बाद विपक्ष के तीन सदस्य इसका विरोध करते हुए बैठक से बाहर निकल गए। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जुएल उरांव की अध्यक्षता वाली इस स्थाई समिति से बहुजन समाज पार्टी के सदस्य कुंवर दानिश अली और कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल और उत्तम कुमार रेड्डी बाहर निकले। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने ट्वीट किया, उत्तम कुमार रेड्डी, कुंवर दानिश अली और मैं रक्षा मामलों की स्थाई समिति से विरोध करते हुए बाहर निकल गए, क्योंकि हमारे बार-बार आग्रह के बावजूद इस बैठक में विवादित अग्निपथ योजना पर चर्चा नहीं हुई। मैंने पहले एक पत्र में भी समिति के अध्यक्ष से यही आग्रह किया था।

हमने अध्यक्ष से यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि अग्निपथ योजना को लेकर स्थाई समिति को अंधेरे में क्यों रखा गया, वित्तीय प्रभाव होने के बावजूद समिति की बजट संबंधी छानबीन में इस योजना को शामिल क्यों नहीं किया गया? समिति के अध्यक्ष ने इन सवालों को अनसुना कर दिया और योजना पर चर्चा नहीं की गई। वेणुगोपाल ने दावा किया, संसद में कोई चर्चा नहीं हो रही, संसद की स्थाई समितियों की बैठक में कोई चर्चा नहीं होती। इस तरह से मोदी काल में विधेयकों को मनमाने ढंग से पारित कराया जाता है। सरकार ने 14 जून को अग्निपथ योजना की घोषणा की थी। योजना के तहत साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तक की उम्र के युवाओं को चार साल के कार्यकाल के लिए सशस्त्र सेनाओं में शामिल किया जाएगा। इनमें से 25 प्रतिशत को बाद में नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा। सरकार ने बाद में वर्ष 2022 के लिए इस योजना के तहत भर्ती के वास्ते ऊपरी आयु सीमा को 21 वर्ष से बढ़ाकर 23 वर्ष कर दिया था।

# बजरंग दल ने गुजरात कांग्रेस कार्यालय का नाम बदला, हज हाउस का पोस्टर लगाया

**अहमदाबाद।** दक्षिणपंथी संगठन बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार तड़के यहां कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय की इमारत पर पोस्टर चिपका दिए, जिसमें लिखा था कि पार्टी कार्यालय का नाम बदलकर हज हाउस कर दिया गया है। बजरंग दल की सहयोगी संस्था विहिप ने कहा कि उसके कार्यकर्ताओं ने गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश ठाकोर के अल्पसंख्यकों के बारे में हालिया बयान के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए यह कार्वाई की। ठाकोर ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के विचारों का समर्थन किया था कि देश के संसाधनों पर अल्पसंख्यकों का पहला अधिकार होना चाहिए और कहा कि कांग्रेस इस विचारधारा से पीछे नहीं हटेगी, भले ही उसे चुनावों में हार का सामना करना पड़े।

गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोशी ने शहर के पालदी इलाके में स्थित पार्टी की राज्य इकाई के मुख्यालय राजीव गांधी भवन पर बजरंग दल के हमले की निंदा करते हुए कहा कि इन युवाओं की मति भ्रष्ट हो गई है। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गुंडागर्दी को प्रायोजित करने का भी आरोप लगाया। विहिप द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में प्रदर्शनकारी पार्टी कार्यालय की दीवारों पर स्प्रे रंगों का उपयोग करते हुए हज हाउस लिखते हुए और परिसर में लगाए गए बैनरों पर विभिन्न कांग्रेस नेताओं की तस्वीरों को विरूपित करते हुए दिख रहे हैं।

गुजरात विहिप के प्रवक्ता हितेंद्र सिंह राजपूत ने कहा, गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहले अल्पसंख्यकों का अधिकार है। यह पार्टी एक तरफ धर्मनिरपेक्षता और समानता की बात करती है और फिर वोट के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करती है। हम इस धर्म-केंद्रित राजनीति के खिलाफ हैं क्योंकि यह देश और समाज में विभाजन पैदा करती है। यह देश सभी 135 करोड़ नागरिकों का है। अपना विरोध जताने के लिए बजरंग दल के लगभग 20 कार्यकर्ताओं ने सुबह-सुबह भवन के अंदर और बाहर पोस्टर चिपकाया और राज्य कांग्रेस मुख्यालय का नाम बदलकर हज हाउस कर दिया। मुख्य दरवाजा बंद था, इसलिए हमने मुख्य दरवाजे पर भी एक पोस्टर चिपका दिया, जिसमें घोषणा की गई है कि ठाकोर ने इमारत का नाम बदलकर हज हाउस कर दिया है। राजपूत ने कहा कि यह सब सुबह करीब पांच बजे किया गया था, इसलिए उस वक्त पार्टी कार्यालय में एक सुरक्षा गार्ड के अलावा कोई भी मौजूद नहीं था। कांग्रेस प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि पार्टी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्यालय में जबरन घुसने की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रही है। दोशी ने कहा, इन कार्यकर्ताओं को सत्तारूढ़ भाजपा ने गैर-मुद्दे को मुद्दा बनाने के लिए भेजा था।

पंजाब में मुख्यमंत्री का चुनाव

# इमरान खान ने जनमत में धांधली पर श्रीलंका जैसे संकट की चेतावनी दी

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को होने वाले मुख्यमंत्री के चुनाव के बीच सत्ता से बेदखल पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने चेतावनी दी कि यदि राज्य की प्रशासनिक प्रणाली का इस्तेमाल जनमत में धांधली करने के लिए किया गया, तो यह देश को श्रीलंका जैसे संकट की ओर ले जाएगा। सत्ताधारी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे हमजा शहबाज मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं, जबकि इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ(पीटीआई) पार्टी नीत गठबंधन की ओर से चौधरी परवेज इलाही मुख्यमंत्री पद के



उम्मीदवार हैं। 368 सदस्ईय पंजाब विधानसभा में फिलहाल विपक्षी दलों के गठबंधन पीटीआई और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (कायदेआजम) के 187 विधायक हैं और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नीत सत्ताधारी गठबंधन के 179 विधायक हैं। यदि कुछ विपक्षी एमपीए (प्रांतीय विधानसभा के सदस्य) का रुख नहीं बदला और वह सत्ताधारी गठबंधन में शामिल नहीं हुए, तो मौजूदा मुख्यमंत्री हमजा की कुर्सी जानी तय है।

गत अप्रैल में प्रांत के शीर्ष पद के लिए हुए चुनाव में पीटीआई के 25 विधायकों को हमजा शहबाज को वोट देने के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद सर्वोच्च अदालत ने 22 जुलाई को पंजाब के मुख्यमंत्री के चुनाव का आदेश दिया था। पीटीआई ने 17 जुलाई को 20 सीट पर हुए उपचुनाव में जीत के बाद प्रांतीय विधानसभा में बहुमत हासिल किया था। अदालत ने उप विधानसभा अध्यक्ष को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इमरान ने सरकार पर उनकी पार्टी के विधायकों को खरीदने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इमरान ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि राज्य मशीनरी का इस्तेमाल जनमत का अपहरण करने के लिए किया गया, तो जनता की प्रतिक्रिया पाकिस्तान को श्रीलंका जैसे संकट की ओर ले जाएगी। इस हालात में मैं लोगों को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं रहूंगा। जीत की स्थिति में पीटीआई प्रमुख इमरान के पास बड़ा अवसर होगा कि वह सरकार पर नए सिरे से चुनाव कराने के लिए दबाव बना सकें। पीएमएल-एन के लिए पंजाब में हार का मतलब केंद्र को हारना होगा।

# दिनेश गुणवर्धने श्रीलंका के नए पीएम नियुक्त मंत्रिमंडल के 18 सदस्यों ने ली शपथ

भाषा। कोलंबो

**राष्ट्रपति** रानिल विक्रमसिंघे के मंत्रिमंडल के 18 सदस्यों के शपथग्रहण के साथ शुक्रवार को अनुभवी नेता और राजपक्षे परिवार के करीबी दिनेश गुणवर्धने को श्रीलंका का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के कार्यकाल के पहले दिन मंत्रिमंडल के सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने के अलावा मंत्रिमंडल में 17 अन्य मंत्री है। वित्त मंत्री रहे अली साबरी को विदेश मंत्री बनाया गया है। लोक प्रशासन गृह मामले, प्रांतीय परिषद तथा स्थानीय सरकार मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार प्रधानमंत्री गुणवर्धने को सौंपा गया है। अन्य मंत्रियों को उनके पुराने मंत्रालय ही सौंपे गए हैं। वित्त मंत्रालय का प्रभार विक्रमसिंघे के पास है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि देश के समक्ष मौजूद सबसे खराब आर्थिक संकट को दूर करने के वास्ते सर्वदलीय सरकार के गठन के लिए वह कदम उठा रहे हैं। जनता के भारी विरोध के बाद पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को पद से इस्तीफा देना पड़ा, जिसके बाद विक्रमसिंघे को बुधवार को सांसदों ने राष्ट्रपति चुना था। विक्रमसिंघे (73) के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री पद खाली हो गया था। गुणवर्धने (73) को अप्रैल में, पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के कार्यकाल के दौरान गृह मंत्री बनाया गया था। वह विदेश मंत्री और शिक्षा मंत्री के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 1949 में जन्मे गुणवर्धने महाजन एकसाथ पेरामुना (एमईपी) के नेता हैं, जो सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना (एसएलपीपी) का एक घटक दल है। उच्च शिक्षा पूरी कर 1979 में नीदरलैंड से लौटने के बाद दिनेश गुणवर्धने ने अपने पिता फिलिप गुणवर्धने की जगह पार्टी का नेतृत्व किया। उनके पिता 1948 में देश की आजादी से पहले ब्रिटिश काल में वामपंथी समाजवादी आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा थे। एमईपी 1956 में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बना था। गुणवर्धने ने 1983 में कोलंबो के उपनगर महारागामा से जीत हासिल कर संसद में प्रवेश किया और 1994 तक एक प्रमुख विपक्षी नेता की भूमिका निभाई। 2000 में गुणवर्धने पहली बार मंत्रिमंडल का हिस्सा बने। 2015 तक मंत्रिमंडल में वह वरिष्ठ पदों पर बने रहे। गुणवर्धने की पत्नी का निधन हो गया है। उनके परिवार में एक बेटा है, जो सांसद हैं। गुणवर्धने की नियुक्ति श्रीलंकाई सुरक्षा बलों द्वारा राष्ट्रपति भवन के पास डेरा डाले प्रदर्शनकारियों को हटाए जाने और कई लोगों की गिरफ्तारी के बाद हुई है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने पहले कहा था कि वह राष्ट्रपति कार्यालय पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने का इरादा रखते हैं।

## माली की राजधानी के निकट सैन्य अड्डे पर विस्फोट और गोलियां चलने की आवाज सुनी गईं

**बमाको (माली)।** माली की राजधानी बमाको के बाहरी इलाके में काटी सैन्य अड्डा क्षेत्र में शुक्रवार सुबह विस्फोट होने और गोलियां चलने की आवाज सुनाई दीं। ऐसा संदेह जताया जा रहा है कि इस्लामी चरमपंथियों ने सैन्य अड्डे पर हमला किया है। माली के अंतरिम राष्ट्रपति लेफ्टिनेंट कर्नल असिमी गोइता, काटी शिविर में अक्सर ठहरते हैं।

# आईसीजे रोहिंग्या नरसंहार मामले में अधिकार क्षेत्र पर निर्णय सुनाने को तैयार

- संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत में होगी ऐतिहासिक मामले की सुनवाई, आईसीजे म्यांमा का दावों पर देगा फैसला

एपी। द हेग, 22 जुलाई

**संयुक्त** राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत शुक्रवार को यह व्यवस्था देगी कि क्या म्यांमा के शासकों पर मुख्य रूप से रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ नरसंहार के आरोप वाले एक ऐतिहासिक मामले की सुनवाई आगे बढ़ाई जाए या नहीं।

इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) म्यांमा के उन दावों पर अपना निर्णय देने को तैयार है कि हेग स्थित अदालत का (संबंधित मामले की) सुनवाई का अधिकार क्षेत्र नहीं है और 2019 में छोटे अफ्रीकी राष्ट्र गाम्बिया की ओर से दर्ज कराया गया मामला सुनवाई योग्य नहीं है।

यदि आईसीजे के न्यायाधीश म्यांमा की आपत्तियों को खारिज करते हैं, तो वे रोहिंग्या अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के सिलसिले में अदालती सुनवाई शुरू की जाएगी। मानवाधिकार समूह और संयुक्त राष्ट्र की जांच में इस नरसंहार को 1948 की संधि का उल्लंघन करार दिया जा चुका है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मार्च में कहा था कि म्यांमा में रोहिंग्या मुसलमानों का हिंसक दमन नरसंहार के बराबर है।

रोहिंग्या के साथ किए जाने वाले कथित दुर्व्यवहार को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न आक्रोश के बीच, गाम्बिया ने विश्व अदालत में मामला दायर कर आरोप लगाया कि म्यांमा नरसंहार संधि का उल्लंघन कर रहा है। इसकी दलील है कि गाम्बिया और म्यांमार दोनों ही संधि के पक्षकार हैं और सभी हस्ताक्षरकर्ताओं का यह कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि इसे लागू किया जाए।

म्यांमा का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने फरवरी में तर्क दिया था कि इस मामले को खारिज कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि विश्व अदालत केवल देशों के बीच के मामलों की सुनवाई करती है, जबकि रोहिंग्या का मामला इस्लामिक सहयोग संगठन की ओर से गाम्बिया ने दायर किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि गाम्बिया इस मामले में अदालत नहीं जा सकता क्योंकि यह सीधे तौर पर म्यांमा की घटनाओं से जुड़ा नहीं था और मामला दायर होने से पहले दोनों देशों के बीच कोई कानूनी विवाद भी नहीं था।

# ट्रंप ने आक्रामक ट्वीट कर आग में घी डालने का काम किया

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों और यहां तक कि परिवार के अनुरोधों को ठुकरा कर संसद भवन में छह जनवरी को हुई हिंसा को रोकने से इनकार कर दिया था और अपने आक्रामक ट्वीट की श्रृंखला से आग में घी डालने का काम किया था। उन्होंने ट्वीट कर झूठे दावे किए थे कि चुनावों में धांधली हुई है और वीडियो संबोधन में अपने समर्थकों की भीड़ को उकसाते हुए कहा था कि वे कितने खास हैं। इसके अगले दिन उन्हें एक वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, मैं यह नहीं कहना चाहता कि चुनाव खत्म हो गया है। दंगों की जांच कर रही समिति ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो को पहले कभी नहीं देखा गया और इसमें सात जनवरी 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप के लिए तैयार किए गए भाषण के अंश हैं। इस भाषण में उनसे जो बाइडन से चुनाव हारने और चुनाव समाप्त होने की घोषणा करने की उम्मीद की जानी थी लेकिन इसके बजाय उन्होंने अपनी हार स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। जांच समिति ने 187 मिनटों के इस घटनाक्रम को बयान किया है कि ट्रंप के एक रैली के मंच से अपने समर्थकों को कैपिटल हिल में भेजने से लेकर रोज गार्डन वाले वीडियो में उनके दिखाई देने तक पराजित राष्ट्रपति को कोई भी उनकी हार के लिए मना नहीं पाया और उन्होंने व्हाइट हाउस में बैठकर टीवी पर यह हिंसा देखी।

यहां तक कि ट्रंप के लिए एक बयान तैयार किया गया था जिसमें लिखा था, मैं आपसे अभी कैपिटल हिल क्षेत्र छोड़कर जाने के लिए कह रहा हूं और आप शांतिपूर्ण तरीके से घर जाइए। इसे लिखित में भी जारी नहीं किया जा सका और इसके बजाय ट्रंप ने चुनावों में धांधली के बेबुनियादी दावे किए। उन्होंने कहा था, तो घर जाइए। हम आपको प्यार करते हैं। आप बहुत खास हो...मुझे पता है कि आपको कैसा लग रहा है। व्हाइट हाउस की पूर्व सहायक कैसिडी हचिंसन ने पहले गवाही दी थी कि वह भाषण में दंगाइयों को माफ करने का भी जिक्र करना चाहते थे। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य लेकिन ट्रंप के आलोचक एडम किनजिंगर ने कहा, राष्ट्रपति कार्वाई करने में नाकाम नहीं रहे बल्कि उन्होंने कार्वाई नहीं करने का विकल्प चुना। कैपिटल हमले पर जांच समिति की यह दूसरी प्रमुख सुनवाई है और उसने इसमें हिंसा वाले दिन ट्रंप के कदमों की मिनट दर मिनट जानकारी दी है कि कैसे उन्होंने वाशिंगटन में भीड़ एकत्रित की और फिर उन्हें लड़ने के लिए भेजा। पूर्व सहायकों ने बृहस्पतिवार रात को जांच समिति की प्रमुख सुनवाई में कहा कि कैपिटल की घेराबंदी के बीच ट्रंप ने आग में घी डालते हुए यह ट्वीट किया कि माइक पेंस ने जो बाइडन की जीत को मान्यता देने से रोकने की उनकी योजना को मानने से इनकार कर दिया और इसमें उन्होंने पेंस की आलोचना की। उस समय ट्रंप के दो सहायकों ने घटनास्थल पर ही इस्तीफा दे दिया था। व्हाइट हाउस की पूर्व सहायक सारा मैथ्यूज ने समिति के समक्ष दी गवाही में कहा, मुझे लगता है कि छह जनवरी 2021 हमारे देश के इतिहास के सबसे बुरे दिनों में से एक है। राष्ट्रपति ट्रंप के लिए यह जश्न की तरह था जिसने मुझे इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दिया। समिति के समक्ष बृहस्पतिवार को गवाही देने वाले लोगों में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त सर्जेंट मार्क रोबिनसन ने कहा कि ट्रंप को अच्छी तरह मालूम था कि उनके समर्थकों की भीड़ में कितने लोग हथियार लिए हुए हैं लेकिन उन्होंने इसकी परवाह नहीं की। यह गर्मियों के मौसम में समिति की संभवतः आखिरी सुनवाई है लेकिन उसने कहा कि वह सितंबर में सुनवाई फिर से शुरू करेगी क्योंकि और गवाह तथा सूचनाएं सामने आई हैं। अभी तक कैपिटल दंगे मामले में 840 से अधिक लोगों पर आरोप तय किए गए हैं। इनमें से 330 से अधिक लोगों ने आरोप स्वीकार कर लिए हैं। इन दंगों में पांच लोगों की मौत हो गई थी।

# उभरते बाजारों, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं की तुलना में रुपया अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में: दास

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि उभरते बाजारों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं की तुलना में रुपया अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। गौरतलब है कि घरेलू मुद्रा कुछ दिन पहले ही 80 रुपए प्रति डॉलर के स्तर को पार कर गई थी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक रुपए में तेज उतार-चढ़ाव और अस्थिरता को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई के कदमों से रुपए के सुगम कारोबार में मदद मिली है। दास ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति करके बाजार में नकदी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरबीआई ने रुपए के किसी विशेष स्तर का लक्ष्य तय



नहीं किया है।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बिना जोखिम से बचाव वाले विदेशी मुद्रा की उधारी से परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसे लेनदेन सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कर रही हैं और सरकार जरूरत पड़ने पर इसमें हस्तक्षेप कर सकती है और मदद भी दे सकती है। दास ने कहा कि लक्ष्य के अनुसार मुद्रास्फीति का स्तर बनाने रखने के लिए 2016 में अपनाए गए मौजूदा ढांचे ने बहुत अच्छा काम किया है और अर्थव्यवस्था तथा वित्तीय क्षेत्र के हित की खातिर यह जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा, तात्कालिक आवश्यकताओं के लिए हमें अपने लक्ष्य नहीं बदलने चाहिए।

बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यक्रम में दास ने यह भी कहा कि आयातीय वस्तुओं की मुद्रास्फीति एक बड़ी चुनौती है क्योंकि भारत जिंसों का एक बड़ा आयातक है। छह सदस्ईय मौद्रिक नीति समिति के प्रमुख दास ने कहा कि उदार रूख को छोड़ने की प्रक्रिया अभी भी चल रही है और इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि लगातार दो बार वृद्धि के बावजूद प्रमुख नीतिगत दर रेपो कोविड-पूर्व स्तर के नीचे बनी हुई है। दास ने कहा कि आगे जाकर बैंक की दुनिया प्रतिस्पर्धी होने के साथ-साथ सहयोगात्मक भी हो जाएगी। उन्होंने बताया डिजिटल माध्यम से ऋण देने के विषय पर आरबीआई जल्द ही नियमन लाएगा।

# जून में घरेलू हवाई सफर करने वालों की संख्या में 12.5 प्रतिशत की गिरावट

भाषा। नई दिल्ली

**देश** में जून के महीने में करीब 1.05 करोड़ घरेलू यात्रियों ने हवाई सफर किया जो एक महीने पहले की तुलना में करीब 12.5 प्रतिशत कम है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को जारी अपने मासिक विवरण में कहा कि मई में करीब 1.2 करोड़ घरेलू यात्रियों ने हवाई सफर किया था। इसके साथ ही जनवरी-जून 2022 के दौरान कुल 5.72 करोड़ यात्रियों ने घरेलू उड़ानों से हवाई सफर किया। आंकड़ों के अनुसार, विमानन कंपनी इंडिगो से जून में 59.83 लाख घरेलू यात्रियों ने हवाई सफर किया जो घरेलू विमानन बाजार की कुल हिस्सेदारी का 56.8 प्रतिशत है। डीजीसीए ने बताया कि स्पाइसजेट से पिछले महीने 10.02 लाख और गोफर्स्ट एयरलाइन से 9.99 लाख घरेलू यात्रियों ने हवाई सफर किया।

इसके अलावा विस्तारा, एयर इंडिया, एयरएशिया इंडिया और एलायंस एयर से क्रमशः 9.92 लाख, 7.83 लाख, 5.9 लाख और 1.2 लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार स्पाइसजेट, इंडिगो, विस्तारा, गो फर्स्ट, एयर इंडिया और एयरएशिया इंडिया की सीटों की बुकिंग दर क्षमता के हिसाब से क्रमशः 84.1 प्रतिशत, 78.6 प्रतिशत, 83.8 प्रतिशत, 78.7 प्रतिशत, 75.4 प्रतिशत और 75.8 प्रतिशत रही। कोविड-19 महामारी की वजह से पिछले दो साल में विमानन क्षेत्र को यात्रा संबंधी पाबंदियों की तगड़ी मार झेलनी पड़ी है। डीजीसीए ने बताया कि जून में चार प्रमुख शहरों- बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद और मुंबई के हवाईअड्डों पर उड़ानों के समय पर संचालन के मामले में 89.8 प्रतिशत आंकड़े के साथ एयरएशिया इंडिया ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।

## रिलायंस जियो का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो इन्फोकॉम का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर करीब 24 प्रतिशत बढ़कर 4,335 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस जियो की परिचालन आय जून 2022 को समाप्त तिमाही में 21.5 प्रतिशत बढ़कर 21,873 करोड़ रुपए हो गई।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेम लता पत्नी श्री जय सिंह, आवासीय रिक्त प्लॉट संख्या डब्ल्यू जेड–590, क्षेत्रफल 53 वर्ग गज यानी 44.32 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 177, ओल्ड लाल डोरा 1908–1909 में स्थित, ग्राम पालम दिल्ली को श्रीमती श्रीमती देवी पत्नी श्री मदन साह, को बेच रहे हैं। उपरोक्त संपत्ति फिक्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज बिक्री विलेख दिनांक 29.12.2004 क्रमांक संख्या 12272 कहीं खो गए हैं। इस सन्दर्भ में दिल्ली पुलिस को सूचना दिनांक 14.07.2022 को एनसीआर एल आर नंबर 615119/2022 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है कि कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 14 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client Mrs. Veena Sharma wife of Late Shri Ramesh Sharma resident of Flat No. 58-B, DDA Janta Flat, Village Chilla, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-110091, has disowned and disinherited his son Mr. Om Prakash, daughter in law Mrs. Priyanka Sharma and granddaughter Bhavya Sharma, due to their unacceptable behavior and untrustworthy attitude from her moveable and immoveable properties which she have or she may acquire in future and also she has no any relation with them.
Any person dealing with them any manner shall be doing so at his own risk and responsibility and my client will not be responsible for the same.
Place: Delhi
Dated: 21-07-2022

(Y. L. Sachdeva)
Advocate
56, Pratap Nagar, Mayur Vihar-I, Delhi-91

# वर्ष 2022-23 में चीनी उत्पादन घटकर 355 लाख टन रहने का अनुमान : इस्मा

भाषा। नई दिल्ली

**देश** में चीनी उत्पादन अक्टूबर से शुरू होने वाले विपणन वर्ष 2022-23 में थोड़ा घटकर 355 लाख टन रह सकता है। इसका कारण एथनॉल बनाने में गन्ने को उपयोग में लिया जाना है। उद्योग के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को विपणन वर्ष 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए चीनी उत्पादन के प्रारंभिक अनुमान जारी किए। इस्मा के अनुसार, वर्ष 2022-23 में चीनी का उत्पादन 355 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि सितंबर को समाप्त होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष में यह उत्पादन 360 लाख टन रहा था। एथनॉल उत्पादन के लिए अगर गन्ने का उपयोग नहीं होता, शुद्ध चीनी उत्पादन वर्ष 2022-23 में 399.97 लाख टन से अधिक होने का अनुमान है, जबकि मौजूदा विपणन वर्ष 2021-22 में चीनी उत्पादन 394 लाख टन था। इस्मा का अनुमान है कि गन्ना शीरा और बी-शीरा को एथनॉल में उपयोग में लाने से अगले विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन में लगभग 45 लाख टन की कमी आएगी। वर्तमान विपणन वर्ष 2021-22 में लगभग 34 लाख टन गन्ना एथनॉल तैयार करने के लिए उपयोग में लाने का अनुमान है। वर्ष 2022-23 में वार्षिक घरेलू मांग लगभग 275 लाख टन होने का अनुमान है, जिसके बाद निर्यात के लिए लगभग 80 लाख टन चीनी अधिशेष मात्रा में बचेगी। मई में, केंद्र ने घरेलू उपलब्धता और मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए चालू विपणन वर्ष 2021-22 में चीनी निर्यात की सीमा एक करोड़ टन तय कर दी थी। इस्मा ने कहा कि शेष अवधि के दौरान सामान्य वर्षा और अन्य अनुकूलतम स्थितियों को मानकर अनुमान लगाया गया है। जून 2022 के उत्तरार्ध में प्राप्त उपग्रह चित्रों के आधार पर, इस्मा ने कहा कि वर्ष 2022-23 में गन्ने के तहत कुल रकबा 4 प्रतिशत बढ़कर 58.28 लाख हेक्टेयर होने का अनुमान है।

# बैंक, वित्तीय शेयरों में भारी लिवाली से सेंसेक्स 56,000 अंक के पार

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 390 अंक से अधिक चढ़कर 56,000 के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में सकरात्मक रुख के बीच बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 390.28 अंक यानी 0.70 प्रतिशत बढ़कर 56,072.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 504.1 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 114.20 अंक यानी 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,719.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन कंपनी, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं, दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, एनटीपीसी, पावरग्रिड, विप्रो और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 18 लाभ में रहे। इसके अलावा बीएसई के स्मॉलकैप सूचकांक 0.21 प्रतिशत बढ़ गया जबकि मिडकैप सूचकांक में 0.17 प्रतिशत की गिरावट हुई। बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी में जारी जोरदार तेजी से इस सप्ताह दोनों सूचकांक चार प्रतिशत तक चढ़ गए। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी अनुसंधान (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, घरेलू शेयर बाजारों को मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने की आशंकों के बीच जिंसों की कीमतों में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली में कमी से समर्थन मिला है। विदेशी निवेशक जुलाई, 2022 में अब तक कुछ दिनों से खरीदार बने हुए हैं....। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी तथा चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार शुरूआती कारोबार में मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिका के शेयर बाजार बृहस्पतिवार को तेजी के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, विदेशी निवेश में वृद्धि और ठोस तिमाही नतीजों से घरेलू मांग बढ़ रही है। बड़े पैमाने पर लिवाली के साथ मजबूत तिमाही नतीजों के कारण बैंक शेयरों में खरीदारी हुई...। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत घटकर 103.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**PUBLIC NOTICE**

We, Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL), for our Bank Office/Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of 12 (Twelve) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

| Description of the Property to be taken on Lease | Owner |
|---|---|
| **ALL THAT** the piece or parcel of commercial property being, Unit No. 103 admeasuring about 1119 Sq. ft. carpet area (approx.), on the First floor of the building known as P.P. Trade Centre situated at Plot No. 1, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034. | **MR. SATISH CHAUHAN,** son of Mr. Girdhari Lal and **MRS. SHASHI CHAUHAN,** wife of Mr. Satish Chauhan, both residing at 99, Vaishali Enclave, Pitampura, Delhi-110034. |

**Legal Department**
**Kotak Mahindra Bank Limited.**
**Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21,**
**Infiniti Park, off Western Express Highway,**
**General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400 097**
**Ph. Nos.: +91 22 66055570 / 5548/ 5544, Fax-(022) 67259088**

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) BB 914 BHARAT BENZ REG. NO. UP16FT9819-YOM- 2018
2) AL_TF1812 BUS REG. NO. UP16FT5933- YOM - 2018
3) AL_TF1812 ASHOK_LEY BUS REG. NO. UP16FT5934 YOM- 2018
4) M&M SCORPIO REG. NO. DL8CAC1371-YOM -2014
5) ASHOK_LEYAL_3718IL REG. NO. DL1GC4172- YOM -2015
6) VE1075FB EICHR_VECV REG.NO. DL1LX7914-YOM-2017
7) TATA ACE REG. NO. UP15ET9861-YOM -2021
8) CB_MM SUPRO MAXI TRUCK REG. NO.HR38Y1094-YOM-2012
9) TATA_3518 REG. NO. RJ27GC0902-YOM -2012
10) LPT1109T TATAMOTORS REG.NO.UP40T2689-YOM-2012
11) T_ACE TATAMOTORS REG. NO.DL1LAB6784-YOM-2018
12) T_ACE TATAMOTORS REG. NO. DL1LAB6707-YOM- 2018
13) 1075_GOODS EICHR_VECV REG.NO.DL1LAA5804-YOM-2018
14) BOLERO_MAX MAH REG. NO. PB10HA5482-YOM -2018
15)VE3015_PRO EICHER REG. NO. HR38Y2025- YOM -2018
16) TATAXENON TATAMOTORS REG.NO.HR38X6570-YOM-2018
17) BOLPIKUP MAH REG. NO. HR38AB4729-YOM-2020
18) BOLPIKUP MAH- REG. NO. HR38AB8365-YOM -2020
19) BOLPIKUP MAH REG. NO. HR38AB8361-YOM- 2020
20) BOLPIKUP MAH REG. NO. HR38AB4641-YOM- 2020
21) TACEMEGA TATAMOTORS REG.NO.HR38X6646-YOM-2017
22) VE3015_PRO EICHER REG. NO. HR38Y9978-YOM -2018
23) AL 1211 ASHOK_LEY REG. NO. HR38Y6436-YOM -2018
24) AL 1211 ASHOK_LEY REG. NO. HR38Y1394- YOM -2018
25) TACEMEGA TATAMOTORS REG.NO.RJ14GJ1210-YOM -2017
26)MAHINDRA_AND_MAHINDRA - CB_BOLERO CAMPER REG. NO. HR26EG2268-YOM -2020
27) TATA ACE REG. NO. DL1LAB6744- YOM -2018
28) TATA ACE REG. NO. DL1LAF7685 - YOM -2021
29) TATA ACE REG. NO. DL1LAF7687 - YOM -2021
30) TATA MOTORS REG. NO. DL1LAF6066 -YOM -2021
31) TATA MOTORS REG. NO. DL1LAF7628 - YOM -2021
32) TATA MOTORS ENG. NO. 275CNG17HYXS67550-YOM-2018
33) TATA MOTORS ENG. NO. 275CNG17GYXK24709-YOM-2018
34) TATA MOTORS REG. NO. DL1LAF6313 -YOM -2021
35) TATA MOTORS REG. NO. DL1LAF6096 -YOM -2021
36) TATA MOTORS REG. NO. DL1LAF6361 -YOM -2021
37) TATAMOTORSSFC407CHP REG.NO.DL1LAA8125-YOM-2018
38) TATAACE_GOLD REG. NO. DL1LAE8982 -YOM- 2021
39) SML SARTAJ REG. NO. DL1LAC6040 - YOM -2019
40) SMLSARTAJ REG. NO. DL1LAC0910 - YOM -2019
41) TATA MOTORS LTD. CB_TATA LPT 407 REG. NO. DL1LAC5543- YOM -2019
42) T1618COGD REG. NO. NL01AB2495 - YOM -2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125,NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV LAL/JAGBIR SINGH
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 7798988481/ 9999996157
E- mail:-abhinav.lal@kotak.com/ jagbir.singh@kotak.com

# भूजल संरक्षण को लेकर किए प्रयास, मिला सम्मान

● **भूजल सप्ताह के समापन पर सीएम के हाथों सम्मानित हुए बांदा के डीएम अनुराग पटेल**

संवाददाता। बांदा



**प्रदेश में** 16 से 22 जुलाई तक मनाए गए राज्य भूजल सप्ताह का समापन राजधानी लखनऊ में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में भूजल संचयन एवं सम्वर्धन के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को अपने हाथों से सम्मानित किया गया। इस अवसर अनुराग पटेल जिलाधिकारी बांदा और उनके साथ जनपद बांदा के खेत पर मेड़, मेड़ पर पेड़ की विधि के जनक उमाशंकर पाण्डेय, सदस्य जल प्रबन्धन समिति, नीति आयोग भारत सरकार को भी सम्मानित किया गया। पूरे प्रदेश में बांदा जनपद को जल संचयन जल सम्वर्धन के क्षेत्र में 2 पुरस्कार प्राप्त हुये है। जिसमें अनुराग पटेल जिलाधिकारी बांदा एवं उमाशंकर पाण्डेय सदस्य जल प्रबन्धन समिति नीति आयोग सम्मिलित है।

बताते चलें कि गहरार नदी बांदा जनपद के 21 किमी के प्रवाह क्षेत्र में से 11 किमी प्रवाह क्षेत्र पूरी तरह से खत्म हो गया था और 10 किमी में उक्त नदी में कहीं कहीं पानी बह रहा है कही धारा बहुत ही संकुचित हो गयी थी। वश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ नदी में फावड़ा चलाकर सिर पर मिट्टी ढ़ोकर अभियान की शरूआत की गई। वर्तमान में नदी के जीर्णोद्धार-पुनर्जीवन का कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसी प्रकार चन्द्रावल नदी का कल प्रवाह क्षेत्र 19 किमी है जिसमें से लगभग 15 किमी भाग में चन्द्रावल नदी जगह जगह मृतप्राय हो गई थी। जिलाधिकारी बांदा द्वारा जनपद के अधिकारियों के साथ श्रमिकों के साथ नदी की खुदाई कर जीर्णोद्धार का कार्य किया गया। मरौली झील जनपद बांदा के बड़ोखरखुर्द विकास खण्ड के ग्राम परमपुरवा के पास मटौंध ग्रामीण व इंटवा ग्राम पंचायतों में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 123 बीघा है। झील पूरी तरह से मृतप्राय होकर सूख चुकी थी। झील की लगभग 30 बीघा जमीन किसानों से मुक्त कराकर जिलाधिकारी बांदा द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ मरौली झील के पुनर्जीवन का कार्य प्रारम्भ किया गया था। वर्तमान में मरौली झील का पुनर्जीवन जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाये गये अमृत सरोवर अभियान से प्रेरणा लेकर अनुराग पटेल जिलाधिकारी बांदा द्वारा प्रथम चरण में जनपद में घनी जल कुम्भी वाले 50 तालाबों को चिन्हित किया गया। जिलाधिकारी बांदा ने स्वयं अपने गोद लिये ग्राम पंचायत डिंगवाही के सघन जल कुम्भी वाले बड़ा तालाब का चयन किया और 27 जुन 2022 को उमाशंकर पाण्डेय सदस्य जल प्रबन्धन समिति नीति आयोग सहित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों के साथ जल कुम्भी हटाने का कार्य प्रारम्भ किया। जनपद में सभी 50 तालाबों को जल कम्भी मक्त कर दिया गया है।

## गौशाला व सीएचसी का डीएम ने किया निरीक्षण

**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने विकास खंड मुजेहना के अंतर्गत रूद्रगढ़ नौसी के गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

गुरूवार को हुए निरीक्षण के दौरान गौशाला में संरक्षित सभी गायों को मिलने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही गौशाला के भूसा बैंक, रोटी बैंक, चारा मैदान, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा संक्षित्त गायों के रहने के स्थानों का भी निरीक्षण किया, तथा वहां पर उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी मुजेहना एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला में संरक्षित गायों के हरे चारे की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं टैगिंग आदि सभी व्यवस्थायें ठीक होनी चाहिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सीएचसी मुजेहना का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर सायंकाल में तैनात कर्मियों के संबंध में जानकारी ली तथा सीएचसी के सभी वार्डों का जायजा लिया। इसके साथ ही डिलीवरी वार्ड में जाकर वहां आने वाली गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी करते सीएचसी अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि सीएचसी पर आने वाले मरीजों को सभी सुविधाएं मुहैया कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रविंद्र सिंह राठौर, खंड विकास अधिकारी मुजेहना, थानाध्यक्ष धानेपुर, ग्राम पंचायत अधिकारी, संबंधित गांव के लेखपाल, ग्राम प्रधान सहित अन्य सभी लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस वाहन की टक्कर से घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली।** पुलिस वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कासगंज के सहावर थाना क्षेत्र के गांव ब्रह्मा नगला निवासी 25 वर्षीय मंजेश पुत्र जागन लाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मंजेश 11 जुलाई को मोटरसाइकिल लेकर घर से निकला था लेकिन जब उसकी बाइक कछला पुलिस स्टेशन के पास पहुंची तभी अचानक तेजी से आ रहे पुलिस वाहन से टकरा गई जिससे मंजेश गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद पुलिस ने उसके घर वालों को सूचना दी और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करा दिया अस्पताल पहुंचे घरवाले उसे इलाज के लिए पहले अलीगढ़ ले गए और फिर बरेली ले आए जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## हाइवे किनारे बरसात से हुए जलभराव से व्यापारी परेशान

● **सिधौली-महमूदाबाद चौराहे पर बरसात के बाद जलभराव की समस्या**

● **अतिक्रमण हटने के बाद भी नहीं हो सका नाला निर्माण, नाला निर्माण न होने से राहगीरों व व्यापारियों को हो रही परेशानी**

संवाददाता। सिधौली सीतापुर



**सीतापुर** के सिधौली महमूदाबाद चौराहे से तहसील चौराहे तक अव्यवस्थाओं का बोलबाला है जिससे की हाइवे सड़क के किनारे पानी बारिश के बाद वहां पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जैसे ही बरसात शुरू होती है वैसे ही महमूदाबाद चौराहा झील में तब्दील हो जाता है जिससे लोगों को उसी पानी में चलकर आना–जाना पड़ता है। आपको बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाल ही में एनएच–24 पर अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की गई थी, अतिक्रमण हटाने का मुख्य उद्देश्य नाला निर्माण था लेकिन अभी तक नाला निर्माण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है ना तो इस पर नगर पंचायत का ध्यान है जिस वजह से लोग हल्की से हुई बरसात में भी पानी से निकलने को मजबूर हो जाते है। यहां के दुकानदारों को भी काफी समस्याएं होती है, और हाइवे पर भी जलभराव की समस्या बन जाती है। इस समस्या को लेकर दुकानदारों ने पायनियर से कहा कि जलभराव की समस्या से दुकानदारी भी नहीं हो पा रही है।

## कार्यदाई संस्था व एक्सईएन जल निगम को लगी फटकार

● **जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

संवाददाता। गोंडा



जल जीवन मिशन की बैठक करते डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार

**जिलाधिकारी डॉ** उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जल जीवन मिशन से चल रही समस्त परियोजनाओं पर गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यदायी संस्था एलएनटी व आईएसए को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये हैं कि कार्यों में प्रगति लायी जाय। अन्यथा संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी परियोजनाओं को समय से व पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में भी समय–समय पर उन्हें भी अवगत कराएं। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित विभाग को निर्देशित किये हैं कि योजना का प्रचार प्रसार, बाउंड्रीवाल, ओवरहेड टैंक, ट्यूवेल, पाइपलाइन आदि के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एक्सईएन जल निगम, एई जल जीवन मिशन, एलएनटी व आईएसए, विंग्स आदि कार्यदायी संस्था, एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन गाड़ी बुक करके लूटने वाले गैंग का खुलासा

**बरेली।** ऑनलाइन गाड़ियों को बुक करने के बाद चालक को नशीला पदार्थ देखकर रास्ते में फेंकनें के बाद लूटी गई गाड़ियों को कम दामों में बेचने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा।बारादरी थाना क्षेत्र की सैनिक कॉलोनी संजय नगर में रहने वाले अरविंद पुत्र रामदास की चोरी की गई इनोवा कार के साथ पुलिस ने मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र के गांव उज्जाईया फक्कीरपुर निवासी बृजेश कुमार मैनपुरी के ही थाना भोगांव के गांव सूजापुर निवासी शिवचरण उर्फ डॉक्टर और अलीगढ़ के हरदुआगंज थाना क्षेत्र के गांव सीरावती चढ़ावती निवासी सुमित चौहान को बदायूं से गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा पुलिस के अनुसार सैनिक कॉलोनी निवासी अरविंद ने 11 जुलाई को थाने में इनोवा कार चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसको सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करगेना स्थित हरिओम का तालाब के पास रहने वाला आकाश चला रहा था अरविंद ने पुलिस को बताया कि 6 जुलाई को बदमाशौ के साथी अरविंद ने उसकी कार को ऑनलाइन बुक किया था तब कार को उसके चालक आकाश के पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव कथवा मुड़िया निवासी गुरविंदर कौर पुत्री दलबीर सिंह और गिरफ्तार बदमाश सुमित अपने साथ लेकर औरैया पहुंचे जहां पर बदमाशों के अन्य साथी भी मिल गए और सभी कार में बैठ गए उन्होंने चालक आकाश को नशा दे दिया और औरैया कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे बेहोशी की हालत मे गिरा कर फरार हो गए इधर घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी और उनकी टीम ने आज तमाम साक्ष्यों को एकत्र करते हुए 3 बदमाशों बृजेश कुमार शिवचरण और सुमित चौहान को गिरफ्तार कर लिया उनके कब्जे से लूटी गई अरविंद की इनोवा कार भी बरामद हुई गिरफ्तार बदमाशों को जेल भेजकर पुलिस ने उनके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी ।

## क्विक न्यूज

### पूर्व मंत्री की पुत्रवधू से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगे जाने के संबंध में मामला दर्ज

**शाहजहांपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके दिवंगत राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधू से अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके कथित रूप से रंगदारी मांगी और पैसे नहीं देने पर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने मामले में दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि पूर्व मंत्री राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधू अर्चना वर्मा के मोबाइल नंबर पर बुधवार को एक अनजान नंबर से फोन करके किसी ने 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी। कुमार ने बताया कि फोन करने वाले व्यक्ति ने रंगदारी नहीं देने पर अर्चना के परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अर्चना वर्मा की तहरीर पर बृहस्पतिवार रात थाना सदर बाजार में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरदस्ती वसूली, रंगदारी) 504 (अपमान करना) 507 (जान से मारने की धमकी देना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में दलों का गठन किया गया है तथा जिस नंबर से फोन आया था, उसकी जांच की जा रही है। पीड़िता के घर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। उल्लेखनीय है कि अर्चना वर्मा के पति राजेश वर्मा ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर इस बार ददरौल क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, परंतु वह पराजित हो गए थे।

### पूर्व विधायक के फरार बेटे पर पुलिस ने रखा एक लाख रुपए का इनाम : एसपी

**भदोही (भाषा)।** भदोही के ज्ञानपुर से पूर्व विधायक विजय मिश्रा के फरार बेटे विष्णु मिश्रा पर पुलिस ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अगस्त 2020 से फरार विष्णु मिश्रा के खिलाफ भदोही पुलिस ने सितंबर 2020 से लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा है, ताकि वह विदेश न भाग सके। भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनिल कुमार ने शुक्रवार को बताया कि विष्णु मिश्रा पर सामूहिक दुष्कर्म और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए है और उस पर पहले से घोषित 25 हज़ार रुपए की इनामी राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया गया है। एसपी ने बताया कि विष्णु मिश्रा के खिलाफ थाना गोपीगंज में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि चार बार विधायक रह चुके विजय मिश्रा पर उनके रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी ने संपत्ति हड़पने, धोखाधड़ी करने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया। इसके बाद 14 अगस्त, 2020 को मध्य प्रदेश से पुलिस ने विजय मिश्रा को गिरफ्तार किया। विजय मिश्रा इस वर्2392ित आगरा जेल में बंद है और इसी मामले में उनकी पत्नी राम लली मिश्रा को उच्च न्यायालय से ज़मानत मिल गई है, जबकि विष्णु मिश्रा तबसे फरार है।

### परिवार को जान से मारने की धमकी के बाद सुरक्षा दी गई

**रामपुर (भाषा)।** रामपुर जिले की शाहबाद तहसील में चार परिवारो को जान से मारने की धमकी देनेवाली चिट्ठी मिली है जिसके बाद परिवारो को सुरक्षा प्रदान की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ.संसार सिंह ने बताया कि तहसील के अनवा गांव के कुलदीप ठाकुर के आवास के बाहर सुबह सात बजे चार बंद लिफाफे दरवाजे के पास मिले। लिफाफों पर अंग्रेजी और उर्दू का इस्तेमाल किया गया था। सिंह के अनुसार कुलदीप ने जब उन चिट्ठियों को जानकार व्यक्ति से पढ़वाया तो पता चला कि उसमें उसके चाचा भानु प्रताप सिंह, वीरपाल सिंह और गांव निवासी ब्राह्मण महिला गीता देवी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। ए धमकी भरा पत्र मिलने के बाद चारो परिवारो में दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना पुलिस क्षेत्राधिकारी शाहबाद धर्म सिंह मार्शल और कोतवाली पुलिस को दी गई। एसपी ने बताया इन चिट्ठियों को भेजने वाला अपने आप को किसी आतंकवादी संगठन का सदस्य बता रहा है। चिट्ठियों पर आईएसआई लिखा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ए पत्र कहां से आए है, और इन पत्रों का क्या मकसद है , उन सब बातों की जांच की जा रही है। उनके अनुसार फ़िलहाल कुलदीप समेत सभी लोगो के घर के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

### चार निरीक्षकों व बीस उप निरीक्षकों को मिली नई तैनाती

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाने के बावत चार निरीक्षकों समेत बीस उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए उन्हें नई तैनाती दी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी सूची में महेन्द्र कुमार सिंह को पुलिस कार्यालय से अपराध शाखा, निरीक्षक अटल बिहारी ठाकुर को जनसूचना प्रभारी से प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, आलोक कुमार सिंह को मीडिया सेल से अपराध शाखा, संतोष कुमार सरोज को विशेष जांच प्रकोष्ठ से अतिरिक्त प्रभारी जनसूचना, उपनिरीक्षक शेषनाथ पाण्डेय को पुलिस लाइन से न्यायालय चौकी प्रभारी थाना नगर कोतवाली, चंद्रभान प्रसाद को पुलिस लाइन से चौकी न्यायालय थाना कोतवाली नगर, अजय कुमार तिवारी को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी तिवारी बाजार थाना कोतवाली नगर, अर्जुन सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी खोरहंसा थाना कोतवाली देहात, सुरेश कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी भवनियापुर खुर्द थाना इटियाथोक, अरविंद कुमार को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी जिगिना बाजार थाना कोतवाली मनकापुर, महिला उपनिरीक्षक विद्या सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी महिला रिपोर्टिंग चौकी नवाबगंज, योगेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी माधवपुर थाना कटरा बाजार, सावन कुमार सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी धोबहाराय कटरा बाजार, विनय कुमार पाण्डेय को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी नियावां थाना उमरी बेगमगंज, जितेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से पेशी क्षेत्राधिकारी नगर, जयनाथ पंडित को पुलिस लाइन से पेशी क्षेत्राधिकारी मनकापुर, ओम प्रकाश सिंह को पुलिस लाइन से जन शिकायत प्रकोष्ठ, हरिकृष्ण को पुलिस लाइन से जन शिकायत प्रकोष्ठ, अनिल कुमार सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा तथा अशोक कुमार यादव को पुलिस लाइन से मॉनिटरिंग सेल में तैनाती मिली है। एसपी श्री तोमर ने सभी को तत्काल अपने-अपने तैनाती स्थलों पर पदभार ग्रहण करने के निर्देश जारी किये हैं।

### घायल अवस्था में मिले युवक की मौत

**बरेली।** घर के दरवाजे पर घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी। कैंट थाना क्षेत्र के गांव जल्लापुर निवासी प्रेमपाल पुत्र जसवंत कि बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। उसे कल शाम एक निजी अस्पताल से घायल अवस्था में लाकर भर्ती कराया गया था । मृतक के घर वालों ने बताया कि प्रेमपाल को 18 जून को शाम के समय गांव का ही रहने वाला उसका दोस्त राजीव अपने साथ बुलाकर ले गया था ।लेकिन रात में लगभग 8:30 बजे राजीव उसे घायल अवस्था में घर के बाहर छोड़कर चला गया और उसके घर वालों को बताया कि प्रेमपाल मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हुआ है। घर के लोगों ने प्रेमपाल को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां से लगभग 1 माह तक चले इलाज के बाद वह उसे कल शाम जिला अस्पताल लेकर पहुंचे यहीं पर देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।मृतक के घर वालों ने राजीव पर उसकी हत्या का आरोप लगाया । पुलिस ने ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी ।

## युवक हुआ जहरखुरानी गिरोह का शिकार

**बरेली।** रोडवेज की बस में यात्रा कर रहा एक युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया। उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।पीलीभीत के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव पहेलवाड़ा निवासी 24 वर्षीय प्रेम कुमार पुत्र गंगाराम को आज सुबह तड़के सैटेलाइट बस स्टैंड से बेहोशी की हालत में उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां होश आने पर उसने बताया कि वह पंजाब में मजदूरी करने के लिए लगभग 2 महीने पहले गया था। जहां पर काम करने के बाद वह 15000 रुपए लेकर अपने घर वापस लौट रहा था। वह पंजाब से हरिद्वार गया था। हरिद्वार से वह वापस रोडवेज की बस से अपने घर लौट रहा था। उसे बरेली आने के बाद बीसलपुर जाने वाली बस पकड़नी थी लेकिन रास्ते में ही रोडवेज की बस में सवार जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने उसे चाय पिलाई और इसके बाद बेहोश हो गया। चाय पिलाने वाला युवक उसके 15000 रुपए और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। जब उसकी बस सैटेलाइट बस स्टैंड पर पहुंची तो बस चालक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

## सो रही महिला पर सियार का हमला

**बरेली।** रात के समय घर के आंगन में सो रही महिला पर सियार ने हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई ।उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।आंवला थाना क्षेत्र के गांव खरग पुर निवासी मिडई लाल की पत्नी सोमवती को आज सुबह तड़के घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि सोमवती कल शाम को रोजाना की तरह अपने घर के आंगन में लगे बिस्तर पर सोई थी । आधी रात के बाद अचानक उसके घर में एक जंगली सियार घुस आया और उसने बिस्तर पर सो रही सोमवती पर हमला कर दिया। जिससे सोमवती का एक कान बुरी तरह घायल हो गया । उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर सो रहे लोगों की नींद खुल गई और वह मौके पर पहुंचे।

## ईडी का प्रयोग कर विपक्षियों को परेशान कर रही केन्द्र सरकारः कांग्रेस

संवाददाता। चित्रकूट



तहसील में धरने पर बैठे कांग्रेसी

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष** कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में तानाशाह मोदी सरकार के लगातार ईडी का दुरुपयोग करने के खिलाफ कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील पहुंचकर धरना दिया। धरने के बाद राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा।

शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां कांग्रेसियों ने धरना देकर कहा कि तानाशाह मोदी सरकार ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को ईडी के दम पर मानसिक रुप से परेशान कर रही है। विपक्षी नेताओं को ईडी व सीबीआई जांच एजेंसियों से परेशान किया जा रहा है। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कांग्रेसी इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। सड़कों पर उतरकर आन्दोलन करेंगे। पांच दिनों से लगातार कांग्रेसी नेता राहुल गांधी से पूंछताछ जारी है। सोनिया गांधी जिन्होंने प्रधानमंत्री पद ठुकरा दिया था, ऐसी त्याग की मूर्ति श्रीमती सोनिया गांधी को ईडी के जरिये परेशान किया जा रहा है। गांधी परिवार ने कई कुर्बानियां दी हैं। वह सरकार से डरने वाले नहीं है। जनता के हितों की आवाज कांग्रेस बुलंद करती रहेगी।

कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने तानाशाह मोदी सरकार को चेताया कि विपक्षियों को परेशान करने की बजाय आम जनता के हितों पर सरकार ध्यान दे। देश में महंगाई से आम जनता की कमर टूट रही है। रुपया गिर रहा है। डॉलर के मुकाबले चुनाव के पहले बडी–बडी बातें करने वाले मोदी की बोलती अब बन्द है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे का जल्दबाजी में लोकार्पण कर सड़क धंस गई। ज्ञापन में कहा कि कांग्रेसी नेता सोनिया गांधी को ईडी से परेशान करना बन्द किया जाये। अन्यथा कांग्रेसी जेल भरो आन्दोलन करेंगे। धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी नेता श्रवण शुक्ला, रमादत्त मिश्रा, राकेश वर्मा, कालीचरन राजपूत, अरविन्द सिंह आदि मौजूद रहे।

## ओवरलोड छह ट्रक किए सीज



ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्यवाही करते खनिज अधिकारी

**चित्रकूट।** अवैध ओवरलोड खनिज परिवहन के खिलाफ अभियान के तहत खनिज अधिकारी ने गिट्टी डस्ट से भरे छह ट्रक पकडे हैं। चार ट्रकों को थाने के सुपुर्द किया है। दो ट्रकों का ई–चालान किया है। जुलाई में अब तक पचास ट्रकों का चालान और सीज की कार्यवाही की जा चुकी है। इनसे 40 से 45 लाख रुपये राजस्व वसूली की गई है।

शुक्रवार को यूपी–एमपी सीमा पर खनिज अधिकारी सुधाकरण सिंह ने ओवरलोड ट्रकों की अभियान के तहत जांच की। गिट्टी व मोरम भरे वाहनों की जांचकर चार ट्रकों को पकडा। कागज न दिखाने पर सीज की कार्यवाही की। दो ऐसे ट्रक भी पकडे, जिन पर पहले भी चालान किया जा चुका है। उन लोगों ने चालान जमा नहीं किया। दस दिनों के भीतर इस काले कारोबार में अंकुश लगता दिखाई दे रहा है। जिले में खनिज अधिकारी के तौर पर सुधाकरण सिंह यहां तैनात किये गये हैं। जिनकी सख्ती और लगातार कार्यवाही से ओवरलोड धंधे में कुछ कमी देखने को मिल रही है। खनिज अधिकारी सुधाकरण सिंह ने बताया कि लगातार कार्यवाही से खनन माफिया घबराये हैं। काफी दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अवैध परिवहन पर उनकी कार्यवाही जारी रहेगी।

# रचा इतिहास : फेंका तेज भाला, नीरज व रोहित का कमाल

● पहली बार विश्व चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया





**भाषा।** यूजीन

**ओलंपिक** चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपने पहले ही प्रयास में 88 . 39 मीटर का थ्रो फेंककर पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया जबकि रोहित यादव ने भी फाइनल में पहुंचकर भारत के लिए नया इतिहास रच दिया। पदक के प्रबल दावेदार 24 वर्षीय चोपड़ा ने ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में शुरूआत की और 88 . 39 मीटर का थ्रो फेंका।

यह उनके कैरियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। वह गत चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे। पीटर्स ने ग्रुप बी में 89 . 91 मीटर का थ्रो लगाया। चोपड़ा ने कहा , यह अच्छी शुरूआत थी। मैं फाइनल में अपना शत प्रतिशत दूंगा। हर दिन अलग होता है। हमें नहीं पता कि किस दिन कौन कैसा थ्रो फेंकेगा। उन्होंने का , मेरे रन अप में थोड़ी दिक्कत थी लेकिन थ्रो अच्छा रहा। बहुत सारे खिलाड़ी अच्छी फॉर्म में हैं। चोपड़ा का क्वालीफिकेशन राउंड कुछ मिनट ही चला क्योंकि स्वत: क्वालीफिकेशन मार्क पहले ही प्रयास में हासिल करने से उन्हें बाकी दो थ्रो फेंकने नहीं पड़े। हर प्रतियोगी को तीन मौके मिलते हैं। रोहित ने ग्रुप बी में 80 . 42 मीटर का थ्रो फेंका। वह ग्रुप बी में छठे स्थान पर और कुल 11वें स्थान पर रहे। उनका दूसरा थ्रो फाउल रहा और आखिरी प्रयास में 77 . 32 मीटर का थ्रो ही फेंक सके। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 82 . 54 मीटर है जो उन्होंने राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैम्पियनशिप में पिछले महीने हासिल किया था। तब उन्होंने रजत पदक जीता था। पदक का मुकाबला रविवार को सुबह सात बजकर पांच मिनट पर होगा। दोनों क्वालीफिकेशन ग्रुप से 83 . 50 मीटर की बाधा पार करने वाले या शीर्ष 12 खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे हैं। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 89 . 94 मीटर है। उन्होंने लंदन विश्व चैम्पियनशिप 2017 में खेला था लेकिन फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे। दोहा में 2019 विश्व चैम्पियनशिप में वह कोहनी के आपरेशन के कारण नहीं खेल सके थे। चोपड़ा ने इस सत्र में दो बार पीटर्स को हराया है जबकि पीटर्स डायमंड लीग में विजई रहे थे। पीटर्स तीन बार 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं। अन्य स्पर्धाओं में एल्डोस पॉल विश्व चैम्पियनशिप त्रिकूद फाइनल में जगह बनाने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए। उन्होंने 16 . 68 मीटर की कूद लगाई। वह ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर और कुल 12वें स्थान पर रहे। फाइनल रविवार को सुबह 6.50 से होगा। वीजा दिक्कतों के कारण यहां कुछ रोज पहले ही पहुंचे पॉल का सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 16 . 99 मीटर का है जो उन्होंने अप्रैल में फेडरेशन कप में किया था। भारत के प्रवीण चित्रावल और अब्दुल्ला अबुबाकर फाइनल में जगह नहीं बना सके जिनका प्रयास क्रमश: 16 . 49 मीटर और 16 . 45 मीटर का था। चित्रावल ग्रुप ए में आठवें स्थान पर और कुल 17वें स्थान पर रहे जबकि अबुबाकर ग्रुप बी में 10वें और कुल 19वें स्थान पर रहे। जिन शीर्ष 12 एथलीटों ने 17 . 05 मीटर की दूरी पार की उन्हें फाइनल में जगह मिली है। पुरुषों के भाला फेंक में चेक गणराज्य के तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता याकूब वालदिच फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए हैं। उन्होंने पहले प्रयास में ही 85.23 मीटर भाला फेंका। वह चोपड़ा के साथ ग्रुप ए में स्वत: क्वालीफाई करने वाले दूसरे और कुल चौथे खिलाड़ी रहे। चोपड़ा और याकूब के अलावा पीटर्स और जर्मनी के जूलियन विवर ने स्वत: क्वालीफाई किया। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने भी ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया। यदि चोपड़ा रविवार को फाइनल में जीत दर्ज करते हैं तो वह ओलंपिक के बाद विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले दुनिया के तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी बन जाएंगे। उनसे पहले नार्वे के आंद्रियास थोरकिलडसेन (2008-09) और चेक गणराज्य के विश्व रिकॉर्ड धारी यान जेलेनी ने 2001-02 और 1992-93 में यह कारनामा किया था। चोपड़ा भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट है जिन्होंने ओलंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया। वह मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन और एशियाई खेलों के चैंपियन है। वह इस सत्र में बेहतरीन फॉर्म में है और उन्होंने दो बार अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने सबसे पहले फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 14 जून को 89.30 मीटर भाला फेंक कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और फिर स्टॉकहोम में 30 जून को प्रतिष्ठित डायमंड लीग में 89.94 मीटर भाला फेंक कर इस रिकॉर्ड को तोड़ा। इस बीच उन्होंने फिनलैंड में कुओर्टन खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

## जडेजा घुटने में चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ दो वनडे से बाहर



**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन

**भारतीय** हरफनमौला रविंद्र जडेजा शुक्रवार को घुटने की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती वनडे से पहले उनकी फिटनेस की जानकारी दी। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, रविंद्र जडेजा के दाहिने घुटने में चोट लगी है और वह वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे से बाहर हो गए हैं। उन्होंने बताया, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है और तीसरे एकदिवसीय में उनके भाग लेने पर फैसला उसी के अनुसार लिया जाएगा। वेस्टइंडीज टीम में वापसी करने वाले दिग्गज हरफनमौला जेसन होल्डर भी कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण इस मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

## बर्मिंघम खेलों से पहले दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ी चोटिल

**बर्मिंघम।** इंग्लैड दौरे पर गई दक्षिण अफ्रीका की दो खिलाड़ियो को विभिन्न कारणो से स्वदेश लौटना पड़ रहा है और उनका बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में खेलना भी संदिग्ध है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विज्ञप्ति मे कहा की इंग्लैड के खिलाफ पहले टी-20 मैच मे बाहर रहने के बाद मारिजान कैप्प और टुमी सेखुखुने श्रृंखला के बाकी मैचो से भी बाहर हो गए है और उनका 28 जुलाई से शुरूहो रहे राष्ट्रमंडल खेलो मे खेलना भी संदिग्ध है।सेखुखुने की ग्रोइन की चोट फिर से उभर आई है जबकि कैप्प पारिवारिक कारणो से स्वदेश लौटी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कैप्प के मामले मे कोई खुलासा नही किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीकी टीम की उनकी साथी डेन वान नीकर्क ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनके भाई को किसी दुर्घटना मे गंभीर चोटें आई है।

## बिगब्लू व आरए ब्वायज चमके

**लखनऊ।** जिला फुटबॉल लीग में बिग ब्लू व आर ए ब्वायज ने अपने-अपने मैच जीत लिये। पहले मैच में बिग ब्लू क्लब ने लखनऊ को 2-0 से हराया। बिग ब्लू क्लब की ओर से आदित्य ने 8 वे मिनट, कृष्णा ने 38 वे मिनट में गोल किया। दूसरे मैच में आर ए ब्वॉयज क्लब ने मॉर्डन क्लब को 2-0 से हराया। आर ए बॉयज की ओर से अमित ने 19 वे मिनट पार्थ ने 42 वे मिनट में गोल किया।

## 35वां जूनियर स्टेट टेटे में चमके खिलाड़ी

**लखनऊ।** स्टैग द्वारा संचालित 35वीं जूनियर स्टेट यूपी कप टेबल टेनिस चैंपियनशिप संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियमए बैडमिंटन वाराणसी में शुरू हो गई। जूनियर बॉयज-अंडर-17 अभिवीर नंदा ने अभयद पी सिंह को ,वंश खरे ने ओजस अग्रवाल को ,आर्यन कुमार ने आदित्य सिंह को , अर्चित जैन ने शिवम चौरसिया को , मौलिक चतुर्वेदी ने समर्थ तिवारी को ,अर्पित श्रीवास्तव ने गुरुदयाल सेठ को ,गर्ग ऋषि ने अथर्व श्रीवास्तव को, रौनक सिंह ने देव त्रिपाठ को , दक्ष त्यागी ने पुरंजई गोयल को हराया। वहीं अंकित पाल ने अरावराथी को , मनन मिगलानी ने पार्थ त्रिपाठी को , अक्षत भाटिया ने कृष्णा दानौरिया को ,अवि पाल ने अर्णव पंवार को , श्री सारस्वत ने वीर कुमार को ,उत्कर्ष प्रभाकर ने अभिमन्यु शर्मा को ,मो.अरानिस बाना ने मोहम्मद को हराया। जूनियर गर्ल्स अंडर 17 : सुहानी महाजन ; ने श्रेया अग्रवाल को , तनीषा मलानी ने सारा ढींगरा को ,मीता दीक्षित ने वान्या बंसल को ,अनिका गुप्ता ने अनोखी केसरी को ,अवनि त्रिपाठी ने परी सिंह को वैष्णवी यादव ने दीक्षा चौहान को ,सुहानी अग्रवाल ने यशिका तिवारी को ,जीबी ने सौम्या चंद्रा पराजित किया।

## शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर

**गॉल।** पाकिस्तान की पहले टेस्ट मैच मे जीत मे अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफ्रीदी घुटने की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच मे नही खेल पाएंगे। पाकिस्तान ने पहला टेस्ट मैच चार विकेट से जीता था जिसमे अफ्रीदी ने पहली पारी मे चार विकेट लिए थे। पाकिस्तानी टीम के अधिकारी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि अफ्रीदी दूसरे टेस्ट मैच मे नही खेल पाएंगे। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट मे अभी 99 विकेट दर्ज है और दूसरे टेस्ट मैच मे नही खेलने के कारण 100 विकेट का आंकड़ा छूने का उनका इंतजार बढ़ गया है। अफ्रीदी पहले टेस्ट मैच के दौरान दिनेश चांदीमल के शॉट को रोकने के प्रयास मे चोटिल हो गए थे और लड़खड़ाते हुए मैदान से बाहर गए थे।

# धवन ने आलोचना पर कहा, अब अजीब नहीं लगता

● पिछले 10 साल से इसे सुन रहा हूं



**भाषा।** पोर्ट ऑफ स्पेन

**भारत के** सीनियर सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी फॉर्म को लेकर हो रही आलोचना से परेशान नहीं हैं क्योंकि वह पिछले 10 साल से इस तरह की बातें सुनते आ रहे हैं। कभी रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ भारत के शीर्ष बल्लेबाजों में शामिल रहे धवन वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में कई नए खिलाड़ियों से सजी टीम की अगुवाई करेंगे। मैच की पूर्व संध्या पर जब एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें आलोचना अजीब लगती है, तो धवन ने नकारात्मक जवाब दिया। अजीब क्या लगेगा, अब तो (ऐसा सुनते हुए) 10 साल हो गए हैं। लोग बोलते रहते हैं, मैं प्रदर्शन करता रहता हूं। अगर मैं उनकी बात सुनता, तो मैं आज यहां नहीं होत मेरे पास अनुभव है, इसलिए मैं ज्यादा चिंतित नहीं हूं। जब तक मैं आत्म विश्लेषण और सुधार करता रहूंगा, तब तक कुछ भी मायने नहीं रखता। मैं बेहद सकारात्मक इंसान हूं। मेरे लिए सकारात्मकता आत्म-विश्वास और मनोबल बढ़ाने से जुड़ी है। मैं यहां इसलिए हूं क्योंकि मैंने कुछ अच्छा काम किया है। यही सकारात्मकता मैं युवाओं में भरना चाहता हूं।

## तेज गेंदबाज सकारिया, चौधरी ऑस्ट्रेलिया में टी20 टूर्नामेंट में खेलेंगे

**ब्रिस्बेन।** भारत के दो तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और मुकेश चौधरी अगले महीने यहां शुरू हो रही टी20 मैक्स टूर्नामेंट के शुरुआती सत्र मे खेलेंगे। सकारिया और चौधरी दोनों ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र मे क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया था। ए दोनों खिलाड़ी एमआरएफ पेस फाउंडेशन और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ब्रिस्बेन मे समय बिताएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान मे कहा, एमआरएफ पेस फाउंडेशन और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच खिलाड़ियों और कोचिंग का आदान-प्रदान लगभग 20 वर्षों से चल रहा है। यह पिछले कुछ वर्षों मे कोरोना वायरस के कारण रुका था लेकिन इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के साथ फिर से शुरू हो रहा है। सकारिया ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ अपना एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मे पदार्पण किया था जबकि चौधरी ने इस साल के आईपीएल मे 13 मैचों मे 16 विकेट लिए थे।

## धीमी मौत मर रहा है वनडे क्रिकेट : ख्वाजा

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलियाई टेस्ट सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का मानना है कि दुनिया भर में टी20 लीग के फैलाव और व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण वनडे क्रिकेट धीमी मौत मर रहा है। इंग्लैंड के सुपरस्टार बेन स्टोक्स के सोमवार को वनडे क्रिकेट से अचानक संन्यास की घोषणा ने विश्व क्रिकेट को हैरान कर दिया था जिसके बाद 50 ओवर के क्रिकेट के अस्तित्व को लेकर बहस छिड़ी हुई है। अब ख्वाजा भी इस बहस में शामिल हो गए। ख्वाजा ने 2013 में इस प्रारूप में पदार्पण किया था और तब से उन्होंने 40 वनडे में आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट धीमी मौत मर रहा है। वनडे विश्व कप भी है, जो मुझे लगता है कि सचमुच मजेदार है और इसे देखना आनंददाई है लेकिन इसके अलावा अगर व्यक्तिगत रूप से बात करूं तो मैं शायद वनडे क्रिकेट को ज्यादा पंसद नहीं करता। इस समय ऐसा लगता है कि यह टी20 विश्व कप की वजह से वास्तव में इतना महत्वपूर्ण नहीं है। किसी को छोड़ना होगा क्योंकि आप सभी तीनों प्रारूप को एक साथ नहीं रख सकते।

# धवन-गिल-अय्यर के अर्धशतक

● वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला वनडे

● भारत के सात विकेट पर 308 रन



धवन व गिल 50 रनों की साझेदारी के बाद एक दूसरे को बधाई देते हुए

**भाषा।** पोर्ट आफ स्पेन

**वेस्टइंडीज के** खिलाफ पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 308 रन बनाए। भारत के लिए कप्तान शिखर धवन ने 97 , शुभमन गिल ने 64 और श्रेयस अय्यर ने 54 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के लिए अलजारी जोसफ और गुडाकेश मोती ने दो दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज की पारी शुरू हो गई है। उसे जीत के लिए 50 ओवर में 309 रन बनाने हैं। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर किया। वेस्टइंडीज ने पहले ओवर में तीन रन बनाए। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना सका। मध्यक्रम में सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन और दीपक हुड्डा फेल रहे। दीपक हुड्डा 32 गेंद पर 27, सूर्यकुमार यादव 14 गेंद पर 13 और संजू सैमसन 18 गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हुए। टीम इंडिया ने 35 ओवर में 225 रन बना लिए थे। यहां से ऐसा लग रहा था कि 350 के करीब स्कोर पहुंच जाएगाए लेकिन मध्यक्रम के फेल हो जाने के कारण आखिरी 15 ओवर में सिर्फ83 रन ही बने। शार्दुल ठाकुर सात और मोहम्मद सिराज एक रन बनाकर नाबाद रहे। अक्षर पटेल ने 21 गेंद पर 21 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफने दो-दो विकेट लिए। रोमारियो शेफर्ड और अकील हुसैन को एक-एक सफ्लता मिली।भारतीय पारी धीरे-धीरे पटरी से उतरने लगी है। ।ठ ओवर के अंदर टीम इंडिया को तीसरा झटका लगा है। संजू सैमसन 43वें ओवर में एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। रोमारिया शेफर्ड की गेंद लेग स्टंप पर थी और संजू उसे लेग साइड में खेलना चाहते थेए लेकिन गेंद बल्ले से नहीं लगी। पैड पर गेंद लगने के बाद रोमारियो ने जोरदार अपील की और अंपायर ने सैमसन को आउट दिया। सैमसन ने 18 गेंद पर एक छक्के की मदद से 12 रन बनाए। दीपक हुड्डा और अक्षर पटेल क्रीज पर हैं।

# बीसीसीआई ने अंपायरों के लिए ए प्लस वर्ग शुरू किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद** (आईसीसी) एलीट पैनल के सदस्य नितिन मेनन उन 10 अधिकारियों के ग्रुप में शामिल हैं जिन्हें बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के नए शुरू किए गए अंपायरों के ए प्लस वर्ग में रखा गया है। ए प्लस वर्ग में चार अंतरराष्ट्रीय अंपायर - अनिल चौधरी, मदनगोपाल जयरमन, वीरेंद्र कुमार शर्मा और के एन अनंतपद्माभानन शामिल हैं। रोहन पंडित, निखिल पटवर्धन, सदाशिव अय्यर, उल्हास गांधी और नवदीप सिंह सिद्धू भी ए प्लस वर्ग का हिस्सा हैं। सी शम्सुद्दीन सहित 20 अंपायर ग्रुप ए में हैं जबकि ग्रुप बी में 60, ग्रुप सी में 46 और ग्रुप डी में 11 अंपायर हैं। गुरूवार को शीर्ष परिषद बैठक में पूरी सूची रखी गई थी जिसे पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर के हरिहरन, सुधीर असनानी और अमीष साहेबा तथा बीसीसीआई अंपायरों की उप समिति के सदस्यों ने तैयार किया। ये प्लस और ए वर्ग के अंपायरों को प्रथम श्रेणी मैच के लिए प्रत्एक दिन 40,000 रूपए तथा बी और सी वर्ग में प्रत्एक दिन 30,000 रूपए दिए जाते हैं।

# कश्यप व तनीषा ताइपे ओपन में हारे

● भारत का अभियान खत्म हो गया



**भाषा।** ताइपे

**तीसरे वरीय** पारूपल्ली कश्यप और तनीषा क्रास्टो के शुक्रवार को यहां क्रमश: एकल और युगल स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में करीबी हार से ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान खत्म हो गया। कश्यप का सुपर 200 टूर्नामेंट में शानदार सफर मलेशिया के सूंग जू वेन से 55 मिनट तक चले मुकाबले में 12-21 21-12 17-21 की हार से समाप्त हो गया। तनीषा के लिए भी दिन निराशाजनक रहा जिन्हें मिश्रित और महिला युगल स्पर्धा दोनों में पराजय का सामना करना पड़ा। तनीषा और ईशान भटनागर की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 32 मिनट तक चले मिश्रित युगल के मैच में मलेशिया की हू पांग रोन और तोह एई वेई से 19-21 12-21 से शिकस्त मिली। दुबई में जन्मी 19 साल की तनीषा ने फिर अपनी महिला युगल जोड़ीदार श्रुति मिश्रा के साथ मिलकर प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को कड़ी चुनौती दी लेकिन वे निग सिज याऊ और सांग हियू यान की छठी वरीय जोड़ी को हरा नहीं सकीं।

## पाकिस्तान की हालिया जीत 1987 में भारत के खिलाफ मिली की तरह : रमीज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने गॉल टेस्ट में श्रीलंका के खिलाफ हालिया जीत को 1987 में भारत के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में मिली ऐतिहासिक जीत के बराबर करार देते हुए टीम की तारीफ की। पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में जीत के लिए मिले 342 रन के लक्ष्य को मैच के पांचवें दिन हासिल कर इतिहास रच दिया। टीम ने गॉल में चौथी पारी में सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के साथ श्रृंखला में ।-0 की बढ़त कायम की। रमीज ने पाकिस्तान के एक समाचार चैनल से कहा, मुश्किल परिस्थितियों के दृष्टिकोण से मैं कहूंगा कि लक्ष्य का पीछा करने के मामले में यह पाकिस्तान की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट जीत में से एक है।

## मैकुलम ने स्टोक्स के वनडे से संन्यास लेने के फैसले का समर्थन किया



**लंदन।** इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑलराउंडर बेन स्टोक्स के वनडे से संन्यास लेने के फैसले को पूरी तरह सकारात्मक नजरिए से देखते हैं लेकिन वह इसको लेकर सुनिश्चित नहीं है कि क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए कहीं यह चलन नहीं बन जाए। विश्व कप 2019 के फाइनल के नायक स्टोक्स ने सोमवार को वनडे से संन्यास लेने की घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। उन्होंने कहा था कि तीनों प्रारूपों में खेलना उनके लिए असंभव है। मैकुलम से जब पूछा गया कि क्या वह स्टोक्स के फैसले से खुश हैं तो उन्होंने कहा, हां मैं उनके फैसले से खुश हूं। मैकुलम से यह भी पूछा गया कि क्या स्टोक्स का कदम दुनिया के अन्य खिलाड़ियों के लिए भी चलन बन जाएगा। इस पर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या कम है। वह (स्टोक्स) ऐसा फैसला कर सकता था लेकिन यह व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए समय की मांग भी थी और उन्होंने टेस्ट कप्तान की अपनी भूमिका को प्राथमिकता में रखा।

## आस्ट्रिया को हराकर जर्मनी महिला यूरो के सेमीफाइनल में

**लंदन।** जर्मनी ने अलेक्सांद्रा पोप के गोल की मदद से आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चोटिल होने के कारण पिछली दो चैंपियनशिप में नहीं खेल पाने वाली पोप का यह चार मैचों में चौथा गोल है। आस्ट्रिया के खिलाफ टीम की कप्तानी कर रही पोप ने 90वें मिनट में जर्मनी के लिए दूसरा गोल करके उसकी जीत सुनिश्चित की। इससे पहले उन्होंने 25वें मिनट में लिना मैगुल को गोल करने में मदद पहुंचाई थी। आठ बार के यूरोपीय चैंपियन जर्मनी ने 2016 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जर्मनी सेमीफाइनल में फ्रांस या नीदरलैंड से भिड़ेगा।

# ऑस्ट्रेलिया को मजबूत नही मानूंगी: मंधाना



**भाषा।** बेंगलुरु

**राष्ट्रमंडल खेलों** में पहली बार शामिल किए गए महिला क्रिकेट के शुरुआती मुकाबले में भारतीय टीम के सामने पांच बार की टी20 विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया की चुनौती होगी लेकिन अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इस प्रतिद्वंद्वी को मजबूत मानने से इनकार कर दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारत राष्ट्रमंडल खेलों में अपने अभियान को 29 जुलाई को शुरू करेगा। मंधाना ने कहा कि टीम ने अपने हर प्रतिद्वंद्वी के लिए योजनाएं बनाई है। इंग्लैंड रवाना होने से पहले उन्होंने यहां ऑनलाइन मीडिया सत्र में कहा, हमने कई टूर्नामेंटों के शुरूआती मैचों में ऑस्ट्रेलिया का सामना किया है। भारतीय उपकप्तान ने कहा, टी20 टूर्नामेंट में कोई भी टीम किसी भी को मात दे सकती है। मैं ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ी टीम कह कर उन्हें इसके बारे में अच्छा महसूस नहीं कराना चाहूंगी। निश्चित रूप से हमारे दिमाग में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और बारबाडोस के मैच महत्वपूर्ण हैं। हम इन सभी मैचों को जीतना चाहेंगे। भारत को इस साल के शुरुआत में टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

## राष्ट्रमंडल खेलों के लिए महिला क्रिकेट टीम के छह सदस्यों को वीजा का इंतजार

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम मे होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रवाना होने मे 48 घंटे से कम समय रह गया है लेकिन भारतीय महिला क्रिकेट दल की छह सदस्यो को अभी तक वीजा नही मिला है। महिला क्रिकेट राष्ट्रमंडल खेलो मे पदार्पण कर रहा है। भारतीय टीम इस समय बेगलुरू मे ट्रेनिंग कर रही है और उसे रविवार को बर्मिंघम के लिए रवाना होना है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) इस मुद्दे पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संपर्क मे है। आईओए सूत्र ने पीटीआई से कहा, कुछ वीजा आज मिल गए लेकिन अभी छह वीजा मिलने बाकी है जिसमे तीन खिलाड़ियों और तीन खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के है। बाकी वीजा कल तक आ जाने चाहिए। वैसे भी हमारा इस प्रक्रिया मे कोई नियंत्रण नही है। गर्मियो के कारण व्यस्तता है और ब्रिटेन का वीजा मिलने मे समय लग रहा है। वही खिलाड़ियों की किट भी बेगलुरू नही पहुंची है लेकिन आईओए अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शनिवार तक ए पहुंच जाएंगी। बीसीसीआई ने 28 जुलाई से शुरू होने वाले खेलो के लिए 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की थी।

# तेजस्विन को आईओए के निवेदन पर खेलेने की मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय ओलंपिक संघ** (आईओए) के अनुरोध पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने शुक्रवार को उंची कूद खिलाड़ी तेजस्विन शंकर को आगामी बर्मिंघम खेलों में भाग लेने की अनुमति दे दी। पिछले एक महीने से उनकी भागीदारी को लेकर संशय था। आयोजकों ने शुरू में तेजस्विन के देर से हिस्सा लेने की अर्जी को खारिज कर दिया था। आईओए को अब राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजकों से उनके प्रवेश की स्वीकृति मिल गई है। इसकी पुष्टि प्रतिनिधि पंजीकरण बैठक (डीआरएम) के बाद हुई। आईओए से जारी बयान के मुताबिक, तेजस्विन शंकर की प्रविष्टि को सीजीएफ द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसे डीआरएम के दौरान राष्ट्रमंडल खेल बर्मिंघम 2022 के खेल प्रवेश विभाग द्वारा स्वीकार किया गया है। तेजस्विन के अलावा धाविका एमवी जिलना को भी भारतीय दल में शामिल करने की मंजूरी मिल गई है। चार गुणा 100 मीटर रिले टीम की इस सदस्य को भारतीय एथलेटिक्स संघ ने पहले 37वें सदस्य के तौर पर टीम में शामिल किया था लेकिन आईओए ने 36 खिलाड़ियों से अधिक की मंजूरी नहीं दी थी। एएफआई के अधिकारियों ने इससे पहले पीटीआई-भाषा को बताया था कि जिलना को सेकर धनलक्ष्मी की जगह टीम में शामिल किया जाएगा। धनलक्ष्मी को 100 मीटर दौड़ के अलावा चार गुणा 100 मीटर रिले टीम में स्पर्धा करनी थी लेकिन वह डोप जांच में विफल रही